दैनिक नवप्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | आंचलिक 11 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, सोमवार 19 फरवरी 2024, वर्ष-13 अंक- 13 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

आज बेबाक

लालटेन वाले बाबा वाकई बहुत ही बडे वाले आशावादी है। वे अभी भी मुंगेरीलाल की तरह यह हसीन सपना देख रहे है कि उनका साथ छोड़ने वाले नीतीश कुमार फिर उनसे हाथ मिला लेंगे। लालू ने बयान दिया है कि नीतीश कुमार के लिए राष्ट्रीय जनता दल के दरवाजे हमेशा खुले है। लालू और उनके लालो को यह बात समझनी चाहिए कि पार्टी का दरवाजा खुला रखना उनपर भारी पड़ सकता है। चोर पर भी मोर पड़ सकते है। वे दरवाजा खुला रखकर नीतीश कुमार का इंतिजार करते रहे और उनकी पार्टी के विधायक ही खूंटा तोड़कर भाग खड़े हो।

100 दिन अहम, हमें सबका विश्वास करना है हासिल: मोदी

रवीन्द्र मिश्र

नई दिल्ली/नवप्रदेश। भारत मंडपम में रविवार को भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 में राजग को 400 पार करने के लिए भाजपा को 370 का लक्ष्य हासिल करना पड़ेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए 100 दिन का टास्क तय करते हुए कहा कि अगले 100 दिन में हर नए मतदाता, हर लाभार्थी तक पहुंचना है। उन्होंने कहा, %हमें हर किसी का विश्वास हासिल करना है।% साथ ही, प्रधानमंत्री ने विपक्ष पर जमकर निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि विपक्ष के लोग योजनाओं को पूरा नहीं कर पाते ■ शेष पृष्ठ 6 पर

कांग्रेस नासूरों को जगह दिलाने लड़ रहे: शाह

भाजपा के सम्मेलन में गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बीते 10 साल के शासन के दौरान देश को गरीबी, भ्रष्टाचार, जातिवाद, परिवारवाद और तुष्टीकरण से मुक्ति दिलाने का काम किया है, जबकि आगामी लोकसभा चुनावों में कांग्रेस एवं इंडी गठबंधन इन्हीं नासूरों को फिर से देश में जगह दिलाने के लिए लड़ रहे हैं। शाह ने कहा कि पीएम मोदी ने अपने आचरण एवं कार्यों से देश की जनता को सार्वजनिक हीनभावना से बाहर निकाला और गुलामी की मानसिकता से मुक्ति दिलायी है। विकास को केन्द्र में रख कर पॉलिटिक्स ऑफ परफॉर्मेंस' यानी कार्यप्रदर्शन की राजनीति को स्थापित किया है। शाह यहां भारत मंडपम में भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन के दूसरे दिन भाजपा देश की आशा और इंडी गठबंधन, कांग्रेस की हताशा, प्रस्ताव को प्रस्तुत करते हुए यह बात कही। इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी, भाजपा के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, सड़क ■ शेष पृष्ठ 6 पर

छत्तीसगढ़-मध्यप्रदेश में आधे दिन का राजकीय शोक

रायपुर/भोपाल/नवप्रदेश। विश्व प्रसिद्ध जैन संत आचार्यश्री विद्यासागर महामुनिराज के निधन पर मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ सरकार ने आधे दिन का राजकीय शोक घोषित किया है। आधिकारिक जानकारी में सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा कि परम पूज्य संत 108 आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज का समाधि पूर्वक देहविलय जैन समाज के साथ ही राष्ट्र के लिए अपूरणीय क्षति है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शोक व्यक्त करते हुए पवित्र आत्मा के सम्मान में राज्य सरकार द्वारा आधे दिन का राजकीय शोक रखा गया है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश शासन की ओर से कैबिनेट मंत्री चेतन्य कश्यप महाराज श्री की अंतिम यात्रा में सम्मिलित होंगे।

करेरा के जंगल में मिली सैकड़ों की संख्या में मृत गाएं

शिवपुरी, (वार्ता)। मध्यप्रदेश के शिवपुरी जिले के करेरा के ग्राम सिलारपुर के निकट जंगली क्षेत्र में एक साथ सैकड़ों गायों के शव मिलने से इस क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा इस मामले की जांच कराई जा रही है। सिलारपुर ग्राम पंचायत के सरपंच अरविंद लोधी के अनुसार ग्रामीणों ने कल एक साथ इतनी बड़ी संख्या में गायों के शव देख तो पूरे क्षेत्र में हड़कंप की स्थिति पैदा हो गयी। तत्काल इसकी सूचना जिला प्रशासन एवं पुलिस को दी गयी। उन्होंने बताया कि इन गायों में कुछ ऐसी भी है जो जिंदा हैं, लेकिन उठ नहीं पा रही हैं और धीरे-धीरे दम तोड़ रही है। पूरी जांच के बाद स्थिति स्पष्ट होगी। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इस पूरे मामले की जांच कराई जा रही है।

खड़गे से मिले चंपई सोरेन

नई दिल्ली (वार्ता)। झारखंड के नवनियुक्त मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने रविवार को यहां कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे से मुलाकात की और इस दौरान कांग्रेस के झारखंड के प्रभारी जी ए मीर तथा प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर भी मौजूद रहे। श्री खडगे ने एक्स पर कहा, झारखंड के मुख्यमंत्री चम्पई सोरेन, कांग्रेस के झारखंड के प्रभारी जी ए मीर और प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर आज मेरे आवास पर मुझसे मुलाकात करने आये। बैठक के बाद श्री सोरेन ने पत्रकारों से कहा कि 16 फरवरी को अपने मंत्रिमंडल का विस्तार करने के बाद वह पहली बार आज दिल्ली आए और श्री खडगे से शिष्टाचार भेंट करने उनके घर पर आए हैं।

चंडीगढ़ में किसान नेताओं से चौथे दौर की बैठक

चंडीगढ़, (एजेंसी)। केंद्रीय मंत्रियों ने पंजाब के प्रदर्शनकारी किसानों के साथ रविवार को एक बार फिर बातचीत शुरू की। केंद्र सरकार की ओर से केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, अर्जुन मुंडा और नित्यानंद राय किसान नेताओं से मिलने के लिए रविवार को दिल्ली से चंडीगढ़ पहुंचे। बता दें कि किसानों और सरकार के बीच रविवार, को यह चौथे दौर की वार्ता हुई है। इस दौरान वहां पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, मुख्य सचिव अनुराग वर्मा और पुलिस महानिदेशक गौरव यादव भी मौजूद रहे।

विश्व प्रसिद्ध जैन मुनि आचार्य श्री विद्यासागर महाराज ने त्यागा शरीर

■ तीन दिनों से अन्न-जल त्याग दिया था और उपवास पर थे

डोंगरगढ़/रायपुर/नवप्रदेश। प्रसिद्ध जैन मुनि आचार्य श्री विद्यासागर महाराज ने छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले में डोगरगढ़ के चंद्रगिरी में बीती रात्रि शरीर त्याग दिया और ब्रम्हलीन हो गए। मिली जानकारी के अनुसार जैन मुनि आचार्य श्री विद्यासागर महाराज राजधानी रायपुर से लगभग 100 किमी दूर डोगरगढ़ के चंदगिरी में पिछले छह माह से रूके हुए थे। वह काफी दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। तीन दिनों से उन्होंने अन्न-जल त्याग दिया था और उपवास पर थे। रात्रि में लगभग ढ़ाई बजे उन्होंने शरीर का त्याग किया। आचार्य जी का जन्म 1946 में कर्नाटक के बेलगाम जिले में हुआ था। उन्होंने दीक्षा राजस्थान में ली थी। वे जैन समाज के शीर्षस्थ मुनियों में थे। वे हिन्दी और कन्नड़ सहित कई भाषाओं के जानकार थे।

सीएम साय ने किया शोक व्यक्त

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मुनिश्री के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए सोशल साइट एक्स पर कहा कि छत्तीसगढ़ सहित देश-दुनिया को अपने ओजस्वी ज्ञान से पल्लवित करने वाले आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज को देश और समाज के लिए किए गए उल्लेखनीय कार्य, उनके त्याग और तपस्या के लिए युगों-युगों तक स्मरण किया जाएगा।

शिक्षा-संस्कार हमें प्रेरित करते रहेंगे: डॉ. रमन सिंह

छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने शोक व्यक्त करते हुए सोशल साइट एक्स पर कहा कि मुझे कई बार विद्यासागर ■ शेष पृष्ठ 6 पर

विद्यासागर महाराज का ब्रह्मलीन होना देश के लिए अपूरणीय क्षति: पीएम मोदी

नई दिल्ली(वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कहा कि आचार्य विद्यासागर जी महाराज का ब्रह्मलीन होना देश के लिए एक अपूरणीय क्षति है, लोगों में आध्यात्मिक जागृति के लिए उनके बहूमूल्य प्रयास सदैव स्मरण किए जाएंगे। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट किया कि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज जी का ब्रह्मलीन होना देश के लिए एक अपूरणीय क्षति है। लोगों में आध्यात्मिक जागृति के लिए उनके बहुमूल्य प्रयास सदैव स्मरण किए जाएंगे। वे जीवनपर्यंत गरीबी उन्मूलन के साथ-साथ समाज में स्वास्थ्य और शिक्षा को बढ़ावा देने में जुटे रहे। यह मेरा सौभाग्य है कि मुझे निरंतर उनका आशीर्वाद मिलता रहा। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले वर्ष ■ शेष पृष्ठ 6 पर

अंतिम दर्शन करने जा रहे थे, कार नदी में गिरी, 3 की मौत

डोंगरगढ़/नवप्रदेश। राजनांदगांव जिले में डोंगरगढ़ के पास एक कार नदी में गिर गई। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। मृतक तीनों एमपी के सतना जिले के निवासी बताए गए हैं। वे जैन मुनि विद्यासागर जी महाराज के अंतिम दर्शन करने सतना से डोंगरगढ़ के पास चंद्रगिरी पर्वत जाने के लिए निकले थे। हादसे के वक्त कार में 6 लोग सवार थे उनमें से 3 सुरक्षित बताए जा रहे हैं। मिली जानकारी के मुताबिक, जैन मुनि विद्यासागर जी महाराज के समाधि लेने की खबर के आने बाद उनके अंतिम दर्शन के लिए सतना से जैन समाज के 6 लोग रविवार सुबह कार से चन्द्रगिरी रवाना हुए थे। दोपहर करीब 12 बजे उनकी कार छत्तीसगढ़ के डोंगरगढ़ के पास दुर्घटना का शिकार हो गई। बताया जा रहा है कि, इस हादसे में कार ■ शेष पृष्ठ 6 पर

राहुल ने डबल इंजन सरकार को बताया बेरोजगारी की डबल मार

नई दिल्ली (वार्ता)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के डबल इंजन सरकार के नारे पर वार करते हुए आज कहा कि मोदी राज में बेरोजगारी चरम पर है और डबल इंजन सरकार का मतलब बेरोजगारी की डबल मार हो गया है। श्री गांधी ने मोदी सरकार पर हमला करते हुए आज यहां जारी एक बयान में कहा, डबल इंजन सरकार मतलब बेरोज़गारों पर डबल मार। आज बेरोज़गारी की बीमारी से उत्तर प्रदेश का हर तीसरा युवा ग्रसित है। जहां डेढ़ लाख से अधिक सरकारी पद खाली हैं, वहां न्यूनतम योग्यता वाले पदों के लिए भी ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट और पीएचडी होल्डर्स लाइन लगा कर खड़े हैं। उन्होंने कहा, पहले तो भर्ती निकलना एक सपना है, भर्ती निकले तो पेपर लीक, पेपर हुआ तो रिजल्ट का पता नहीं और लंबे इंतजार के बाद रिजल्ट आने पर भी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

अमेरिका की भारत-प्रशांत रणनीति क्षेत्रीय शांति के लिए खतरा उत्पन्न कर रही है

सोल, (वार्ता)। अमेरिका की भारत-प्रशांत रणनीति भूराजनीतिक टकराव को जन्म दे रही है और इससे क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के लिए खतरा उत्पन्न हो रहा है। द. कोरिया की न्यूज एजेंसी कोरियाई सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) द्वारा रविवार को प्रकाशित एक लेख में ये बातें कही गयी हैं। द. कोरिया के विदेश मंत्रालय के अमेरिकी अध्ययन संस्थान के एक शोधकर्ता री जी वोन के लेख में कहा गया है कि रणनीति के शुरू के दो साल बाद वर्तमान स्थिति यह है कि अमेरिकी बिडेन प्रशासन द्वारा बनाये गये स्वतंत्र, खुले, समृद्ध एवं स्थिर (भारत-प्रशांत) क्षेत्र के निर्माण में बेरुखी को दिखाई दे रही है। लेख में कहा गया है कि अमेरिका की भारत-प्रशांत रणनीति ने क्षेत्र में स्वतंत्रता के बजाय टकराव को जन्म दे दिया है, क्योंकि इसका प्राथमिक मिशन स्वतंत्र अमेरिका के विरोधी देशों को रोकना है। लेख के अनुसार अमेरिका की भारत-प्रशांत रणनीति ने क्षेत्र में स्थिरता लाने के बजाय अस्थिरता और युद्ध का खतरा पैदा कर दिया है। लेख में ■ शेष पृष्ठ 6 पर

कमल नाथ की उपेक्षा पर गुलाम नबी ने कांग्रेस लीडरशिप पर उठाई ऊंगली

नई दिल्ली/भोपाल। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कमल नाथ एवं उनके छिंदवाड़ा से सांसद बेटे नकुल नाथ के भाजपा में शामिल होने की अटकलें आज दिनभर जारी रही। इसी बीच डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी के अध्यक्ष व जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद ने भी कमल नाथ की उपेक्षा को लेकर बयान दिया है। गुलाम नबी ने कहा कि मुझे ये नहीं मालूम कि कहां जाएंगे, लेकिन कांग्रेस से वरिष्ठ नेताओं का पार्टी छोड़कर जाना दिखाता है कि कांग्रेस का नेतृत्व नहीं समझता है कि जिन लोगों ने कांग्रेस बनाई है उनको इस तरह भागने पर मजबूर ना करे। मुझे नहीं लगता कि उनको कोई फिक्र है कि कोई आए या जाए।

एनआईए की बड़ी कार्रवाई

लिट्टे को फिर से खड़ा करने वाले 14वें आरोपी के खिलाफ आरोप पत्र दायर

चेन्नई, (वार्ता)। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने प्रतिबंधित लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम (एलटीटीई) के श्रीलंका और भारत में फिर से सक्रिय होने से संबंधित एक मामले में एक और आरोपी के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया है। एनआईए की ओर से जारी बयान में यह जानकारी दी गयी है। एनआईए कोच्चि शाखा द्वारा यहां पूनामल्ली में बम विस्फोट मामलों की विशेष सुनवाई के लिए एनआईए मामलों की विशेष अदालत/सत्र न्यायालय के समक्ष शनिवार शाम को आरोपपत्र दायर किया गया। लिंगम.ए उर्फ आदिलिंगम इस मामले में 14वां आरोपी है, जिसके खिलाफ आरोपपत्र दायर किया गया है। इस मामले में अब तक 16 लोगों को आरोपी बनाया गया है। आदिलिंगम पर नशीले पदार्थों और हथियारों के अवैध व्यापार के माध्यम से प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन को पुनर्जीवित करने की साजिश रचने और काम करने का आरोप लगाया गया है। उसने मादक पदार्थों की बिक्री से ■ शेष पृष्ठ 6 पर

राजकोट में रचा इतिहास, टेस्ट में सबसे बड़ी जीत, सीरीज में 2-1 की बढ़त

राजकोट/वार्ता। भारत ने तीसरे टेस्ट मैच में यशस्वी जयसवाल के नाबाद दोहरे शतक और उसके बाद रवींद्र जडेजा के 41 रन देकर पांच विकेट की शानदार गेंदबाजी की बदौलत इंग्लैंड को चौथे दिन रविवार को रिकार्ड 434 रनों से हरा दिया है। दूसरी पारी में 557 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड ने रवींद्र जडेजा और कुलदीप यादव की फिरकी गेंदबाजी के आगे घुटने टेक दिये और पूरी टीम 39.4 ओवरों में 122 रन पर सिमट गई। उसके छह बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके।

स्कोर	टीम	स्थान	साल
434	इंग्लैंड	राजकोट	2024
372	न्यूजीलैंड	मुंबई	2021
337	द. अफ्रीका	दिल्ली	2015
321	न्यूजीलैंड	इंदौर	2016
320	ऑस्ट्रेलिया	मोहाली	2008

टेस्ट में भारत की अब तक सबसे बड़ी जीत : राजकोट में खेले गए टेस्ट मुकाबले में भारत ने सबसे बड़ी जीत दर्ज की है। इससे पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ 2021 में खेले गए मैच में भारत ने 372 रन से जीत दर्ज की थी। वहीं, 2015 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत ने 337 रन से मुकाबला ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

पलटवार — नक्सलियों के आधार क्षेत्र में फोर्स के बढ़ते दखल से बौखलाहट है

शांतिवार्ता के बीच सीएएफ कमांडर की नक्सलियों ने की हत्या

बीजापुर/नवप्रदेश। बीजापुर में शांति वार्ता के प्रस्ताव के बीच नक्सलियों ने सीएएफ के कंपनी कमांडर की हत्या कर दी है। वे कुटरू के दरभा कैम्प में कंपनी कमांडर के पद पर पदस्थ थे। मृतक तिजाउ राम भुआर्य की हत्या आज रविवार को सुबह की गई है। इस घटना की पुष्टि बीजापुर एसपी जितेंद्र यादव ने की है। सीएएफ के कंपनी कमांडर को नक्सलियों ने कुल्हाड़ी से मार-मार कर मौत के घाट उतार दिया है। प्रदेश में सरकार बदलते ही सत्तासीन भाजपा सरकार नक्सलियों के खिलाफ अब आरपार की रणनीति के तहत काम करने लगी है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और गृह मंत्री विजय शर्मा भी इस बात का पहले ही संकेत दे चुके हैं और शायद यही वजह है कि नक्सलियों को कमजोर करने के लिए उनके आधार क्षेत्र में तेजी से कैंप खोले जा रहे हैं।

अस्तित्व बचाने में लगे हैं नक्सली

दूसरी तरफ अपने आधार क्षेत्र में फोर्स के बढ़ते दखल को देखते हुए नक्सली भी अपने अस्तित्व को बचाने में लगे हुए हैं। वहीं सरकार की इसी रणनीति के तहत दो दिनों में सुरक्षा बल के जवानों ने मोस्ट वांटेड नक्सली कमांडर हिड़मा और नया बटालियन चीफ बारसे देवा के गांव पूवर्ती में कैंप स्थापित कर हिड़मा और नक्सलियों के आधार वाले इलाके को अपने कब्जे में ले लिया है।

हिड़मा 2001 से नक्सलियों से जुड़कर काम कर ■ शेष पृष्ठ 6 पर

नक्सल कमांडरों के गांव अब फोर्स के कब्जे में

सुरक्षा बल के जवानों ने हिड़मा के गांव पूवर्ती को अपना टेक्निकल हेड क्वार्टर बनाया है। जहां से अब सुकमा बीजापुर और तेलंगाना की सीमाओं पर नक्सलों के खिलाफ ऑपरेशन चलाए जाएंगे। हिड़मा को सीसी मेंबर बनाए जाने के बाद नक्सलियों का नया बटालियन चीफ बारसे देवा भी पूवर्ती का ही निवासी है, जिसके चलते उस इलाके को अब सुरक्षा बल के जवानों ने अपने कब्जे में ले लिया है।

टेक्निकल हेड क्वार्टर बनाया गया

एक तरफ प्रदेश के डिप्टी सीएम विजय शर्मा की पहल के बाद नक्सलियों की ओर से शांति वार्ता के लिए सशर्त जवाब आया है। तो वहीं दूसरी ओर नक्सलियों के मोस्ट वांटेड नक्सली कमांडर हिड़मा के किले में इस समय सुरक्षा बल के जवानों ने कब्जा कर लिया है। माना जाता है कि, यह इलाका हिड़मा के साथ-साथ नक्सलियों का आधार वाला इलाका है। जहां सुरक्षा बल के जवानों का प्रवेश ही मौत को दावत देने के समान है।

किसान आंदोलन : बॉर्डर पर पुलिस, स्थिति सामान्य, नहीं मिल रहा सभी संगठनों का साथ

नोएडा/नवप्रदेश। पंजाब और हरियाणा बॉर्डर पर एक तरफ किसानों से घमासान चल रहा है। बातचीत की कोशिश असफल हो रही है, पुलिस को आंसू गैस और बल का प्रयोग करना पड़ रहा है, तो दूसरी तरफ नोएडा और गाजियाबाद बॉर्डर पर पुलिस बल तो तैनात है, लेकिन स्थिति सामान्य है। इसकी सबसे बड़ी वजह है कि इस बार किसान आंदोलन को सभी किसान संगठनों का पूर्ण रूप से समर्थन प्राप्त नहीं है। इसीलिए हर बॉर्डर पर वह जोर दिखाई नहीं दे रहा है।

किसान आंदोलन को लेकर नोएडा और गाजियाबाद बॉर्डर पर भले ही पुलिस बल मौजूद हो, लेकिन पहले की तरह सख्ती देखने को नहीं मिल रही है। यातायात भी सामान्य रूप से चल रहा है। संयुक्त किसान मोर्चा और भारतीय किसान यूनियन ने भारत बंद का आह्वान किया था, लेकिन इसका खास असर देखने को नहीं मिला था। एहतियात के तौर पर नोएडा और गाजियाबाद के बॉर्डर पर पुलिस बल तैनात है। बैरिकेडिंग रखी गई है, पैरामिलिट्री फोर्सेस को तैनात किया गया है, लेकिन टकराव की स्थिति देखने को नहीं मिली है।

भारतीय किसान यूनियन के नेता चौधरी राकेश टिकैत के कई बयान सामने आए, जिनके मुताबिक उन्होंने बॉर्डर पर आंदोलन कर रहे किसानों को अपने समर्थन देने की बात जरूर कही है, लेकिन उन्हें धैर्य रखने को कहा है

और भारतीय किसान यूनियन की भूमिका इस आंदोलन को लेकर सकारात्मक नहीं दिखाई दे रही है। इस मुद्दे पर भारतीय किसान यूनियन के पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष पवन खटाना ने बताया कि सभी किसान संगठनों की अलग-अलग मांगे हैं, जिनको लेकर वह अपना प्रदर्शन करते रहते हैं। हम एक दूसरे से जुड़े जरूर हैं, लेकिन कई मुद्दों पर विचारधाराएं अलग हैं, इसीलिए जब संयुक्त किसान मोर्चा और भारतीय किसान यूनियन एक साथ मिलकर किसी मुद्दे पर आंदोलन करता है, तो हम अग्रणी भूमिका में रहते हैं। फिलहाल किसान आंदोलन के चलते आम लोगों को दिक्कतें तो हुई, लेकिन बीते कई आंदोलन की तरह लोगों को बहुत ज्यादा यातायात संबंधी या अन्य दिक्कतों से जूझना नहीं पड़ा।

इस बार पुलिस ने पहले ही कई किसान नेताओं को उनके घर में नजर बंद भी कर दिया था और यह साफ तौर पर संदेश था कि किसी तरीके का उपद्रव और बवाल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

न्यूज गैलरी

टीएमसी प्रतिनिधिमंडल करेगा संदेशखाली का दौरा, शिबू हाजरा गिरफ्तार

नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले का संदेशखाली करीब एक महीने से चर्चा में है। टीएमसी नेता शाहजहां शेख, शिबू हाजरा समेत अन्य नेताओं के खिलाफ कई महिलाओं द्वारा यौन शोषण के आरोपों पर विरोध प्रदर्शन हुआ। अब बंगाल पुलिस ने शिबू हाजरा को गिरफ्तार किया है। इस बीच टीएमसी का एक प्रतिनिधिमंडल रविवार को संदेशखाली का दौरा करेगा। इस प्रतिनिधिमंडल में ममता सरकार के तीन मंत्री भी शामिल होंगे। संदेशखाली मामले में शिबू हाजरा की गिफ्तारी बड़ी बात है। शिबू हाजरा को संदेशखाली मामले के मास्टरमाइंड शाहजहां शेख का करीबी माना जाता है। शाहजहां शेख की गिरफ्तारी की मांग को लेकर उतरी महिलाओं को जब शिबू हाजरा और उनके समर्थकों ने धमकाया था तो महिलाओं ने उसके अवैध पोल्ट्री फार्म में आग लगा दी थी। अब पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया है। संदेशखाली मामले में दर्ज एफआईआर में सामूहिक दुष्कर्म की धारा जोड़े जाने के बाद शिबू हाजरा को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। शिबू हाजरा को नजात से गिरफ्तार किया है। शिबू हाजरा के ऊपर यौन उत्पीड़न के साथ धमकाने और जमीन कब्जाने के भी आरोप हैं। शिबू हाजरा पर आरोप है कि उसने अवैध पोल्ट्री फार्म सरकारी जमीन के अलावा ग्रामीण लोगों की जमीन पर बना रखे थे। बता दें कि 5 जनवरी को प्रवर्तन निदेशालय (श्वष्ठ) ने करोड़ों रुपये के राशन वितरण घोटाले में संदेशखली में टीएमसी नेता शाहजहां शेख के आवास पर छापा मारा था। इलाके में शाहजहां के लोगों ने न केवल ईडी अधिकारियों को उसके घर में जाने से रोका, बल्कि शहर से लगभग 74 किमी दूर उनके साथ मारपीट भी की। शाहजहां जिला परिषद का सदस्य भी हैं।

सेल्वापेरुन्थागई बने टीएनसीसी के अध्यक्ष

चेन्नई। तमिलनाडु में एक आश्चर्यजनक घटनाक्रम में कांग्रेस आलाकमान ने आगामी लोकसभा चुनाव से पहले अपने विधायक दल के नेता के. सेल्वापेरुन्थागई को प्रदेश कांग्रेस समिति (टीएनसीसी) का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है। श्री सेल्वापेरुन्थागई मौजूदा टीएनसीसी प्रमुख के.एस. अलागिरी का स्थान लेंगे। वर्ष 2019 में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष का पदभार संभालने वाले श्री अलागिरी और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं ने कहा कि वे पार्टी के नए राज्य प्रमुख को पूरा सहयोग देंगे। सीएलपी के उपनेता राजेश कुमार को श्री सेल्वापेरुन्थागई के स्थान पर विधानसभा में विधायक दल का नेता बनाया गया है। गौरतलब है कि प्रदेश कांग्रेस में बदलाव की खबरें काफी समय से आ रही थी, लेकिन लेकिन पार्टी इससे इनकार कर रही थी। लोकसभा चुनावों के कार्यक्रम की घोषणा नजदीक आने के साथ ही श्री सेल्वापेरुन्थागई को इस पद पर नामांकित करके पार्टी ने सबको आश्चर्यचकित कर दिया है।

जम्मू-कश्मीर के ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर में रविवार को मैदानी इलाकों में हल्की बारिश होने के साथ ही ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी शुरू हो गई। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने रविवार से बुधवार तक केंद्र शासित प्रदेश में व्यापक बारिश और बर्फबारी की भविष्यवाणी की है। श्रीनगर में न्यूनतम तापमान 5.8, गुलमर्ग में माइनस 1.4 और पहलगाम में 2.5 डिग्री रहा। लद्दाख क्षेत्र के लेह शहर में न्यूनतम तापमान माइनस 1.5 और कारगिल में 2.8 डिग्री दर्ज किया गया। जम्मू शहर में न्यूनतम तापमान 13, कटरा में 11.8, बटोटे में 8.1, भद्रवाह में 2.4 और बनिहाल में 7 डिग्री रहा।

महीनों की संवादहीनता के बाद म्यूनिख में चीनी विदेशमंत्री के साथ जयशंकर की बातचीत

नई दिल्ली। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और उनके चीनी समकक्ष वांग यी ने म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन से इतर एक संक्षिप्त बातचीत की है। यह बातचीत शनिवार को तब हुई, जब जयशंकर एक पैनल चर्चा के लिए मंच पर जा रहे थे और वांग मंच से नीचे आ रहे थे। दोनों देशों के बीच कई महीनों तक कोई संवाद न होने के बाद अचानक यह बातचीत हुई है। पिछली बार दोनों नेता जुलाई 2023 में आसियान बैठक से इतर इंडोनेशिया में मिले थे। सुरक्षा सम्मेलन, वैश्विक सुरक्षा मुद्दों पर एक वार्षिक सम्मेलन शुक्रवार को म्यूनिख में शुरू हुआ। जयशंकर पहले ही सम्मेलन से इतर ब्रिटेन के विदेश सचिव डेविड कैमरन और पेरू के विदेश मंत्री जेवियर गोंजालेज-ओलेचिया से मुलाकात कर चुके हैं।

'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के दृष्टिकोण ने असंतुलन को किया दूर'

- **'आवाम की आवाज' कार्यक्रम में उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने आत्मनिर्भर जम्मू-कश्मीर के निर्माण के लिए सामाजिक न्याय प्रदान करने के प्रयासों पर प्रकाश डाला।**

जम्मू (वार्ता)। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने रविवार को कहा कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के दृष्टिकोण ने विकासात्मक असंतुलन को दूर कर दिया है। 'आवाम की आवाज' कार्यक्रम के दौरान श्री सिन्हा ने आत्मनिर्भर जम्मू-कश्मीर के निर्माण के लिए सामाजिक न्याय प्रदान करने के प्रयासों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, भारत की आजादी के सात दशक से अधिक समय के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रदेश में सामाजिक न्याय की स्थापना की, जिससे सभी को समान अवसर और समाज के हाशिए पर रहने वाले वर्गों की भलाई तथा समृद्धि के लिए संसाधनों तक पहुंच सुनिश्चित हुई। उन्होंने कहा, कोई भी भविष्योन्मुख समाज जन-केंद्रित शासन के बिना प्रगति नहीं कर सकता है। हमारा दृष्टिकोण यह सुनिश्चित करना है कि विकास समाज के सभी वर्गों तक पहुंचे। अवसरों तक समान पहुंच के उपायों को और मजबूत किया जाए। उन्होंने कहा कि गुज्जर, बकरवाल और अन्य सूचीबद्ध जनजातियों के हितों की रक्षा करते हुए पहाड़ी, पादरी जनजाति, कोली और गड्डा ब्राह्मण को अनुसूचित जनजाति सूची में शामिल करने का ऐतिहासिक निर्णय सभी के सशक्तिकरण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

'आवाम की आवाज' कार्यक्रम के 35वें संस्करण को प्रदेश के गुमनाम नायकों और नारी शक्ति को समर्पित करते हुए उन्होंने इसकी सराहना की। उपराज्यपाल ने उचित कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश जारी किए।

'डबल इंजन सरकार मतलब बेरोजगारों पर डबल मार', राहुल गांधी ने बीजेपी पर साधा निशाना

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने आज अपनी न्याय यात्रा के दौरान बीजेपी के डबल इंजन सरकार की कामयाबी के दावों पर जमकर हमला बोला. राहुल गांधी ने बेरोजगारी के मुद्दे को लेकर दिल्ली की मोदी सरकार और यूपी में योगी की बीजेपी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, 'डबल इंजन की सरकार मतलब बेरोजगारों पर डबल मार.' आपको बताते चलें कि राहुल गांधी की न्याय यात्रा शनिवार को यूपी पहुंची थी. जहां बाबा विश्वनाथ के दर्शन के दौरान कैमरा न ले जाने को लेकर कांग्रेस पार्टी के कई नेताओं ने 'कैमराजीवी' कहते हुए निशाना साधा था. राहुल ने 'एक्स' पर लिखे अपने एक पोस्ट में दावा किया कि आज बेरोजगारी नाम की बीमारी से उत्तर प्रदेश का हर तीसरा युवा ग्रसित है. जहां डेढ़ लाख से अधिक सरकारी पद खाली हैं, वहां न्यूनतम योग्यता वाले पदों के लिए भी ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट और पीएचडी धारक लाइन लगा कर खड़े हैं. पहले तो भर्ती निकलना एक सपना है, भर्ती निकले तो पेपर लीक, पेपर हुआ तो रिजल्ट का पता नहीं और लंबे इंतजार के बाद रिजल्ट आने पर भी अक्सर जॉइनिंग के लिये कोर्ट का चक्कर।'

मातम में बदली शादी की खुशियां

- **एक ही परिवार के तीन लोगों की गोली मारकर हत्या**

बेगूसराय। बिहार के बेगूसराय जिले के साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र में एक ही परिवार के तीन लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतकों में पिता, पुत्र और पुत्री शामिल है। घटना की पुष्टि बेगूसराय के पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार ने की है। मृतकों की पहचान श्रीपुर गांव निवासी उमेश यादव (60), उनके पुत्र राजेश यादव (25) और पुत्री नीलू कुमारी (21) के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार यहां एक पिता अपनी बेटी को ससुराल छोड़ने गया था, साथ में बेटे को भी लेकर गया था। बेटी के ससुराल पहुंचते ही ससुराली भड़क गए और विवाद हो गया। इस दौरान बेटी के ससुर ने तीनों को गोली मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

बताया जा रहा है कि पकड़ौआ विवाह के बाद से ससुराली नाराज थे। गांव के मुखिया सुबोध कुमार यादव ने बताया कि यह पकड़ुौआ शादी (जबरन शादी) का मामला है। इसमें लड़कों को किडनैप कर लिया जाता है और उनकी इच्छा के विरुद्ध उनकी शादी करा दी जाती है। यही वजह है कि नीलू कुमारी के ससुराल वाले शादी के दो साल बाद भी उसे अपने घर नहीं ले जा रहे थे।

पुलिस सुनिश्चित करेगी कि भविष्य में कोई भी युवा आतंकवाद में शामिल न हो : डीजीपी

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के डीजीपी आर.आर. स्वैन ने शनिवार को बताया कि पुलिस एक योजना का पालन करेगी, ताकि भविष्य में कोई भी युवा आतंकवाद में शामिल न हो।

डीजीपी ने बारामूला शहर में जन शिकायत निवारण कार्यक्रम के मौके पर पत्रकारों से बात करते हुए कहा, आने वाले दिनों में आप देखेंगे। हम यह सुनिश्चित करने के लिए एक योजना का पालन करेंगे कि जम्मू-कश्मीर में कोई भी युवा आतंकवाद में शामिल न हो। हम अपनी योजना को सफल बनाने के लिए माता-पिता, शिक्षकों, नागरिक समाज और मस्जिद प्रमुखों के संपर्क में हैं। डीजीपी ने कहा कि दाढ़ी बढ़ाने की उम्र से भी पहले युवा जब बंदूक उठाते हैं, तो वे शिकार बन जाते हैं। असली अपराधी वह हैं, जो इन युवा लड़कों के हाथों में बंदूक और पैसे थमाते हैं। हम

उन लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने जा रहे हैं, जो इन युवाओं लुभाते हैं। डीजीपी ने कहा कि पुलिस मुख्यालय से संबंधित मुद्दों को उनके द्वारा जल्दी हल किया जाता है, जबकि जांच और पूछताछ से संबंधित मुद्दों पर थोड़ा अधिक समय लगता है। उन्होने कहा नार्को-आतंकवाद एक चुनौती है, क्योंकि नशे के आदी लोग तस्करों के रूप में काम करते देखे जाते हैं। उन्होंने आगे कहा, हम युवाओं को जहर देने वाले ड्रग की आपूर्ति में शामिल मास्टरमाइंड का पीछा कर रहे हैं। जम्मू-कश्मीर पुलिस सरकार के साथ और अधिक नशा मुक्ति केंद्र बनाने का मुद्दा उठा रही है।

नेतन्याहू के खिलाफ सड़कों पर उतरे हजारों लोग, हमास संघर्ष के बीच अपने ही देश में घिरे इजरायली पीएम

नई दिल्ली। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को अब अपने देश में ही विरोध-प्रदर्शन का सामना करना पड़ रहा है। नेतन्याहू के खिलाफ यह प्रदर्शन ऐसे वक्त हो रहा है, जब हमास और इजरायल के बीच जंग छिड़ी है। राजधानी तेल अवीव में शुक्रवार को रात को हजारों लोगों ने प्रधानमंत्री नेतन्याहू सरकार के खिलाफ रैली निकाली। विरोध-प्रदर्शन में शामिल लोगों ने इजरायल में तत्काल चुनाव कराने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि सरकार केवल अपने फायदे के लिए काम कर रही है। इस दौरान कुछ प्रदर्शनकारियों ने आगजनी भी की, वहीं अन्य प्रदर्शनकारी देशभक्ति के गीत गा रहे थे और उन्होंने नेतन्याहू की आलोचना करने वाली तख्तियां पकड़ी हुई थी। हालांकि, नेतन्याहू ने देश में तुरंत विचार कराने की मांग को खारिज कर दिया है।

प्रदर्शनकारियों ने देश के एक कोने में ही नहीं, बल्कि शहर के अन्य हिस्सों में भी विरोध-प्रदर्शन किया। दूसरी जगह पर आयोजित विरोध प्रदर्शन के दौरान लोगों ने सरकार से हमास द्वारा बंधक बनाए गए नागरिकों को तुरंत रिहा करवाने के लिए और अधिक प्रयास करने की मांग की और 'बंधकों को घर लाओ' जैसे नारे लगाए।

हमास के साथ संघर्ष विराम के लिए सरकार पर दबाव बनाने के लिए लगातार इजरायल की राजधानी तेल अवीव में विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। बता दें, इजरायली के एक वर्ग में हमास मुद्दे को लेकर बहुत असंतोष है और लोग इस सारी गड़बड़ी के लिए प्रधानमंत्री नेतन्याहू को दोषी ठहरा रहे हैं। 'इजरायल को मानवीय कानूनों का ध्यान रखना चाहिए था', विदेश मंत्री एस जयशंकर का बयान नेतन्याहू ने हमास को खत्म करने की कसम खाई है। इजरायल के प्रधानमंत्री दो टूक कह चुके हैं कि जब तक हमास बंधकों की रिहाई नहीं कर देता है, तब तक सीजफायर नहीं किया जाएगा।

इजरायल लगातार हमास पर हमला कर रहा है। फिलिस्तीनी स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, इजरायल के हवाई और जमीनी हमले ने गाजा के कई हिस्सों को तबाह कर दिया है। जिसमें करीब 30 हजार के करीब लोग मारे गए हैं, जिसमें कई नागरिक शामिल हैं। इजरायली आंकड़ों के अनुसार, 7 अक्टूबर को हमास के हमले में लगभग 1,200 लोग मारे गए, जिनमें अधिकतर नागरिक थे।

हमास के आंतकियों ने 253 बंधकों को भी पकड़ लिया, हालांकि उनमें से 100 से ज्यादा को नवंबर के लास्ट में संघर्ष विराम के दौरान छोड़ दिया गया था। बता दें, हमास के 7 अक्टूबर के आतंकवादी हमले के बाद से नेतन्याहू ने जनमत सर्वेक्षणों में अपनी लोकप्रियता में गिरावट देखी है, जिसने गाजा में विनाशकारी इज़राइल-हमास युद्ध को जन्म दिया था।

विद्यासागर महाराज का समाधिपूर्वक निधन सम्पूर्ण जगत को स्तब्ध करने वाला : शिवराज सिंह

भोपाल। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज कहा कि राष्ट्र संत आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज का समाधिपूर्वक निधन का समाचार सम्पूर्ण जगत को स्तब्ध और निशब्द करने वाला है। चौहान ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट किया कि राष्ट्र संत आचार्य विद्यासागर जी महाराज का समाधिपूर्वक निधन का समाचार सम्पूर्ण जगत को स्तब्ध और निशब्द करने वाला है। मेरे जीवन में आचार्य का गहरा प्रभाव रहा, उनके जीवन का अधिकतर समय मध्यप्रदेश की भूमि में गुजरा और उनका मुझे भरपूर आशीर्वाद मिला। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि आचार्य के सामने आते ही हृदय प्रेरणा से भर उठता था। उनका आशीर्वाद असीम शांति और अनंत ऊर्जा प्रदान करता था। उनका जीवन त्याग और प्रेम का उदाहरण है आचार्य जीते जागते परमात्मा थे। उनका भौतिक शरीर हमारे बीच ना हो लेकिन गुरु के रूप में उनकी दिव्य उपस्थिति सदैव आस पास रहेगी। आचार्य शीघ्र ही परमपद सिद्धत्व को प्राप्त हों। गुरुवर के चरणों मे शत शत नमन।

न्यूज गैलरी

7 किलो सोने के गहने के साथ युवक गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर के भाटागांव स्थिति न्यू बस स्टैंड से पुलिस ने एक युवक को करीब 7 किलो सोने के जेवरों को के साथ गिरफ्तार किया है। युवक दो बैग मे गहने रखकर बस से मुंबई ले जा रहा था। चेकिंग के दौरान पुलिस ने युवक को गिरफ्तार किया है। टिकरापारा थाना क्षेत्र के भाटागांव स्थिति न्यू बस स्टैंड में चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक युवक के सामानों की जांच की तो उसके बैग से करीत सात किलोग्राम सोने के गहने बरामद हुए। जब्त गहनों की कीमत 4 करोड़ रूपए आंकी गई है। पुछताछ में युवक ने बताया कि वह कुरयिर बॉय का काम करता है तथा सोना मुंबई लेकर जा रहा था। मामले की सूचना के बाद सीजीएसटी और एसजीएसटी के अधिकारी थाने पहुंचे और आरोपी कूरियर बॉय से पूछताछ की जा रही है फिलहाल आरोपी युवक यह सोना कहां से लाया उसकी जानकारी नहीं दे पाया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

बिल्डिंग के पास खड़ी बाइक पार

रायपुर/नवप्रदेश। आर्सन दास बिल्डिंग के पास खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दी। प्रार्थी की शिकायत पर गंज पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी देवेन्द्र प्रसाद सिंह 58 वर्ष श्रीनगर गुढियारी का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एलजेड 1030 को रेलवे स्टेशन रोड स्थित आर्सन दास बिल्डिंग के पास खड़ी किया था, जिसे अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 18 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर गंज पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

नकली सामान बेचने वाला दुकान संचालक के खिलाफ जुर्म दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। गोलबाजार पुलिस ने गणेशराम नगर स्थित मिश्रा होजियरी दुकान में दबिश देकर नेत्रिका कंपनी का नकली अंडर आर्मर उत्पाद जब्त किया है। मामले में पुलिस ने दुकान संचालक के खिलाफ कार्रवाई की है। प्रार्थी दीपेश गुप्ता 31 वर्ष वेस्ट मुंबई का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि गणेशराम नगर स्थित मिश्रा होजियरी दुकान में उसकी कंपनी नेत्रिका ब्रांड का नकली अंडर आर्मर उत्पाद बेच रहा है। मामले में पुलिस ने दुकान में दबिश देकर ट्रेक पैंट 405 नग जब्त किया है। मामले में पुलिस ने आरोपी दुकान संचालक मनोज मिश्रा के खिलाफ कॉपी राइट एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है।

आलमारी से चांदी का पायल पार

रायपुर/नवप्रदेश। धनगर मोहल्ला में अज्ञात चोर घर के दीवाल फांदकर अंदर प्रवेश कर आलमारी में रखे चांदी का पायल पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। प्रार्थी लक्ष्मीनारायण धनगर 43 वर्ष धनगर मोहल्ला टिकरापारा का रहने वाला है। बताया जाता है कि अज्ञात चोर ने प्रार्थी के घर दीवाल फांदकर कमरे में प्रवेश किया और आलमारी में रखे चांदी का पायल कीमती 8 हजार रुपए चोरी कर ले गया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

सरेआम शराब पीते 27 पकड़ाए

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी पुलिस ने नशेडियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 27 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। खम्हारडीह पुलिस ने कचना नाला के पास सरेआम शराब पीते आरोपी दीपक साहू 20 वर्ष, गजेंद्र पटेल 28 वर्ष, कार्तिक यादव 25 वर्ष व धर्मेन्द्र साहू 32 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह गुढियारी पुलिस ने आरोपी ताराचंद साहू 48 वर्ष, राजेश बावनखडे 47 वर्ष, रितेश भौतिक 26 वर्ष, थानेश्वर साहू 31 वर्ष, श्याम सेंडे 48 वर्ष व तेजराम साहू 22 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं राजेन्द्र नगर थाना पुलिस ने आरोपी अंकीत शर्मा 36 वर्ष, हेमंत नाग 34 वर्ष, खिलेश कुमार चक्रधारी 23 वर्ष व विवेक ताम्रकर 36 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं खमतराई पुलिस ने आरोपी शिव प्रसाद कोल 24 वर्ष व विपिन गुप्ता 27 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह देवेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी सेमसंग सिंह 38 वर्ष, दिनदयाल पटेल 28 वर्ष व नितिन तिवारी 26 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं धरसींवा पुलिस ने आरोपी तिलक वर्मा 37 वर्ष, लोकनाथ वर्मा 32 वर्ष, अमर सिंग 30 वर्ष व उमेश सिन्हा 28 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं गोबरानवापारा पुलिस ने आरोपी दीपक यादव 23 वर्ष, गेंदलाल साहू 50 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

अवैध शराब बेचते 5 आरोपी गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी पुलिस ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों में अवैध शराब बेचते 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक बाइक, 98 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 950 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार मंदिरहसौद पुलिस ने ग्राम सेरीखेड़ी में अवैध शराब बेचते आरोपी नरेश यादव 48 वर्ष के पास से 15 पाव देशी शराब एवं बिक्री रकम 220 रुपए जब्त किया है। इसी तहर विधानसभा पुलिस ने शराब दुकान मांढर के पास अवैध शराब बेचते आरोपी चैतराम साहू 41 वर्ष, इंदरचंद लहरी 48 वर्ष व जय प्रकाश सोनवानी 32 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन लोगों के पास से एक बाइक, 70 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 530 रुपए जब्त किया है। वहीं उरला पुलिस ने आरोपी संदीप दुबे 33 वर्ष के पास से 13 पाव देशी शराब एवं बिक्री रकम 200 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

प्रदेश की नई औद्योगिक नीति कृषि और वनों पर होगी आधारित : मंत्री देवांगन

- **नई दिल्ली में आयोजित वार्षिक ग्लोबल समिट में शामिल हुए मंत्री लखन लाल देवांगन**

रायपुर/नवप्रदेश। इंडियन चैंम्बर ऑफबिजनेस एंड कॉमर्स द्वारा वार्षिक ग्लोबल समिट का आयोजन गत दिवस शनिवार को नई दिल्ली के जनपद रोड स्थित डॉ अंबेडकर ऑडिटोरियम में किया गया। वार्षिक ग्लोबल समिट ग्रामीण इकोनामिक फोरम और भारत सरकार के एमएसएमई मंत्रालय द्वारा आयोजित किया गया था। छत्तीसगढ़ राज्य के वाणिज्य उद्योग और श्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन प्रतिनिधि मंडल के साथ उक्त कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि देश के किसानों को यदि हम आत्मनिर्भर बनाएंगे तो निश्चित रूप से हमको कृषि पर आधारित उद्योगों पर फोकस करना होगा। छत्तीसगढ़ राज्य एक कृषि आधारित प्रदेश है इसीलिए इसे धान का कटोरा कहते है। छत्तीसगढ़ राज्य 44त्न वनों से पूर्ण है और निश्चित रूप से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को विकसित करने के लिए कृषि एवं वन की प्रमुखता से भागीदारी रहेगी। मंत्री श्री देवांगन ने कहा की छत्तीसगढ़ राज्य के नई औद्योगिक नीति में निश्चित रूप से कृषि उद्यानिकी एवं वनों पर आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए नीति रखी जाएगी, जिससे प्रदेश के किसानों को और आदिवासी अंचल में रहने वाले लोगों को इसका सीधा लाभ मिल सके। इससे प्रदेश के कृषि उत्पादन का मूल्य संवर्धन मे वृद्धि हो सकेगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री नारायण राणे मंत्री सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम भारत सरकार भी शामिल हुए। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि आने वाला समय डेवलपमेंट का समय है और इसे ध्यान में रखकर नीति बनानी होगी। इंडियन चैंम्बर ऑफ बिजनेस एंड कॉमर्स की यह पहल निश्चित रूप से अहम रोल अदा करेगी।

इस अवसर पर मंत्री लखन लाल देवांगन के साथ अन्य प्रतिनिधि कोरबा नगर निगम के पार्षद नरेंद्र देवांगन, के अलावा प्रफुल्ल तिवारी, नरेंद्र पाटनवार, महाप्रबंधक सीएसआईडीसी ओ.पी बंजारे भी उपस्थित रहे।

छत्तीसगढ़ में पीएम श्री योजना का आज शुभारंभ

- **केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान होंगे मुख्य अतिथि और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय करेंगे अध्यक्षता**
- **रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में होगा।**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया पीएम श्री योजना का शुभारंभ 19 फरवरी को होने जा रहा है। केन्द्रीय शिक्षा मंत्री श्री धर्मेन्द्र प्रधान के मुख्य आतिथ्य और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में पीएम श्री योजना का शुभारंभ 19 फरवरी को शाम 5.30 बजे राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में होगा। कार्यक्रम के अति विशिष्ट अतिथि स्कूल शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल होंगे।

गौरतलब है कि केन्द्र सरकार द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत देश भर के 14500 सरकारी स्कूलों को पीएम श्री योजना में अपग्रेड किया जा रहा है। इस योजना के तहत छत्तीसगढ़ के 211 स्कूलों का चयन प्रथम चरण में किया गया है। इसमें एलीमेन्ट्री स्तर पर 193 और सेकेंडरी स्तर पर 18 स्कूल शामिल है। विद्यार्थियों को इन स्कूलों में आईसीटी, डिजिटल क्लास रूम के माध्यम से प्रदान की जाएगी। इन स्कूलों के विद्यार्थियों को व्यावसायिक शिक्षा एवं स्थानीय उद्योगों के साथ इंटर्नशिप, उद्यमिता के अवसरों से जोड़ा जाएगा।

जिन्दल स्टील एंड पावर को जल संरक्षण एवं मृदा प्रबंधन में सीएसआर और सस्टेनेबिलिटी अवार्ड

रायपुर/नवप्रदेश। जिन्दल स्टील एंड पावर (जेएसपी) को एकीकृत वाटरशेड प्रबंधन परियोजनाओं के माध्यम से ओडिशा के अंगुल में किसानों की तरक्की में योगदान करने के लिए जल संरक्षण एवं मृदा प्रबंधन श्रेणी में सीएसआर एवं सस्टेनेबिलिटी अवार्ड - 2024 से सम्मानित किया गया है। यह परियोजना नाबार्ड (नेशनल बैंक फॉर एग्रीकल्चर एंड रूरल डेवलपमेंट) के सहयोग से चलाई जा रही है। जेएसपी को यह सम्मान राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्षा सुश्री रेखा शर्मा ने 15 फरवरी 2024 को नई दिल्ली में आयोजित प्रभावी सतत व्यापार प्रथाओं पर राष्ट्रीय सम्मेलन (नेशनल कॉन्क्लेव ऑन इम्पैक्टफुल सस्टेनेबिल बिजनेस प्रैक्टिसेज) में कंपनी के प्रतिनिधि को प्रदान किया। ऑल इंडिया बिजनेस एंड कम्युनिटी फाउंडेशन द्वारा आयोजित इस सम्मान समारोह में केंद्र लाल बहादुर शास्त्री फाउंडेशन के अध्यक्ष सुनील शास्त्री और वरिष्ठ राजनेता डॉ. विजय जॉली की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। जेएसपी ने अपने चेयरमैन नवीन जिन्दल के नेतृत्व में अंगुल जिले के तुबे, कुलेई, देरजंग, मराटीरा और मढियामुंडा गांवों में प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन और कृषि विकास के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। जेएसपी की सामाजिक शाखा जेएसपी फाउंडेशन ने देरजंग और तुबे में वाटरशेड परियोजनाओं के माध्यम से मिट्टी का कटाव कम करने और भूजल पुनर्भरण (ग्राउंडवाटर रिचार्ज) को अधिकतम करने में अभूतपूर्व सफलता पाई है।

सुविचार

वक्त ही अपने और पराये तय करता है। वक्त अच्छा हो तो पराये भी अपने। वक्त खराब हो तो अपने भी पराये। - अज्ञात

संपादकीय

आत्मचिंतन करे कांग्रेस

देश में सबसे ज्यादा समय तक एक छत्र राज करने वाली कांग्रेस पार्टी आज जितनी कमजोर है वैसी पहले कभी नहीं थी। 2014 के लोकसभा चुनाव में जब कांग्रेस सत्ता से बाहर हुई थी तो इसे विरोधी लहर का परिणाम मानकर कांग्रेस नेतृत्व ने अपने खिलाफ जनादेश को गंभीरता से नहीं किया और न ही इमानदारी से पराजय के कारणों की समीक्षा की। नतीजतन 2019 के लोकसभा चुनाव में भी कांग्रेस को मुह की खानी पड़ी। अब 2014 के लोकसभा चुनाव में भी कांग्रेस के वापसी की संभावनाएं क्षीण ही नजर आती हे। कांग्रेस के कर्णधार अभी भी इस मुगालते में हैं कि दस साल बाद मोदी सरकार के खिलाफ सत्ता विरोधी लहर चलेगी और उनकी नैया पार हो जाएगी। जबकि ऐसा बिलकुल नहीं है। मोदी सरकार के दस साल का कार्यकाल लोगों के सामने हैं। इस दौरान देश ने प्रगति के नित नये सोपान तय किए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता का ग्राफ भी लगातार बढ़ता जा रहा है।

वहीं दूसरी तरफ प्रमुख विपक्षी कांग्रेस जो दस साल के दौरान विपक्ष की भूमिका का भी ढंग से निर्वहन नहीं कर पाई उसमें इस कदर हताशा और निराशा व्याप्त हो गई है कि एक के बाद एक कांग्रेस के बड़े नेता पार्टी छोड़कर जा रहे हैं। यह सही समय है जब कांग्रेस को आत्म चिंतन करना चाहिए कि आखिर क्यों कांग्रेस के नेता पार्टी से किनारा कर अपनी अलग राह चुन रहे हैं। आम जनता का कांग्रेस पार्टी से मोहभंग क्यों हो रहा है। किंतु कांग्रेस के कर्णधार अभी भी कुंभकरणीय नींद में है। पार्टी छोड़ने वाले नेताओं को कोसने और भाजपा पर पार्टी तोड़ने का आरोप लगाकर के अपने कर्त्तव्य की इतिश्री कर लेते हैं। संक्रमण काल से गुजरती कांग्रेस की स्थिति यह है कि कांग्रेस के दिग्गज नेता भी इस बार लोकसभा चुनाव लड़ने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं। इस बारे में संसद के बजट सत्र के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा था कि कांग्रेस के कई नेता तो लोकसभा चुनाव लड़ने से घबरा रहे हैं। पीएम मोदी की यह भविष्यवाणी सच साबित हो रही है। कांग्रेस की सबसे बड़ी नेता पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने खुद अपनी पुस्तैनी रायबरेली लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने में असमर्थता जता दी है। अब वे राज्यसभा में जा रही है। राहुल गांध्याी चाहते हैं कि कमलनाथ, दिग्विजय सिंह, भूपेश बघेल और टीएस सिंहदेव जैसे बड़े नेता लोकसभा चुनाव लड़े। किंतु अभी तक कांग्रेस के ये नेता चुनाव लड़ने का मन नहीं बना पाए हैं। दूसरी तरफ कांग्रेस के सहयोगी दल भी कांग्रेस को आंखे दिखा रहे हैं। ममता बनर्जी और अरविंद केजरीवाल ने तो अपने-अपने राज्यों में अकेले अपने दम पर सारी सीटें लड़ने की घोषणा भी कर दी है। अब तो डा. फारूख अब्दुल्ला ने भी जम्मू कश्मीर में कांग्रेस के साथ गठजोड़ करने से इंकार कर दिया है। उत्तरप्रदेश में भी कांग्रेस समाजवादी पार्टी के रहमोकरम पर है। ऐसे में दो माह बाद होने वाले लोकसभा चुनाव में यदि कांग्रेस हार की हैट्रिक लगाती है तो कोई आश्चर्य नहीं होगा।

शिक्षा नीति में बदलाव जरूरी

छत्तीसगढ़ में आगामी शिक्षण सत्र से नई शिक्षा नीति लागू करने की कवायद की जा रही है। जो स्वागतेय कदम है। शिक्षा नीति में बदलाव निहायत जरूरी है। छत्तीसगढ़ के स्कूल शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने विधानसभा में एक सवाल में कहा है कि प्रस्तावित नई शिक्षा नीति का प्रारूप तैयार किया जा रहा है। इसके तहत अगले शिक्षण सत्र से प्रदेश के सभी सरकारी और निजी स्कूलों में योग, प्रणायाम और देशभक्ति के कार्यक्रम अनिवार्य किए जाएंगे। प्राथमिक शालाओं के पाठ्यक्रम में तत्कालीरन मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह के कार्यकाल के दौरान ही छत्तीसगढ़ भाषा को शामिल किया जा चुका है। अब इसका विस्तार किया जा रहा है। नई शिक्षा नीति के तहत अब दसवीं कक्षा तक में हिन्दी पाठ्यक्रम में छत्तीसगढ़ी भाषा की 15 प्रतिशत पाठ्य सामग्री शामिल की जाएगी। छत्तीसगढ़ी भाषा के विकास की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। इसी तरह योग और आध्यात्म को भी स्कूली पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाने से बच्चों का सही अर्थों में चहुंमुखी विकास होगा। वे अपनी जड़ों से जुड़ सकेंगे और संस्कारवान बनेंगे। छत्तीसगढ़ की नई शिक्षा नीति बनाते समय शिक्षा विदों का भी सहयोग लेना चाहिए। ताकि छत्तीसगढ़ की नई शिक्षा नीति अन्य राज्यों के लिए भी अनुकरणीय बनें।

प्रेरक प्रसंग

देश की उन्नति कथनी से नहीं, करनी से

बात उन दिनों की है, जब मध्य प्रांत की राजधानी नागपुर थी। अपनी कतिपय माँगों को लेकर हरिजनों ने हड़ताल कर दी। सड़क पर कूड़े के ढेर इकट्ठे हो गए। सार्वजनिक शौचालयों में सड़ांध आने लगी। पंडित रविशंकर शुक्ल अपने नगर की यह दयनीय स्थिति न देख सके। वे झाड़ू लेकर सफाई के लिए निकल पड़े। अकेला व्यक्ति भला क्या इतने बड़े नगर की सफाई करता। पर वह कथनी के द्वारा नहीं वरन् करनी के द्वारा यह बताना चाहते थे, कि आवश्यकता पड़ने पर हमें अपने छोटे से छोटे कार्य को करने में किसी प्रकार का संकोच न होना चाहिए। पंडित जी को देखकर कुछ अन्य साथियों ने भी सहयोग देने का निश्चय किया। रास्ते में एक शौचालय आया, जिसमें कई दिन से मल सड़ रहा था। दुर्गंध के कारण वहाँ खड़ा होना कठिन था। पंडित जी सफाई करने के उद्देश्य से उस शौचालय में घुसे, तो उनके साथी नाक पर रूमाल रखकर अलग खड़े हो गए, पर पंडित जी ने बिना संकोच के उस शौचालय की सफाई की और मूक भाव से लोगों को यह बताया कि राष्ट्र निर्माण का कार्य कोरी बातों से नहीं होता, उसके लिए कुछ रचनात्मक कार्य भी करने होते हैं।

प्रेम शर्मा

चुनाव से पहले चंदे पर संकट

लोक सभा चुनाव से ठीक पहले सर्वोच्च अदालत ने 2018 की चुनावी बॉन्ड़ की योजना पर प्रतिबंध लगाकर ऐतिहासिक फैसला दिया है। शीर्ष अदालत का विश्वास है कि इस योजना से मतदाताओं के अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के सांविधानिक अधिकार के साथ सूचना के अधिकार का उल्लंघन हो रहा था। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस ड़ी.वाई. चंद्रचूड़ के नेतृत्व में पांच सदस्यीय संविधान पीठ का मानना था कि कोई भी मतदाता किसी भी राजनीतिक दल की विचारधारा और उसके प्रत्याशी की योग्यता के आधार पर वोट देने का निर्णय करता है। इस निर्णय तक पहुंचने के लिए उसे पता होना चाहिए कि किस राजनीतिक दल को कौन चंदा दे रहा हैं जिसके आधार पर वह तय कर सके कि इस चंदा देने के पीछे लाभ के बदले लाभ प्राप्त करने की नीयत तो नहीं है।

कहीं ऐसा तो नहीं कि चंदा देने वाला व्यक्तिॉ व्यक्तियों का समूह या कार्पोरेट घराना सरकार की नीतियों को अपने पक्ष में करने के लिए प्रयासरत हो। इस संबंध में स्पष्ट राय बनाने के लिए मतदाता को किसी भी राजनीतिक दल को मिलने वाले चुनावी चंदे के स्रोत की जानकारी होना आवश्यक है।

संविधान पीठ ने भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को 12 अप्रैल 2019 से अब तक चुनावी बॉन्ड़ योजना के अंतर्गत खरीदे गए बॉन्ड़ॉ खरीदारों के नामॉ खरीद की तारीखॉ मूल्य वर्ग और उन्हें भुनाने वाले राजनीतिक दलों का विवरण 6 मार्च तक चुनाव आयोग को बताने का आदेश दिया है। अदालत ने आयोग को यह भी निर्देश दिया है कि एसबीआई से प्राप्त सभी जानकारी 13 मार्च तक अपनी वेबसाइट पर अपलोड़ करे। विपक्षी राजनीतिक दलों समेत कुछ पूर्व निर्वाचन अधिकारियों ने इस फैसले का स्वागत किया है। हालाकि चुनावी बॉन्ड की व्यवस्था को असंवैधानिक बताकर सुप्रीम कोर्ट ने भले ही पूरी चुनावी पारदर्शिता पर सवाल खड़े किए हैं, लेकिन चुनावी चंदे की यह व्यवस्था पहले भी कभी पारदर्शी नहीं रही थी। इसे लेकर सदैव सवाल उठते ही रहे हैं। इससे निपटने के लिए चुनाव आयोग ने चंदे से जुड़ी व्यवस्था में कई बार बड़े बदलाव भी किए लेकिन राजनीतिक दलों की स्थिति तू डाल-डाल और मैं पात-पात की तरह ही रही। सुप्रीम कोर्ट की पॉच सदस्यीय पीठ के इस फैसले से फिलहाल अब कोई भी पार्टी चुनावी बॉन्ड के जरिए चंदा नहीं ले पाएगी। कोई भी व्यक्ति, कंपनी या संस्था चुनावी बॉन्ड के जरिए राजनीतिक पार्टियों को चंदा नहीं दे पाएगी। इसके अलावा जिन राजनीतिक पार्टियों ने चुनावी बॉन्ड को कैश नहीं कराया है। उन्हें इन्हें बैंक में लौटाना पड़ेगा। यानि लोकसभ चुनाव से ठीक चंद दिन पहले इस तरह के फैसले से सबसे ज्यादा दिक्कत केन्द्र की सत्तासीन भाजपा को होना तय हे। ऐसा नही है कि अन्य राजनैतिक दलों को चंदा नही मिलता, लेकिन उनकों उनकी हैसियत के आधार पर चंदा मिलता है। क्षेत्रीय दलों तक को बहुत बड़ी राशि चंदे में मिलती है।

हालांकि इस फैसले के बाद अब यह अनुमान लगाया जा रहा है कि चुनावी चंदे की पुरानी व्यवस्था फिर से लागू होगी। चुनावी चंदे की पुरानी व्यवस्था के तहत राजनीतिक दलों को पहले 20 हजार से ज्यादा मिलने वाले प्रत्येक चंदे का ब्यौरा चुनाव आयोग को अपने सालाना रिटर्न दाखिल करने के दौरान देना होता था। जिसे आयोग सार्वजनिक भी करता था। हालांकि इनमें राजनीतिक दल मिलने वाले चंदे का 80 फीसदी से ज्यादा राशि को 20 हजार से कम का होना बताते हुए उसका ब्यौरा नहीं देते थे। इसके बाद तो आयोग ने इस पूरी व्यवस्था को पारदर्शी बनाने के चलते ब्यौरा न देने वाली चंदे राशि की लिमिट को 20 हजार से घटाकर दो हजार कर दिया था। लेकिन राजनीतिक दल कहां चूकने वाले थे, उन्होंने फिर वहीं खेल किया और चुनाव आयोग को जो जानकारी दी, उनमें तहत उन्हें मिली कुल चंदे राशि का 80 फीसद से ज्यादा हिस्सा दो हजार से कम का बताया।देश के पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त ओ पी रावत के अनुसार चुनावी चंदे की पारदर्शिता को लेकर आयोग लगातार सक्रिय रहा है। इस दौरान आयोग ने कई बार राजनीतिक दलों से सवाल-जवाब भी किए है, लेकिन नियमों के चलते राजनीतिक दल इसे तय लिमिट से कम राशि का बताते हुए बच जाते थे। वहीं इससे ज्यादा राशि से जो चंदे मिलते थे, उनके नाम राजनीतिक दलों को से मिले ब्यौरे के आधार पर सार्वजनिक किया जाता था। गौरतलब है कि 2018 में चुनावी ब्रांड की व्यवस्था लागू किए जाने से पहले राजनीतिक दल सालाना रिटर्न के जरिए तय लिमिट से अधिक राशि के मिले सभी चंदे का ब्यौरा देते थे। बीते पांच-छह साल में इलेक्टोरल बॉन्ड के कारण कुछ पार्टियों को नुकसान हुआ तो कुछ को काफी फायदा हुआ। वो सत्ताधारी दल, जिनके पास कुछ देने की ताकत होती है, उन्हें इसका फायदा ज्यादा हुआ। ऐसे में यह कहना कि केवल भाजपा को इससे चंदा मिला है, यह सही नहीं है। एक-एक राज्य की पार्टियों को भी काफी चंदा मिला है। हमारे देश में चुनाव का खर्च धीरे-धीरे बढ़ता गया है। चुनाव आयोग ने भी खर्च की सीमा बढ़ाते-बढ़ाते चालीस लाख कर दी है।

वर्तमान समय में आम आदमी चुनाव नहीं लड़ सकता है। इसमें सौ फीसदी सच्चाई है कि जो कॉर्पोरेट हैं, जो कंपनियां हैं, वो नहीं चाहती हैं कि उनका नाम प्रकट हो। उन्हें लगता है कि अगर यह सामने आ गया है कि हमने कांग्रेस को ज्यादा चंदा दिया, भाजपा को कम और भाजपा सत्ता में आ गई तो मुझे इसका नुकसान होगा। लंबे समय से चुनावी चंदे पर चर्चा होती है। यह एक व्यावहारिक समस्या है। संवैधानिक तरीका चंदे का क्या होगा, यह बताना भी आवश्यक हो जाता है। आगे चुनाव लड़ने के लिए पार्टियां किस तरह चंदा लेंगी यह बड़ा प्रश्न खड़ा हुआ है।

इस बॉत से इनकार नही किया जा सकता कि हम एक बदलते-विकसित होते समाज में हैं। कभी भी कोई भी चीज सौ फीसदी सही नहीं हो सकती है। जब इलेक्टोरल बॉन्ड नहीं थे, तब क्या होता था? सारा काला धन आता था। जब तकनीक उन्नत हो रही है, तब कालेधन पर अंकुश लगाया जा सकता है। जो गोपनीयता की बात है, यह सिर्फ इलेक्टोरल बॉन्ड के लिए नहीं है। बैंकों के ग्राहकों की गोपनीयता की भी बात है। सभी जानते हैं कि कोई भी जितना चुनावी खर्च दिखाता है, वह उससे काफी ज्यादा है। सत्ता पक्ष हो या विपक्ष, वह अपनी सुविधा के मुताबिक उसे लागू करने पर सहमत या असहमत होता है। इसमें सभी राजनीतिक दल सहमत थे कि हमें मिलने वाले चंदे की जानकारी बाहर नहीं जानी चाहिए। वैसे पहले चुनावी चंदा नकदीकरण था, फिर इलेक्टोरल बॉन्ड आया। अब आगे भी कोई न कोई बेहतर रास्ता आएगा। वैसे अगर कोई उद्योगपति यह सोचे कि उसने फ्लां पार्टी को ज्यादा चंदा दिया और फ्लां को कम और वह सरकार को पता नहीं चलेगा तो वह गलतफहमी में होगा। जैसे ही चंदा आपने दिया वह सरकार की नजर में आ जाएगा। जनता की जहां तक बात है तो अगर वह जानना चाहे तो वह जानकारी उसके पास उपलब्ध हो। अब कयास लगाए जा रहे हैं कि आगामी लोक सभा चुनाव में राजनीतिक दलों को मिलने वाले चंदे पर इस फैसले का सीधा-सीधा असर पड़ेगा। बहरहाल नफा-नुकसान की बात अलग है। इस फैसले ने राजनीतिक दलों को एक अवसर उपलब्ध कराया है कि वे चुनाव आयोग के साथ विचार-विमर्श करके चुनावी दान के मसले पर एक पारदर्शी प्रक्रिया तैयार करें। हालांकि भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में यह एक कठिन कार्य है। फिर भी इस फैसले के आलोक में चुनावी पारदर्शिता की दिशा में एक कदम आगें तो बढ़ा ही जा सकता है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली/वार्ता। भारत एवं विश्व इतिहास में 19 फरवरी की प्रमुख घटनाएं इस प्रकार हैः

1389 - सुलतान ग्यासुद्दीन तुगलक द्वितीय की दिल्ली में हत्या। 1473 - प्रसिद्ध यूरोपिय खगोलशास्त्री व गणितज्ञ निकोलस कॉपरनिकस का जन्म। 1630 - मराठा शासक शिवाजी महाराज का जुनेर में जन्म हुआ था। 1719 - मुगल शासक फर्रुखसियार की हत्या हुई थी। 1891 - अमृत बाजार पत्रिका का दैनिक प्रकाशन शुरू हुआ। 1895 - हिन्दी के जाने माने प्रकाशक मुंशी नवल किशोर का निधन हुआ था। 1915 - स्वतंत्रता सेनानी गोपाल कृष्ण गोखले का निधन हुआ था। 1942 - द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान उत्तरी ऑस्ट्रेलियाई शहर डार्विन पर जापानी लड़ाकू विमानों के हमले में 243 लोग मारे गए। 1956 - भारत के प्रसिद्ध विद्वान, समाजवादी, विचारक, शिक्षाशास्त्री और देशभक्त नरेन्द्र देव का निधन। 1960 - चीन ने सफलतापूर्वक पहले ध्वनि रॉकेट टी-7 का परीक्षण किया। 1963 - सोवियत संघ ने अमेरिकी राष्ट्रपति जान एफकैनेडी को क्यूबा से अपने कई हजारों सैनिक को हटाए जाने की सूचना दी।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

// आओ मधुमास ! //

आओ मधुमास, स्वागत है।

इठलाओ मधुमास,
स्वागत है।
वसुंधरा की
सजी काया।
नीलव्योम को हर्ष आया।
मधुप-प्रसून छा गये,
नव तन तरुवर पाया।
कुछ गाओ मधुमास, स्वागत है।
आओ मधुमास ! स्वागत है।
पूनम को गमकता सुधाकर।
दिवस दहकता दिव्य दिवाकर।
अब चहुँओर बरसे सुधा,
बहता समीर आहें भर कर।
कुछ सुनाओ मधुमास, स्वागत है।
आओ मधुमास ! स्वागत है।
मदमस्त मधुर विभावरी।
कोमल देही ज्यों साँवरी।
सकल सितारों के मध्य,
नुपुर खनकाती ज्यों परी।
छा जाओ मधुमास, स्वागत है।
आओ मधुमास ! स्वागत है।

-टीकेश्वर सिन्हा 'गब्दीवाला'
घोटिया-बालोद (छत्तीसगढ़)

खास पाती | बेटियों को जन्म का अधिकार दे

बेटियों को जन्म का अधिकार दे, जनम लेने दो न,हमें भी जीने दो न, इंद्रधनुषी इस दुनियाँ म? आने दो न, प्यार की शीतल फुहार हैं हम, माँ-पापा का प्यार हैं हम, आसमां हमें भी छूने दो न,आने दो न ? गोद म? माँ की, आँचल की छाँव पाने दो न, हँसने पर हक़ हमारा भी है, जी भर कर हँस लेने दो न, खूब पढेंगी ,खूब लिखेंगी, रोशन कुल का नाम करेंगी, मौका एक बार तो दो न, बनेगी बुढापे की हम लाठी, बाबा थोड़ा बढ़ने दो न ॥

डॉ.सविता वर्मा ग़ज़ल

वन पर्वत नदी

वन पर्वत नदी , सबके मिजाज है
पशु पखेरू के , अपने अंदाज है।
इनका मेला प्रकृति के , आंगन में लगता है।
हर मौसम मे, झूमता झूलता
कोई सीढियां लेकर, नही आता पेड़ो पर

फूल रँगने, न फल लटकाने, आसमान के पर्दे पर कोई, प्रोजेक्टर तसवीर नही फेकता, नदी कौन नल सी आती जाती है, अपने में मग्न रहते है सब, अटखेलियां करते।, जब हरियाली के जंगल मे, बारिश होती है तो , पत्ते बजते है।, पँछी पुकारते है , बूदें पत्तियों की फिसलपट्टी पर, फिसलती घास पर, किलकती कूदती है।, पारस के आगमन पर, बूदों की पायल पहने, जब वन नाचता है तो लगता है, ईश्वर स्वम हर वृक्ष के सिर पर, हाथ रख कर आशीष दे रहे हों, प्रकृति के वरदान सम्भाल सकें, इतनी कुव्वत इंसान में नही।

हेमा पांडेय

चाह नहीं मेरी ये कभी कि

चाह नहीं मेरी ये कभी कि, चुटकी सिंदूर से मांग भरुँ, और तेरा भाग्य मैं कहलाऊँ, भर फेरे सप्तपदी के कुछ, तेरे तन का स्वामी बन जाऊँ, तुम करो समर्पित तन मन को, आराध्य बनूं पूजा जाऊँ, पर चाह रही मेरी ये सदा , मुझे थाह रहे तेरे अंतस की, तेरी पीडा को महसूस करूँ, बन प्रेम पुष्प तेरे हृदय खिलूँ, तेरी मन बगिया महका पाऊँ, तुम पालक प्रकृत्ति मैं सृजक पुरुष, तुम बिन अस्तित्व न बन पाऊँ , है चाह यही मेरी शक्ति बनो, शक्ति बनो मेरे हृदय बसो, तेरा भोला शिव मैं कहलाऊँ, भय हीन रहे आगम औ निगम, हो दिव्य मिलन अपना प्रियवर, घर 'तनुज'शिवाला बन जाए, निज जीवन सफल बना जाऊँ

.. **सतीश मैथिल तनुज**

फिर आकर चली गई वो शाम

मैं दृश्यहीन हो सकता हूँ
किन्तु दिशा विहीन कभी नहीं
मैं घोर तम में खो सकता हूँ
किन्तु किसी कालिख में नही
मैं गिर गिर कर थक सकता हूँ
किन्तु हताश रंच मात्र भी नही
मैं बूढ़ा बादल बन सकता हूँ
किन्तु किसी दृग का दुःखजल नही
मैं मोक्ष का आनंद हो सकता हूँ
किन्तु लिप्त लम्पट कभी नही
मैं प्रेम के ओट में सब खो सकता हूँ
किन्तु प्रेम में खोट स्वीकार नही .....नीर .... **नीरज वर्मा नीर**

QUIZ TIME

1) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नवनिर्मित संसद भवन के उद्घाटन के समय लोकसभा अध्यक्ष की सीट के बगल में क्या रखा है?

2) सॉफ्टवेयर एप्लीकेशन के संदर्भ में सी आर एम का क्या अर्थ है?

3) सबसे पहले इलेक्ट्रॉन के आवेश का सफलतापूर्वक निर्धारण किसने किया था?

4) दूध का पीएच का मान कितना होता है?

5) महाराष्ट्र में पहली महिला पुलिस महानिदेशक के रूप में किसे नियुक्त किया गया है?

Ramaquiz

उत्तरमाला-(1) सेंगोल (2) कस्टमर रिलेशनशिप मैनेजमेंट (3) रॉबर्ट मिलिकन (4) 6.4 (5) रश्मि शुक्ला

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य -338

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. आय व्यय का लेखा जोखा, गणित, एकाउंट 3. विनती, अदब 6. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 7. मूल्यवान, बहुमूल्य 8. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 10. बराबर, सम 12. मुख, चेहरा 14. अनुकृति, अनुकरण, असल का विलोम 17. दिमाग, मस्तिष्क 18. मनोहर, सुंदर, इच्छित, प्यारा 19. गर्मी, ताप 21. रसिया, प्रेमी, रसपान करने वाला 23. दबाव, भार 24. भीख 25. काम से जी चुराने वाला, आलसी।

ऊपर से नीचे

1. साहस, वीरता, बहादुरी 2. बहिन, प्रवाहित होना 3. प्रणय क्रीडा, सुखोपभोग, हावभाव 4. विश्वास, प्रतीति 5. इंतजार 9. खाने पीने का सामान, रसद 11. नशीला, मदभरा 12. घायल, जख्मी 13. झुकना, प्रणाम, नमस्कार 14. दृष्टि, निगाह 15. तीव्रइच्छा 16. अर्थ, अभिप्राय, स्वार्थ 20. इम्तिहान, योग्यता आदि को परखना 22. जुल्म, अन्याय 23. पत्नी, बीवी, एक प्रत्यय।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 337 का हल

दा	ढ़ी	■	की	■	खा	सो	आ	म
वा	■	त	म	न्ना	■	■	जा	■
न	जा	क	त	■	बा	अ	द	ब
ल	■	ली	■	वि	ला	प	■	हा
■	अ	फ	सा	ना	■	मा	हि	र
दा	ब	■	■	श	गु	न	■	■
न	■	उ	प	का	र	■	शि	■
व	■	त्स	■	र	■	त	क	ला
■	सा	व	न	■	गु	रु	वा	र

आज का पंचांग

सूर्योदयः 07:06, सूर्यास्तः 06:16
चन्द्रोदयः 12:27, चन्द्रास्तः 27:23
अयन उत्तरायणे (दक्षिणगोलीय)
ऋतुः शिशिर
शक सम्वतः 1945 (शोभकृत)
विक्रम सम्वतः 2080 (पिंगल)
मास माघ
पक्ष शुक्ल
तिथि दशमी
नक्षत्र मृगशिरा
योग विष्कुम्भ
प्रथम करण कौलव (08:15 तक)
द्वितीय करण तैतिल (20:28 तक)

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य कुम्भ, चंद्र मिथुन (21:53 से)
मंगल मकर (उदित, पूर्व, मार्गी)
बुध मकर (अस्त, पूर्व, मार्गी)
गुरु मेष (उदित, पश्चिम, मार्गी)
शुक्र मकर (उदित, पश्चिम, मार्गी)
शनि कुम्भ (अस्त, पश्चिम, मार्गी) राहु मीन
केतु कन्या

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त 12:09 से 12:53
अमृत काल 25:19 से 27:00
रवियोग पूरे दिन
विजय मुहूर्त 14:23 से 15:08
गोधूलि मुहूर्त 18:05 से 18:30
सायाह्न सन्ध्या 18:07 से 19:24

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष-आज के दिन आपका स्वभाव अत्यंत आलसी रहेगा परन्तु फिर भी जिस भी कार्य को करेंगे।

वृष-आज का दिन शान्तिप्रद रहेगा दिन के आरंभ से मन मे चंचलता रहेगी परिजनों के साथ हल्की फुल्की मजाक से वातावरण हल्का बनेगा मध्यान के आस-पास किसी से शुभ समाचार मिलेंगे।

मिथुन- आज का दिन बचते बचते कुछ ना कुछ हानि कराएगा। आज आपके विचार किसी से जल्दी मेल नही खाएंगे हानि वाले कामो में रुचि अधिक रहेगी।

कर्क-आज का दिन ज्यादा लाभदायक तो नही फिर भी सधा रहने से आगे के लिये सफलता का मार्ग खोलेगा। दिन का आरंभ सुस्ती में होगा लेकिन इसके बाद सभी कार्य नियमित समय पर पूर्ण कर लेंगे।

सिंह- आज का दिन कार्य सफलता वाला है इसका लाभ उठाएं स्वभाव में आलस्य अधिक रहेगा इससे बचे अन्यथा लाभ हाथ आकर निकल भी सकता है।

कन्या- कार्य क्षेत्र की कुछ परेशानियों को छोड़ अन्य सभी कार्यो के लिए आज दिन शुभ रहेगा। धार्मिक कार्यो में रुचि रहेगी लेकिन व्यस्तता के कारण ठीक से समय नही दे पाएंगे।

तुला- आज का दिन प्रतिकूल रहेगा सेहत में सुबह से ही कुछ ना कुछ कमी बनेगी अनदेखी पर मध्यान तक इसके बढ़ने की संभावना है।

वृश्चिक- बड़े लोगो से भी आज आसानी से अपना स्वार्थ सिद्ध कर सकते है। दिन के प्रथम भाग में मानसिक रूप से चंचलता रहेगी बचकानी हरकतों से घर के लोगो को हंसने पर मजबूर करेंगे।

धनु- दिन में कई बार लाभ के अवसर मिलेंगे। परन्तु आलस्य प्रमाद के कारण कार्यो को गंभीरता से नहीं लेंगे फलस्वरूप उम्मीद से कम में ही संतोष करना पड़ेगा।

मकर-आज आप नीतिपूर्वक कार्य करना पसंद करेंगे।

कुंभ- आज का दिन साधारण रहेगा पूर्व में किया किसी गलत आचरण का अफसोस होगा लेकिन सुधार फिर भी नही करेंगे।

मीन- आज के दिन आपको शुभ फलों की प्राप्ति होगी। कई दिनों से लटकी योजना अथवा अति महत्त्वपूर्ण कार्य सम्पन्न होने से राहत मिलेगी।

न्यूज गैलरी

यातायात नियमों का करें पालन

दुर्ग। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने हेतु जिले अंतर्गत पदस्थ जिला प्रशासन एवं पुलिस के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगणों को अपनी दो पहिया वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनने एवं चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग करने कहा गया हैं। उपरोक्त नियमों का उल्लंघन करने पर यातायात नियमों के अधीन चालानी कार्यवाही, साथ ही उनके विरूद्ध विभागीय अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।

धूमधाम से मनी परमेश्वरी जयंती

दुर्ग। देवांगन समाज के ईष्ट देवी माता परमेश्वरी जयंती के उपलक्ष्य में शंकर नगर परमेश्वरी युवा देवांगन समाज द्वारा विविध आयोजन किया गया। जिसके तहत सर्व प्रथम प्रथम चरण में कलश यात्रा निकाली गई तत्पश्चात माता परमेश्वरी की विधि विधान से पूजा अर्चना कर देवी की महिमा गाई गई इसके पश्चात द्वितीय चरण में रंगोली प्रतियोगिता के साथ रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम नवा बिहान व समाज की प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सभापति दिनेश देवांगन मौजूद थे। तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में देवांगन समाज के वरिष्ठ भूषणलाल देवांगन उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्ष रमेश देवांगन सचिव ललित देवांगन पूर्व अध्यक्ष बाबूलाल देवांगन विशेष रूप से मौजूद थे। पूर्व सभापति देवांगन ने समाज की महिलाओं को राज्य शासन की महत्वपूर्ण योजना महतारी वंदन योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील किया। कार्यक्रम में महिला देवांगन इकाई अध्यक्ष हेमा देवांगन, सचिव सुनीता देवांगन, कोषाध्यक्ष सुनीता, माधवी, रमा, कंचन, पूर्व सचिव गणेश, चंद्रेश, राजू, ललित, गोविंद, गजेंद्र, गेंदलाल, श्रवण प्रेमन, गोवर्धन, संतोष, अश्वनी देवांगन सहित समाज के लोग मौजूद थे।

भाजपा कार्यकर्ता पर हमला

भिलाई। शराब के नशे में धुत 2 युवकों ने बीजेपी कार्यकर्ता पर चाकू से जानलेवा हमला कर लूट लिया। सुपेला पुलिस ने एक नाबालिग सहित 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। घायल पवन कुमार कुटेल प्लंबर के साथ ही बीजेपी कार्यकर्ता भी है। घायल व्यक्ति पवन ने बताया कि वो भाजपा नेत्री स्वीटी कौशिक के साथ नशे के खिलाफ अभियान चला रहा है। उसके मोहल्ले मिनीमाता चौक गौतम नगर में नशे का अवैध व्यापार फैला हुआ है। अराजक तत्व वहीं पर बैठकर नशे की गोली बेचते हैं, साथ ही इनका सेवन भी करते हैं।इससे मोहल्ले के लोग काफी परेशान हैं। इसे लेकर मोहल्ले के निवासी कुशऊराम निर्मलकर शुक्रवार को सुपेला थाने गए थे। उनके साथ कुछ अन्य लोग भी गए थे। उन्होंने मामले की शिकायत की। पवन ने बताया कि उसे प्लंबिंग का काम करने के लिए 12 हजार मिले थे। वो अपने सहकर्मी वासनिक के साथ शनिवार देर शाम अपने घर गौतम नगर पहुंचा। उस दौरान वहां सतीश बंजारे और निर्मलकर भी खड़े थे। वहीं कुछ दूरी पर बैठकर शराब पी रहे 2 लड़के वहां आए और वासनिक से रुपए छीनने लगे। इस पर पवन ने लड़कों को पकड़ा तो वे लोग आक्रोशित हो गए।

गुप्त नवरात्र नवमी पर दुर्गा मंदिर में अनुष्ठान के साथ कराया कन्याभोज

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। श्री सतीचौरा माँ दुर्गा मंदिर, गंजपारा में माघ माह की गुप्त नवरात्र के अवसर पर पूरे 9 दिवस मंदिर परिसर में विशेष आयोजन किया गया, जिसमें आज नवमी के अवसर पर पूजा अर्चना के साथ कन्या पूजन एवं कन्या भोज के आयोजन किया गया। मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित सुनील पांडेय ने बताया कि हिंदू धर्म में मां दुर्गा का बहुत महत्वपूर्ण स्थान है और नवरात्र मां दुर्गा को समर्पित पर्व है जो भारत में धूमधाम के साथ मनाया जाता है। एक साल में 4 बार नवरात्र का पर्व आता है जिनमे 2 प्रकट नवरात्र और 2 गुप्त नवरात्र होती हैं. चैत्र और शारदीय नवरात्र को सभी जानते हैं ये काफी लोकप्रिय पर्व है जब मां दुर्गा की 9 दिन धूमधाम के साथ पूजा की जाती है. माघ और आषाढ़ माह में पड़ने वाली नवरात्र को गुप्त नवरात्र कहा जाता है. गुप्त नवरात्र में मां दुर्गा की गुप्त रूप से पूजा करने की परंपरा है।

सतीचौरा दुर्गा मंदिर में प्रतिवर्ष सभी 4 नवरात्र बड़े धूम-धाम से बनाये जाते है, माघ माह की गुप्त नवरात्र के अवसर पर 9 फरवरी से 18 फरवरी तक मंदिर में प्रतिदिन माताजी का श्रृंगार, अभिषेक, पूजन एवं महाआरती की गयी। गुप्त नवरात्र अष्टमी के अवसर पर हवन पूजन, पूर्णाहुति, आरती की गयी, अष्टमी के अवसर पर भैरव अष्टमी भी बनाई गई। जिसमें मंदिर परिसर में श्री भैरव बाबा की पूजा अर्चना एवं भोग प्रसादी की गई। नवमी के अवसर पर प्रातः9 बजे माँ दुर्गाजी के पूजन, अभिषेक किया गया तत्पश्चात 11 बजे कन्या पूजन एवं कन्या भोज का आयोजन किया गया। पंडित ने बताया कि शास्त्रों में 2 साल की कन्या कुमारी, 3 साल की त्रिमूर्ति, 4 साल की कल्याणी, 5 साल की रोहिणी, 6 साल की कालिका,7 साल की चंडिका, 8 साल की शांभवी, 9 साल की दुर्गा और 10 साल की कन्या सुभद्रा मानी जाती हैं, सभी 4 नवरात्र में सभी धर्म प्रेमियों को अपने अपने अपने घरों में कन्या पूजन एवं कन्या भोज करवाने से निश्चित रूप से माता जी का आशीर्वाद मिलता है। नवमी के अवसर पर दुर्गा मंदिर में 11 बजे 108 कन्या माताओं का पूजन किया गया। जिसमें समिति की महिलाओं ने सभी कन्या माताओं का पैर धोकर, तिलक लगाकर भोजन हेतु मन्दिर परिसर में बैठाया गया। फिर एक साथ कन्या माताओं एवं 1 भैरव 1 लंगूर बाबा रूपी बालक को भोजन कराया गया। पश्चात सभी कन्या माताओं को भेंट दी गयी।

महादेव ऐप के आरोपियों की संपत्ति होगी कुर्क

अवैध कमाई से दुबई में खरीदी प्रॉपर्टी, क्रिप्टो करेंसी में किया निवेश

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। आनलाइन सट्टा एप महादेव बुक के प्रमोटर सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल सहित अब तक इस मामले में गिरफ्तार किए गए करीब 120 से अधिक आरोपितों की संपत्ति की जानकारी जुटाई जा रही है। नगर निगमए राजस्व विभाग और उप पंजीयक कार्यालय से आरोपितों के नाम की संपत्ति का ब्योरा निकाला जा रहा है। जिन आरोपितों को फरार सूची में डाला गया हैए उनकी संपत्ति को कुर्क किया जाएगा। वहीं बाकी के आरोपितों की संपत्ति की जानकारी लेकर उसे सुरक्षित रखा जाएगाए ताकि भविष्य में जरूरत पड़ने पर उसका इस्तेमाल किया जा सके।

बता दें कि जब दुर्ग पुलिस ने महादेव बुक के खिलाफ कार्रवाई शुरू की थीए तब दुर्ग जिले के साथ ही छत्तीसगढ़ के अलग.अलग जिलों और कई दीगर प्रदेशों से भी महादेव बुक के पैनल को ध्वस्त किया था। लगातार की गई कार्रवाई में पुलिस ने 120 से अधिक आरोपितों को गिरफ्तार किया था। शुरुआत में राज्य शासन का नया सट्टा एक्ट नहीं बना थाए इसलिए पुराने सट्टा एक्ट में कार्रवाई की जाती थी और उसका लाभ भी आरोपितों को मिला। सट्टा एक्ट में कार्रवाई किए जाने से आरोपितों को थाने से ही मुचलका जमानत पर छोड़ दिया जाता था। कुछ बड़े सटोरियों के खिलाफ धोखाधड़ी और आइटी एक्ट जैसी गंभीर धाराओं में कार्रवाई भी की गई थी। पुलिस की कार्रवाई के बाद जब ईडी जैसी एजेंसियों ने अपनी जांच शुरू की तो पुलिस के चुंगल से बचे हुए कई सटोरियों के नाम सामने आए। कई लोगों के घरों पर ईडी ने जांच की और दुर्ग जिले से एक सिपाही भीम सिंह को सट्टा के मामले में गिरफ्तार भी किया था।



पैनल ऑपरेटर नीतीश गिरफ्तार

महादेव सट्टा ऐप केस में ईडी ने भिलाई से 25 साल के नीतीश दीवान को गिरफ्तार कर रायपुर की स्पेशल कोर्ट में पेश किया। वैशाली नगर का रहने वाला नीतीश दीवान महादेव सट्टा ऐप प्रमोटर के साथ ऐप के पैनल ऑपरेशन का काम करता था। ईडी ने नीतीश दीवान को कोर्ट में पेश किया। ईडी ने 14 दिन की रिमांड मांगी थी। न्यायाधीश अजय सिंह राजपूत ने 8 दिन की कस्टोडियल रिमांड दी है। इस मामले में अगली सुनवाई अब 24 फरवरी को होगी। ईडी के वकील सौरभ पांडेय ने बताया कि नीतीश महादेव सट्टा ऐप की पैनल ऑपरेटर टीम में था।

जैन मुनि का ब्रम्हलीन होना समाज के लिए बड़ी क्षति : वोरा

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। जैन मुनि आचार्य विद्यासागर महाराज के ब्रम्हलीन होने की खबर मिलने पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता अरुण वोरा ने गहरा शोक व्यक्त किया है। वोरा ने कहा कि आचार्य विद्यासागर महाराज के ब्रम्हलीन होने की दुखद सूचना मिली। उनका इस दुनिया से विदा हो जाना हमारे समाज के लिए एक बड़ी क्षति है। वोरा ने कहा कि वे त्याग और तपस्या की अद्वितीय मिसाल थे। उनके समाज और मानवता के लिए किये गए योगदान हमेशा हमें प्रेरित करते रहेंगे। जैन मुनि विद्यासागर महाराज के ब्रम्हलीन होने पर अंतिम संस्कार में शामिल होने डोंगरगढ़ के चंद्रगिरि तीर्थ पहुंचे। महापौर धीरज बाकलीवाल, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार पाली, अजय मिश्रा, राजकुमार साहू सहित दुर्ग शहर के गणमान्य नागरिक भी अंतिम संस्कार में शामिल होने चंद्रगिरी तीर्थ रवाना हुए हैं।

शीघ्र निराकरण करने के लिए कार्रवाई के निर्देश

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन संपन्न हुआ। महर्षि स्वामी विवेकानंद सभागृह पद्मनाभपुर में जिले के नागरिक अपनी मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु बड़ी संख्या में पहुँचे।

शिविर में एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक एवं हल्का पटवारी उपस्थित रहकर लोगों की राजस्व विभाग से संबंधित आवेदनों का निराकरण किये। इस दौरान नये ऋण पुस्तिका का वितरण भी किया गया। अनुविभाग के सभी अनुविभागीय दण्डाधिकारियों ने जिला स्तरीय राजस्व जनसमस्या निवारण शिविर में आवेदकों से उनकी समस्याएं सुनी और मौके पर निराकरण भी किये। आज जिला स्तर में जनसमस्या निवारण शिविर में राजस्व मामलों से संबंधित आवेदन नामांतरण, बटवारा, सीमांकन, फौती, ऋण पुस्तिका, आय, जाति, निवास, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र के आवेदन लिये गये। शिविर में नये ऋण पुस्तिका वितरण भी किया गया। जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में 3563 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें 3503 आवेदन निराकृत एवं 60 शेष आवेदन है।

प्रभुनाथ व इंद्रजीत बने संरक्षक

नव प्रदेश संवाददाता

छग ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन की बैठक में लिया गया निर्णय

भिलाई। छत्तीसगढ़ ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन की वरिष्ठ सदस्यों की बैठक ट्रांसपोर्ट नगर हथखोज में एटहीसी कार्यालय में रखी गई। जिसमें प्रमुख पदाधिकारियों की घोषणा सर्व समिति से की गई आगे की कार्यकारिणी अगले बैठक में की जाएगी यह निर्णय सर्व समिति से पारित किया गया। बैठक में संरक्षक के रूप में इंद्रजीत सिंह छोटू, प्रभुनाथ मिश्रा, सुखचैन सिंह, दुर्गाप्रसाद पटेल, रणजीत सिंह वालिया, श्रवण विश्नोई को संरक्षक बनाया गया। कार्यकारी अध्यक्ष जसवंत सिंग सैनी, महासचिव हरेंद्र यादव, कोषाध्यक्ष बलजिंदर सिंह, सचिव सुरजीत सिंह सैनी, उपाध्यक्ष सीता सिंह को पदभार दिया है। शेष कार्यकारिणी की सूची आगामी बैठक में सर्वसम्मति से किया जाएगा। संरक्षक छोटू ने कहा की ट्रांसपोर्ट नगर हथखोज के समस्त व्यवसायी चाहे वह ट्रांसपोर्टर हो गाड़ी मालिक हो मिस्त्री हो जिनका खुद का दुकान है उन्हें इस यूनियन में शामिल किया जाएगा।प्रभुनाथ बैठा ने कहा की स्वच्छ वातावरण में सबका साथ सबका विकास के तहत काम यूनियन करेगी जिस पर सभी लोगों ने तहे दिल से सम्मान करते हुए आपस में गले मिलकर यूनियन को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया पूरे प्रदेश में जिलावार संगठन बनाया जाएगा। ताकि परिवहन जगत में हो रहे परेशानियों को दूर करने के लिए हम सभी एकमत से एक दूसरे का साथ देते हुए आगे बढ़ते रहे ऐसा कोई हम सब काम नहीं करेंगे। जिससे सरकार या छत्तीसगढ़ के विकास में बाधक हो अन्याय के खिलाफ लड़ेंगे तथा सरकार का ध्यान आकर्षित करेंगे। उक्त जानकारी बैठा ने दी।

पुलिस व आर्मी भर्ती के लिए पूर्व सैनिक युवाओं को देंगे प्रशिक्षण

नव प्रदेश संवाददाता

छत्तीसगढ़ आर्मी पब्लिक वेलफेयर फाउंडेशन की पहल

भिलाई। छत्तीसगढ़ आर्मी पब्लिक वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा 3 मार्च 2024 सुबह 7 बजे से छत्तीसगढ़ पुलिस भर्ती 2024 में सामने हो रही सभी प्रकार के होने वाले फिजिकल टेस्ट का ट्रायल करवाने का फैसला लिया गया है। जिसे संगठन के सभी सेवानिवृत्त पूर्व सैनिकों द्वारा करवाया जाना तय किया गया है। इस बात की जानकारी फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व सैनिक हरप्रीत सिंह ने रविवार को पत्रकार वार्ता में दी। हरप्रीत सिंह ने बताया कि उनके फाउंडेशन का मुख्य उद्देश्य युवाओं को पुलिस और सेना के लिए तैयार करना है। पूर्व सैनिकों द्वारा ऐसे युवा जो पुलिस या फौज में जाना चाहते है उन्हें प्रशिक्षित किया जाता है, जो की पूरी तरह निःशुल्क है। उन्होंने बताया की ट्रेनिंग के लिए आने वाले युवक और युवतियों के लिए खाने और रहने की व्यवस्था भी की गई है। सेंटर तक पहुंचे के लिए रेलवे स्टेशन के बाहर बस की व्यवस्था की गई है। ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ आर्मी पब्लिक वेलफेयर फाउंडेशन का गठन दिनांक 26 मई 2023 को हुआ है जिसमें भारतीय सेना के सेवानिवृत्त सभी पूर्व सैनिक जुड़े हुए हैं। छत्तीसगढ़ पुलिस भर्ती के टेस्ट ट्रायल पर आने वाले सभी युवाओं और युवतियों को संगठन के माध्यम से कुछ महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए है।

विज्ञान प्रदर्शनी में केम्प की आस्था ने मारी बाजी

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के अंतर्गत सेजस दीपक नगर दुर्ग में आयोजित जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में रत्ना साहू के मार्गदर्शन में कुमारी आस्था पुलांकर ने अपने पोस्टर का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में दुर्ग, धमधा एवं पाटन विकासखंड के चयनित विद्यार्थियों ने अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल रहे। कार्यक्रम की नोडल अधिकारी सुश्री प्रतिष्ठा शुक्ला रही। निर्णायक के रूप में मित्रा रॉय चौधरी, शिखा तिवारी एवं एच भुवाल रहे। कु आस्था शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला केम्प 01 भिलाई में अध्ययनरत है। उन्होंने हरित गृह प्रभाव पर अपनी प्रस्तुति देते हुए प्रधानमंत्री द्वारा देश में किए जा रहे प्रयास जैसे सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रतिबंधित करना तथा जीवाश्म ईंधन का विकल्प इलेक्ट्रिक व्हीकल तथा गैस का उपयोग के लिए जनसमुदाय को प्रेरित करना जैसे विचारों को भी रेखांकित किया गया। पूरे विश्व की समस्या ग्लोबल वार्मिंग से निजात पाने के लिए बायोस्फेयर्स का प्रयोग करने कहा। जो बहुत कम लागत में वातावरण से हानिकारक ग्रीन गैस को 70-80 प्रतिशत कम करने में सहयोग करता है। फ्रिटर में लगाया गया मिश्रण दुरई के छिलके एवं शैवाल से तैयार किया जाता है। मार्गदर्शक शिक्षक के रूप में रत्ना साहू रही। शाला प्राचार्य ने उन्हे बधाई दी।

मतदाता जागरूकता

दुर्ग। जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल के निर्देश पर जिले के विभिन्न शासकीय विद्यालयों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें शास.उ.मा. विद्यालय खुर्सीपार के विद्यार्थियों ने मानव श्रृंखला बनाकर एवं घर-घर दस्तक देकर खुर्सीपार क्षेत्र के मतदाताओं को मतदान का महत्व बताया और लोकसभा निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करने को कहा। सेजस विद्यालय के विद्यार्थियों ने मतदान जागरूकता के संदेश के साथ बड़ी संख्या में एकत्रित होकर गांव नगपुरा में लंबी रैली निकालकर लोगों को मतदान हेतु जागरूक किया गया। शा.उ.मा.वि कोसानगर के विद्यार्थियों ने स्वीप फॉर्मेशन बनाकर मतदान का संदेश दिया।

मेंटेनेंस के लिए टाउनशिप में विद्युत आपूर्ति बाधित

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएँ विभाग के अन्तर्गत टाउन इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा वार्षिक रखरखाव योजना 2023-2024 के तहत टाउनशिप में विद्युतीय मेंटेनेंस एवं अनुरक्षण कार्य संपादित किये जा रहे हैं। ब्रेकडाउन को कम करने और सिस्टम की दक्षता बढ़ाने के लिए विद्युत सिस्टम के यथोचित रखरखाव पर विशेष जोर दिया जा रहा है।दिसंबर 2023 से मार्च 2024 के दौरान एचटी सिस्टम के निवारक रखरखाव के लिए टाउनशिप के विभिन्न स्थानों में योजनाबद्ध शटडाउन किया जाएगा।

इस वार्षिक रखरखाव योजना के अंतर्गत सबस्टेशन, टैपिंग, डीपी और मेंटेनेंस, ओवरहालिंग, ओवर हेड लाइनों का मेंटेनेंस, जम्पर कसना, क्षतिग्रस्त पिन को बदलना, डिस्क इंसुलेटर और लाइटनिंग अरेस्टर, ट्रांसफॉर्मर का मेंटेनेंस आदि कार्य किये जायेंगे। यह कार्य प्रतिदिन योजनानुसार पूर्ण किये जाते हैं। इस कार्य के तहत टाउनशिप में 19 से 24 फरवरी 2024 के मध्य विभिन्न स्थानों में विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेगी।

19 से 24 तक प्रभावित होने वाले क्षेत्र

19 फरवरी 2024 को वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, 20 फरवरी 2024 को सेक्टर-7 व 32 बंगला, 21 फरवरी 2024 को सेक्टर-06 का सीवेज पम्पहाउस तथा सेक्टर-2 के कुछ हिस्से, 22 फरवरी 2024 को सेक्टर-04 व 03 तथा सेक्टर-2 के कुछ हिस्से, 23 फरवरी 2024 को डायरेक्टर बंगला व रिसाइक्लिंग पम्प हाउस तथा 24 फरवरी 2024 को रिसाइक्लिंग पम्प हाउस। उपरोक्त क्षेत्रों में उल्लेखित दिनांकों को प्रातः 10.00 बजे से 1.30 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। अतः भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएँ विभाग के अंतर्गत टाउन इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग ने संबंधित क्षेत्र के निवासियों से सहयोग की अपील की है।

महापौर हॉकी ट्रॉफी फाइनल में कवर्धा हारी, रायपुर बनी विजेता

- अखिल भारतीय महापौर हॉकी स्पर्धा का समापन
- खेल प्रतिभाओं को प्रदर्शन का अवसर देने महापौर ने की आयोजन की तारीफ

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। निगम द्वारा आयोजित अखिल भारतीय महापौर हॉकी ट्रॉफी महिला समृद्धि बाजार के सामने सिविल लाइन में हॉकी टूर्नामेंट के समापन कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्य अतिथि महापौर धीरज बाकलीवाल विजेता टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर उत्साहवर्धन किया। इस दौरान आयुक्त लोकेश चन्द्राकर, सभापति राजेश यादव, खेलकूद एवं युवा कल्याण विभाग प्रभारी मनदीप सिंह भाटिया, दीपक साहू, वार्ड पार्षद नजहत परवीन, हमीद खोखर, भोला महोबिया मैं किया गया। 13 से 17 फरवरी तक अखिल भारतीय महापौर हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महापौर बाकलीवाल ने हॉकी टूर्नामेंट के समापन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विजयी टीम के खिलाड़ियों को बधाई और शुभकामनाएं दी। महापौर कप में रायपुर एकेडमी का रहा कब्जा, कवर्धा को हराया, मैच काफी संघर्ष पूर्ण रहा, मैच के मैन ऑफद मैच रायपुर एकेडमी को दिया गया और मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार महापौर ने दिया। इस सफल आयोजन के लिए जिला हॉकी संघ के पदाधिकारियों ने महापौर, आयुक्त एवं सभापति का आभार व्यक्त किया। आयोजन में जिला हॉकी संघ के अध्यक्ष अंसार और सचिव गुलाम रहमानी और सभी सहयोगियों ने आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई खेलकूद का विशेष रूप से धन्यवाद किया। महापौर ने देश भर के हॉकी खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने हेतु मंच उपलब्ध करवाने आयोजन की तारीफ करते हुए कहा कि हार जीत तो खेल का हिस्सा है, खिलाड़ियों को हार जीत से ही नहीं बल्कि खेल भावना से खेलते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन करना चाहिए। शहर से हॉकी के राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी निकलें हैं अब ऐसे खेल का हिस्सा है, खिलाड़ियों को हार जीत के उद्देश्य से नहीं बल्कि खेल भावना से खेलते हुए अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करना चाहिए।शहर से हॉकी के राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी निकलें हैं अब ऐसे आयोजनों से शहर के खिलाड़ियों का खेल और भी निखरेगा। महापौर ने कहा ऐसे खेल स्पर्धा होते रहना चाहिए आयोजन से हॉकी राष्ट्रीय और प्रतिष्ठित खेल के प्रति युवाओं का रुझान बढ़ रहा है। खेलकूद एवं युवा कल्याण विभाग प्रभारी मनदीप सिंह भाटिया ने कहा कि छग में खेल के रूप में हॉकी को काफी पसंद किया और खिलाड़ी राष्ट्रीय अंतराष्ट्रीय स्तर पर अपनी बेहतर पहचान बना रहे है। अतिथियों द्वारा सभी टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और खेल भावना को सर्वोपरि बताते हुए इसे जीवन का अभिन्न अंग निरूपित किया। इस अवसर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सबा अंजुम, पार्षद बिजेंद्र भारद्वाज, अंसार अहमद, गुलाम रहमानी, सूर्यमणि मिश्रा, विनोद बाघ समेत अन्य नागरिकगण मौजूद थे।

कैंसर से बचने महिलाओं को दिए गए टिप्स

नव प्रदेश संवाददाता

मुहिम को सफल बनाने कलेक्टर एवं जनप्रतिनिधियों ने भी कराई जांच

दुर्ग। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देश पर जिला अस्पताल में स्तन कैंसर व सर्वाइकल कैंसर के निवंत्रण और जाँच को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वृहद् शिविर का आयोजन किया। इस अद्भुत पहल के माध्यम से हजारों महिलाएँ निःसंदेह और उत्सुकता के साथ शिविर में शामिल हुईं।

इसके साथ ही, जिले के कलेक्टर और अन्य प्रमुख महिला जनप्रतिनिधियों ने भी इस अवसर पर अपनी जाँच कराई। कलेक्टर ने इस महत्वपूर्ण अभियान में सभी नागरिकों से जुड़ने की अपील की ताकि स्तन कैंसर और सर्वाइकल कैंसर जैसी बीमारियों से समाज को मुक्त किया जा सके। उन्होंने बताया कि वैश्विक जलवायु, रहन-सहन, खान-पान परिस्थिति के कारण आज हर 22 में से 01 महिला को स्तन कैंसर होने की संभावना है।

उन्होंने कहा बहुत अच्छा लगा की इतनी बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित हुई, इससे पता लगता है कि महिलाएं अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हैं। जिला अस्पताल में उक्त जांच की सुविधा उपलब्ध है, सभी माता बहनों से अपील है कि आप सभी कैंसर की जांच अवश्य करायें। उन्होंने शिविर में भागीदार सभी डॉक्टरों और मेडिकल स्टाफ के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी जेपी मेश्राम के साथ अन्य चिकित्सक मौजूद रहे।

अवैध रेत परिवहन करते खुदुरपानी के ग्रामीणों ने पकड़ा तीन हाईवा

नगरी/नवप्रदेश। नगरी के अंतिम छोर पर ग्राम पंचायत जबर्रा के आश्रित ग्राम खुदुरपानी में सोंढूर नदी से रेत का अवैध खननकर परिवहन करते खुदुरपानी के ग्रामीणों ने शनिवार 17 फरवरी की शाम साढ़े छह बजे तीन हाईवा को पकड़ा। इसमें क्र छ्त्न04 ॥ङ्ख 9518 वाहन चालक उमेश कुमार साहू पिता बहुलीराम साहू ग्राम भैंसमुड़ी (मगरलोड) वाहन मालिक गिरवर साहू सा मोगरा, हाईवा क्र. छ्त्न05 ष्ठ 1465 वाहन चालक अमृत लाल पिता पंचराम जाति - गोंड सा खड़मा वाहन मासिक जगत सिंह राजपूत जा% चारभांठ (मगरलोड), हाइवा क्र छ्त्न04 क्कह्7757 वाहन चालक यादूराम निषाद पिता चिन्ताराम सा% कुटेना (गरियाबन्द) वाहन मालिक गीताराम साहू सा बेलाद दोना (मगरलोड) (जे% सी वी वाहन 28 छ्वस्- 140 वाहन चालक टेकराम विश्वकर्मा पिता नारद राम विश्वकर्मा सा सरवदा (बालोद) वाहन मालिक थानेश्वर कुमार जाति सा धमतरी को ग्राम - खुदुरपानी के माध्यमिक शाला खुदुरपानी, के सामने चौक (माता देवाला) के पास ग्राम वासियों द्वारा अवैध रेत परिवहन होने के शक में रोका गया। जिसमे रेत खदान का पटेदादार का नाम ज्ञानेश्वर प्रसाद तिवारी ग्राम का नाम - मजर कटा 01 गरियाबंद खसरा नंबर 01 रकबा 0.2.00 हे मासिक अविधि 17.08.2022 से16.08.2024 पर्यावरण स्वीकृत 15.03.22 से 15.03.24 जिला गरियाबंद ले जाने वाले का स्थान श्री

लिखा गया ग्रामीणों ने बताया उस जगह से नही सोदूर नदी से निकाला गया बताया साथ जिसमे दिनांक 18/02/2024 दिन - रविवार को ग्राम - खुदुरपानी, पह -25, राजस्व विभाग नगरी, तह- नगरी, जिला - धमतरी (छ.ग)सूचनोपरान्त ग्राम वन प्रबंधन समिति खुदुरपानी, हल्का पटवारी नम्बर 25, बीट गार्ड चंद0n बाहरा, सरपंच, ग्रामपंचायत भैंसामुडा रामजी मरकाम, सरपंच ग्रापं खरता, उपसरपंच ग्रापं अरता, ग्राम कोटवार के संयुक्त टीम द्वारा लीनों हाइवा एवं एक जेसी जात किया गया। मौके पर पंचनामा तैयार किया,तथा जे भी बी वाहन 35 छ्वस्140को ग्राम सोंढूर नदी के किनारे से ग्राम - आमागांव (गरियाबंद से लेकर ग्राम- खुदुरपानी के माध्यमिक शाला खुदुर पानी में रखा गया किया गया।

जिसमे रविवार को पंचनामा तैयार करते हुए पद पटवारी पंकज उपाध्याय ने कहा कि ग्रामीणों के द्वारा सूचना मिली रेत से भरे हाईवा परिवहन करते पकड़ा गया है उसके आने के बाद ग्रमीण के कहने के अनुसार पंचनामा तैयार किया गया और रेत से भरे हाईवा और जेसीबी मशीन जप्त कर कार्यवाही किया गया साथ ही ग्रामीण ने पंचनामे पर हस्तक्षा करने से मना किया उसके बताये जाने के अनुसार ही पंचनामा तैयार किया गया ग्रामीण ने कहा कि क्क्र कटने के बाद यहा से गाड़ी को ले जाने दिया जायेगा कहा गरियाबंद तहसील आ रहे उसके अनुसार कार्यवाही कर उच्च अधिकारी को अवगत करवाया जायेगा

ग्राम पंचायत खुदूर पानी वन प्रबंधन समिति के सचिव शत्रुधन यादव के द्वारा कहा कि शनिवार को सुबह से गरियाबंद जिले के क्षेत्र सुबह जेसीबी मशीन हाईवा देखा गया। ग्रामीणो के साथ ही शाम 6 बजे गांव से होकर रेत से लदा हाईवा निकल रहा था। वही वापस जाने को कहा गया मगर नही माने उसके वन विभाग की टीम और लोगो को जानकारी दी की बात कहीवन विभाग पहुंच अपने कब्जे में रखा गया साथी दे रविवार कोवन विभाग एवं राजस्व विभाग के द्वारा अभी तक पंचनामा ही तैयार किया गया बात कही साथ वन विभागएवं राजस्व विभाग कीकार्यवाही सेअसमर्थ है हमारा पांचवी अनुसूची क्षेत्र में आता हैऔर ग्राम सभा में क्या अधिकार हैइसके अनुसार विधिवत कार्रवाई होना चाहिए हम ग्राम वासियों का कहना है उसके अनुसार कार्रवाई की मांग की है अंतिम निर्णय है।

न्यूज गैलरी

बलौदाबाजार में शीघ्र केन्द्रीय विद्यालय

बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश। बलौदा बाजार को जल्द मिलेगा केंद्रीय विद्यालय टंक राम वर्मा बलौदा बाजार क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक एवं छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा के तीन दिवसीय न्यू दिल्ली यात्रा के दौरान कई केंद्रीय मंत्रियों के साथ मुलाकात की। इस दौरान केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से उनके आवास पर शिष्टाचार मुलाकात करने छत्तीसगढ़ शासन के युवा खेल राजस्व आपदा प्रबंधन कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा पहुंचे। जहां कई मुद्दों पर चर्चा हुई तथा बलौदा बाजार जिला मुख्यालय में केंद्रीय विद्यालय कि शीघ्र स्वीकृति प्रदान किए जाने का आग्रह किया। केंद्रीय मंत्री द्वारा आश्वासन देते हुए कहा कि जल्द ही केंद्रीय विद्यालय की मांग पूरी होगी। यह खबर मिलते ही बलौदा बाजार सहित पूरे अंचल में खुशी की लहर है।

अयोध्या धाम से लौटे रामभक्तों का स्टेशन पर फूलों से स्वागत

भाटापारा/नवप्रदेश। भाटापारा के 72 राम भक्तों का जत्था अयोध्या धाम से रामलला के दर्शन के बाद भाटापारा वापस लौटने पर रेलवे स्टेशन में भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूल माला से स्वागत किया। राम भक्तों के जत्था प्रभारी जिला मंत्री भाजपा महाबल बघेल ने बताया कि अयोध्या धाम की यात्रा एक स्मरणीय व सुखद यात्रा थी, आस्था स्पेशल ट्रेन में आते जाते दोनों समय राम भक्तों के लिए शासन व प्रशासन की ओर से खाने पीने, सोने बैठने व सुरक्षा की चाक-चौबंद व चुस्त-दुरुस्त व्यवस्था की गई थी, सभी राम भक्तों ने शासन प्रशासन के इस शानदार व्यवस्था की बहुत प्रशंसा की। पीएम मोदी और सीएम साय का अयोध्या धाम के सुखद यात्रा के लिए आभार जताया व दोनों का धन्यवाद ज्ञापित किया। स्वागत करने वालों में डॉ मोहन बांधे, गोवर्धन डहरिया, हारुन खान, जयसंत कोसले, संजय ठाकुर सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता गण आदि शामिल थे।

सर्व शिक्षक फेडरेशन ने डीईओ को सौंपा ज्ञापन

गरियाबंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश नियमित सर्व शिक्षक फेडरेशन, जिला गरियाबंद के जिला अध्यक्ष बिहारी लाल प्रधान, विकासखण्ड गरियाबंद अध्यक्ष डॉ ओम प्रकाश वर्मा के अगुवाई में जिला शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार निषाद एवम् जिला कोषालय, कोष अधिकारी खलको को नियमितीकरण एवं इंक्रीमेंट संबंधी आदेश पारित करने ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में सीधी भर्ती से चयनित नव नियुक्त शिक्षकों की नियुक्ति आदेश 22 फरवरी 2023 को जारी हुआ था और मार्च 2021 की स्थिति में लगभग समस्त शिक्षकों, व्याख्याताओं द्वारा पदभार ग्रहण की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई थी उक्त नियुक्ति आदेश के अनुसार परीक्षावधि 3 वर्ष की थी जो कि मार्च 2024 में समाप्त हो रही है चूंकि परीक्षा अवधि पूर्ण होने को है एवं छत्तीसगढ़ अधिसूचना 2019 के अनुसार 1 वर्ष में दो बार जिसका पद ग्रहण 2 जनवरी से 1 जुलाई में हो जनवरी तथा जुलाई में जिसका पद ग्रहण 2 जुलाई से 1 जनवरी में हो वेतन वृद्धि का प्रावधान है साथ ही साथ अधिसूचना के अनुसार नियुक्ति तिथि को ध्यान में रखते नियमितीकरण का आदेश जारी करने एवं नियुक्ति तिथि मार्च 2021 से अब तक की रुकी हुई वेतन वृद्धि एवं कटौती के समस्त राशि प्रदान करने की मांग संघ के पदाधिकारियों ने की है। जिला शिक्षा अधिकारी गरियाबंद रमेश कुमार निषाद एवं जिला कोषालय अधिकारी खलको से त्वरित कार्यवाही हेतु अनुशंसा प्राप्त हुई है। इस हेतु संघ के महिला कार्यकारिणी संध्या वर्मा, काजल चंद्राकर, ममता शर्मा, विकासखंड सचिव सत्यम पटेल की विशेष भूमिका रही।

मांग, कसडोल विधानसभा से हो जांजगीर-चांपा का सांसद प्रत्याशी

पलारी/नवप्रदेश। कसडोल विधान सभा के युवा मोर्चा के पदाधिकारियों ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया है की लोकसभा जांजगीर चांपा क्षेत्र क्रमांक 03 अनुसूचित जाति के लिए सुरक्षित है। क्षेत्र भी बहुत बड़ा है इसके पूर्व यह क्षेत्र सारंगगढ लोक सभा में आते थे। सारंगगढ़ लोकसभा से स्वर्गीय परस राम भारद्वाज लंबे समय तक सांसद बनते रहे। जो सारंगगढ क्षेत्र से आते थे एक बार पलारी विधान सभा से पी आर खूंटे सांसद बने थे। उसके बाद परिसीमन में सारंगढ़ की जगह जांजगीर चांपा अलग लोक सभा बन गया। यहां से श्रीमती कमला देवी पटले सांसद बनी। उसके बाद गुहाराम अजगले को सांसद चुने गए। युवा मोर्चा कसडोल, बिलाईगढ़ और पामगढ़ के युवाओं के साथ इस क्षेत्र के मतदाताओं की मांग है कि अबकि बार सांसद प्रत्याशी कसडोल विधान सभा से हो।

मांग करने वालों में युवा मोर्चा पलारी के अध्यक्ष भोला वर्मा महामंत्री चुरामणीय साहू लोकेश यदु उपाध्यक्ष दीपक साहू दीपक वर्मा योगी वर्मा कौशल साहू ईश्वर बघेल हरिकीर्तन यादव लखन लाल यादव नोहर मार्कण्डेय भीमा यादव रूपेश पांडे अनुराग घिरहे सुभाष अग्रवाल हिमांशु वर्मा यशवंत पॉल अमित कुमार तेहरवंश लोकनाथ तेहरवश श्री मती संतोषी मानिकपूरी श्रीमती सुरजा चेलक श्रीमती गायत्री निषाद भरत लाल वर्मा हृदय लाल पैकरा आदि शामिल हैं।

बाइक पेड़ से टकराई, युवक की मौत

गरियाबंद/नवप्रदेश। नेशनल हाइवे में सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। युवक सड़क किनारे बाइक के साथ औंधे मुंह पड़ा हुआ था। मामला गरियाबंद सिटी कोतवाली क्षेत्र का है। नेशनल हाइवे 130 सी पर सड़क किनारे एक बाइक सवार की पेड़ से टकराने से मौत हो गई। लोगों ने कोतवाली पुलिस को इसकी सूचना दी, जिसके बाद पुलिस रविवार सुबह मौके पर पहुंची। मृतक की पहचान जैतपुरी निवासी संजय विश्वकर्मा के रूप में की गई है। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे। परिजनों ने बताया कि मृतक क्रेन ऑपरेटर था, जो काम खत्म होने के बाद गरियाबंद से अक्सर रात को ही घर के लिए बाइक से निकलता था। अंदेशा जाहिर किया जा रहा है की सामने से आ रही किसी बड़े वाहन के टकराने या साइड देते वक्त आंकों में तेज रोशनी के कारण बाइक पेड़ से टकरा गई होगी। रात को इसकी सूचना किसी को नहीं मिल सकी। युवक रातभर खुले में पड़ा रहा। इसके कारण उसकी मौत हो गई होगी। कोतवाली पुलिस शव का पोस्टमार्टम करवा कर मामले की जांच में जुट गई है।

प्रथम पृष्ठ का शेष

100 दिन अहम, हमें सबका...

हैं, लेकिन झूठे वादे करने में आगे रहते हैं। बहरहाल, राष्ट्रीय कार्यकारिणी और राष्ट्रीय परिषद की इस बैठक में लोकसभा चुनाव में जीत के लिए रोडमैप तैयार किया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, पिछले 10 साल में भारत ने जो उपलब्धि हासिल की है, वो अभूतपूर्व है। यह गाजे-बाजे के साथ दुनिया बोल रही है। आज देश को विकसित भारत के संकल्प के साथ जोड़ दिया है। अब देश न छोटे सपने देख सकता है और न छोटे संकल्प ले सकता है। यह सपना भी है और संकल्प भी है कि भारत को विकसित बनाना है। अगले 5 साल में लंबी छलांग लगाना है। उन्होंने आगे बोलते हुए कहा कि पूरा देश मानता है कि 10 साल के कार्यकाल में 25 करोड़ लोगों का गरीबी रेखा से निकालना छोटी उपलब्धि नहीं है। हमने देश को आतंकवाद से मुक्ति दिलाई है। हमने गरीब-मिडिल क्लास का जीवन बेहतर किया है।

कांग्रेस नासूरों को जगह...

परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, केन्द्रीय मंत्रीगण एवं पार्टी के करीब 12 हजार कार्यकर्ता उपस्थित थे। इस दौरान प्रस्ताव का अनुमोदन केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने किया। उन्होंने कहा, बीते 75 वर्ष में इस देश ने 17 लोकसभा चुनाव, 22 सरकारें और 15 प्रधानमंत्री देखें हैं। देश में हर सरकार ने अपने समय पर समयानुकूल विकास करने का प्रयास किया है। लेकिन आज मैं बिना किसी कन्फ्यूजन के कह सकता हूं कि समग्र विकास, हर क्षेत्र का विकास और हर व्यक्ति का विकास करने का काम केवल नरेन्द्र मोदी जी के 10 वर्षों में हुआ है।

विश्व प्रसिद्ध जैन मुनि...

महाराज का आर्शीवाद लेने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। हथकरघा और गौ सेवा का उन्होंने जो अभियान चलाया वो भारतीय संस्कृति को पुनर्जीवित करने वाला था। आचार्य जी का जीवन जीवों के कल्याण के लिए था। वे भले ही भौतिक रूप से उपस्थित नहीं हों लेकिन उनकी शिक्षा और संस्कार हमें सदैव प्रेरित करते रहेंगे।

विद्यासागर महाराज का ब्रह्मलीन ...

छत्तीसगढ़ के चंद्रगिरी जैन मंदिर में उनसे हुई भेंट उनके लिए अविस्मरणीय रहेगी। तब आचार्य जी से उन्हें भरपूर स्नेह और आशीष प्राप्त हुआ था। समाज के लिए उनका अप्रतिम योगदान देश की हर पीढ़ी को प्रेरित करता रहेगा।

अंतिम दर्शन करने जा रहे थे, कार ..

सवार आशीष जैन, जितेंद्र जैन जीतू और प्रशांत जैन की मौत हो गई। कार सवार 6 लोगों में से वर्धमान जैन, अप्पू जैन एवं अंशुल जैन की हालत ठीक है। हालांकि उन्हें भी चोट आई है।

समाज में शोक-बताया जाता है कि कार सवार सभी 6 लोगों में से 5 खुद ड्राइविंग जानते थे। हादसा कैसे हुआ इसके बारे में फिलहाल कोई जानकारी नहीं मिल सकी है। जैन मुनि विद्यासागर महाराज के समाधि लेने की खबर से पहले ही गमगीन रहे जैन समाज तीन युवकों की मौत से दुख का पहाड़ टूट पड़ा है। पूरा समाज शोकाकुल है।

अमेरिका की भारत-प्रशांत...

अमेरिका पर रणनीति को आगे बढ़ाने के लिए अपने अनुयायियों के साथ मिलकर क्षेत्रीय देशों पर दबाव डालने के प्राथमिक प्रयासों को निर्देशित करने का आरोप लगाया गया है।

राहुल ने डबल इंजन सरकार ...

अक्सर ज्वॉइनिंग के लिये कोर्ट का चक्कर। सेना से लेकर रेलवे और शिक्षा से लेकर पुलिस तक की भर्तियों का सालों इंतज़ार कर लाखों छात्र की ओवर एज हो चुके हैं। निराशा के इस चक्रव्यूह में फंसा छात्र डिप्रेशन का शिकार होकर टूट रहा है और इन सब से व्यथित होकर जब वह अपनी मांगें लेकर सड़क पर निकले तो मिलती हैं पुलिस की लाठियां।

मुझे नहीं लगता है कि...

श्री कमलनाथ जैसे व्यक्ति ने अपनी शुरूआत कांग्रेस के साथ की थी। वे श्रीमती इंदिरा गांधी के तीसरे पुत्र माने जाते थे। उन्होंने कांग्रेस का हमेशा साथ दिया। वे कांग्रेस के स्तंभ रहे। केंद्र सरकार में मंत्री रहे। संगठन में महामंत्री रहे। प्रदेश अध्यक्ष बने और फिर मुख्यमंत्री भी बने। सारे पद उन्हें मिले हैं। श्री सिंह ने कहा कि इसलिए उन्हें नहीं लगता कि वे कांग्रेस छोड़ेंगे। श्री सिंह ने कहा कि जिस तरह ईडी, आईटी और सीबीआई का दबाव सब पर है, वो उन पर (श्री कमलनाथ पर) भी है।

विभिन्न देशों के अलग-अलग ...

भारत की आलोचना नहीं की जानी चाहिए। एस. जयशंकर से पूछा गया कि मास्को के यूक्रेन पर आक्रमण के बावजूद भारत लगातार रूस से कच्चा तेल खरीद रहा है...? इस पर जयशंकर ने कहा, यह समस्या क्यों होनी चाहिए? मैं इतना स्मार्ट हूं कि मेरे पास कई विकल्प हैं। आपको इसके लिए मेरी तारीफ करनी चाहिए, आलोचना नहीं। क्या यह दूसरों के लिए समस्या है? मुझे ऐसा नहीं लगता। जयशंकर ने कहा, अच्छे साझेदार विकल्प प्रदान करते हैं, स्मार्ट साझेदार उनमें से कुछ विकल्प अपनाते हैं।

लिट्टे को फिर से खड़ा ...

प्राप्त हवाला धन के संग्रह के लिए एक एजेंट के रूप में भी काम किया था, जिसे लिट्टे की गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए आगे वितरित किया जा रहा था। अदालत के समक्ष दायर पूरक आरोप पत्र में एजेंसी ने पूरी साजिश में आदिलिंगम की भूमिका के बारे में विस्तार से बताया है।

राजकोट में रचा इतिहास...

अपने नाम किया था। 2016 में टीम इंडिया ने न्यूजीलैंड को 321 रन से मात दी थी। इसके अलावा 2008 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत ने मोहाली में 320 रन से जीत दर्ज की थी।

शांतिवार्ता के बीच सीएएफ...

रहा है। उसे बेहद चतुर, तेज और शातिर माना जाता है। साल 2004 से 27 से अधिक हमलों का नेतृत्व कर चुका है। 2013 के झीरम हमले में भी वह शामिल था। वहीं अप्रैल 2017 के बुर्कापाल में हुए हमले में सीआरपीएफ के 24 जवान शहीद हुए थे। सुकमा के ताड़मेटला हमले में सीआरपीएफ के 76 जवान शहीद हुए थे। हिड़मा को अप्रैल 2017 के बुर्कापामल हमले का मास्टरमाइंड माना जाता है, जिसमें 24 जवान शहीद हुए थे।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

//उद्घोषणा //

राजस्व प्र. क्रं /20240221020048/ अ/2 वर्ष 2023-24 ग्राम कुकुरदी पहनावा। 23 तहसील बलौदा बाजार जिला बलौदा बाजार-भाटापारा (छ.ग.)

सर्वसाधारण जनता ग्राम कुकुरदी पहनं. 23 तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजकुमारी पति दीपचन्द जैन, प्रवीण, रवि, प्रीति, रितु पिता दीपचन्द जैन सभी निवासी ग्राम बलौदाबाजार तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) द्वारा ग्राम कुकुरदी पहनं. 23 तहसील बलौदाबाजार स्थित भूमि खसरा नं. 286 रकबा 0.664 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है । उक्त भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन के लिये छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत् व्यपवर्तित कर छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 59 (2) के तहत पुर्ननिर्धारण करने हेतु बी-01, पी-02 खसरा नक्शा ब्लू- प्रिन्ट सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त आवेदित भूमि के संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त आवेदित भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु परिवर्तित करने में जिस किसी व्यक्ति या कोई संस्था को दावा/आपत्तिया यदि कोई हो तो वे दिनांक 26/02/2024 को मेरे न्यायालय में स्वतः उपस्थित होकर या अपने वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा आपत्तिया प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही होगी।

आज दिनांक 12/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बलौदाबाजार (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

//उद्घोषणा //

राजस्व प्र. क्रं. 20240121020012/ अ/2 वर्ष 2023-24 ग्राम बलौदा बाजार प.ह.न. 15 तहसील बलौदा बाजार जिला बलौदा बाजार-भाटापारा (छ.ग.)

सर्वसाधारण जनता ग्राम बलौदाबाजार पहनं. 15 तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक कमल कुमार पिता कौशल प्रसाद जाति केवट निवासी ग्राम दर्रा तहसील कसडोल जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) द्वारा ग्राम बलौदाबाजार पहनं. 15 तहसील बलौदाबाजार स्थित भूमि खसरा नं. 169/12 रकबा 0.015 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है । उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजन के लिये छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत् व्यपवर्तित कर छ.ग. भू.रा. संहिता 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण करने हेतु बी-01, पी-02 खसरा नक्शा ब्लू-प्रिन्ट सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त आवेदित भूमि के संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त आवेदित भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु परिवर्तित करने में जिस किसी व्यक्ति या कोई संस्था को दावा/आपत्तिया यदि कोई हो तो वे दिनांक 23/02/2024 को मेरे न्यायालय में स्वतः उपस्थित होकर या अपने वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा आपत्तिया प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही होगी।

आज दिनांक 15/01/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बलौदाबाजार (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

// उद्घोषणा //

राजस्व प्रकरण क्रमांक/20240221020057/ अ/2 वर्ष 2023-24 ग्राम कोकाडी प.ह.नं. 16 तहसील बलौदा बाजार जिला बलौदा बाजार-भाटापारा (छ.ग.)

सर्वसाधारण जनता ग्राम कोकड़ी पहनं. 16 तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदिका सुनीता साहू पिता रामसेवक साहू जाति तेली निवासी ग्राम बलौदाबाजार तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) द्वारा ग्राम कोकड़ी प.ह.नं. 16 तहसील बलौदाबाजार स्थित भूमि खसरा नं. 1689/7 रकबा 0.009 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजन के लिये छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत् व्यपवर्तित कर छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण करने हेतु बी-01, पी-02 खसरा नक्शा ब्लू-प्रिन्ट सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त आवेदित भूमि के संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त आवेदित भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु परिवर्तित करने में जिस किसी व्यक्ति या कोई संस्था को दावा/आपत्तिया यदि कोई हो तो वे दिनांक 26/02/2024 को मेरे न्यायालय में स्वतः उपस्थित होकर या अपने वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा आपत्तिया प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही होगी।

आज दिनांक 12/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बलौदाबाजार (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

//उद्घोषणा //

रा. प्र. क्र. 20231221020034 अ/2 वर्ष 2023-24 ग्राम कोकड़ी पी.एच.नं. 16 तहसील बलौदा बाजार जिला बलौदा बाजार-भाटापारा (छ.ग.)

सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम कोकडी प.ह.नं. 16 तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा मे इस न्यायालय का रा.प्र.क. 20231221020034 अ/2 वर्ष 2023-24 आवेदिका श्रीमती मेघा साहू पति अश्वनी साहू जाति तेली निवासी ग्राम सिविल लाईन बलौदाबाजार तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. के द्वारा ग्राम कोकडी प.ह.नं. 16 तहसील बलौदाबाजार स्थित भूमि ख.न. 133/48 रकबा 0.019 हे. भूमि राजस्व अभिलेख आवेदिका के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजन के लिये छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत व्यपवर्तित कर छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 59 (2) के तहत पुर्ननिर्धारण करने हेतु बी-1, पी-2 खसरा नक्शा ब्लू प्रिन्ट सहित आवेदन मय दस्तावेज प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदित भूमि के संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त आवेदित भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु परिवर्तित करने में जिस किसी व्यक्ति या कोई संस्था को दावा/आपत्तिया यदि कोई हो तो वे दिनांक 23/2/2024 को मेरे न्यायालय में स्वतः उपस्थित होकर या अपने वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही होगी।

आज दिनांक 24/01/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बलौदाबाजार (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email: rmczone10@gmail.com

ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. 9188 दिनांक 17.02.2024
वार्ड का नाम- 52 - डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 52 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR446N00233 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती ASHA UDHWANI, BABITA UDHWANI पिता/पति श्री/श्रीमती PRAHLAD UDHWANI, MANISH UDHWANI के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती JANVI PRADEEP TEJWANI पिता/पति श्री/श्रीमती W/O PRADEEP NANDLAL TEJWANI ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/**पंजीकृत विक्रय विलेख**/वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे

श्री दिनेश कोसरिया
(जोन कमिश्नर)
जोन (10)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email: rmczone10@gmail.com

ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. 8844 दिनांक 16.2.2024
वार्ड का नाम - 52- डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 52 स्थित भवह्यह्यन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR446L0855C जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती HARESH MEGHWANI पिता/पति श्री/श्रीमती VASUDEV MEGHWANI के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती 1 JAISHREE AGREY 2 SOURABH AGREY पिता/पति श्री/श्रीमती 1 W/O LATE DWARIKA PRASAD AGREY 2 S/O LATE DWARIKA PRASAD AGREY ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी । जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे

श्री दिनेश कोसरिया
(जोन कमिश्नर)
जोन (10)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

// उद्घोषणा //

राजस्व प्र. क्र. /20240221020058/ अ/2 वर्ष 2023-24 ग्राम पलारी प.ह.नं. 22 तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग)

सर्वसाधारण जनता ग्राम पलारी पहनं. 22 तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक खोरबाहरा पिता कलीराम साहू जाति तेली निवासी ग्राम पलारी तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग) द्वारा ग्राम पलारी प.ह.नं. 22 तहसील पलारी स्थित भूमि खसरा नं. 1053/9 रकबा 0.012 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजन के लिये छ.ग.भू. रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत् व्यपवर्तित कर छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 59(2) के तहत पुर्ननिर्धारण करने हेतु बी-01, पी-02 खसरा नक्शा ब्लू-प्रिन्ट सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त आवेदित भूमि के संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त आवेदित भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु परिवर्तित करने में जिस किसी व्यक्ति या कोई संस्था को दावा/आपत्तिया यदि कोई हो तो वे दिनांक 26/02/2024 को मेरे न्यायालय में स्वतः उपस्थित होकर या अपने वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा आपत्तिया प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही होगी।

आज दिनांक 12/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बलौदाबाजार (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

//उद्घोषणा //

राजस्व प्र.क्र./20240121020121/ अ/2 वर्ष 2023-24 ग्राम लवन पहनं. 36 तहसील लवन जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग)

सर्वसाधारण जनता ग्राम लवन पहनं. 36 तहसील लवन जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग) को सूचित किया जाता है कि आवेदक भोलाशंकर पिता लेढ़वा जाति तेली निवासी ग्राम लवन तहसील लवन जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग) द्वारा ग्राम लवन पहनं. 36 तहसील लवन स्थित भूमि खसरा नं. 1292/45 का भाग रकबा 0.011 हे. को आवासीय प्रयोजन के लिये छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत व्यपवर्तित कर छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 592) के तहत् पुर्ननिर्धारण करने हेतु बी-01, पी-02 खसरा नक्शा ब्लू-प्रिन्ट सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त आवेदित भूमि के संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त आवेदित भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु परिवर्तित करने में जिस किसी व्यक्ति या कोई संस्था को दावा/आपत्तिया यदि कोई हो तो वे दिनांक 23/02/2024 को मेरे न्यायालय में स्वतः उपस्थित होकर या अपने वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा आपत्तिया प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही होगी।

आज दिनांक 15/01/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बलौदाबाजार (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

उद्घोषणा

राजस्व प्रकरण क्र./20240221020052/ अ/2 वर्ष 2023-24 ग्राम छुईहा (मा.) प.ह.नं. 08 तहसील बलौदा बाजार जिला बलौदा बाजार-भाटापारा (छ.ग.)

सर्वसाधारण जनता ग्राम छुईहा (मा.) पहनं. 08 तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदिका दुर्गा रानी पिता मयाराम वर्मा जाति कुर्मी निवासी ग्राम करमदा तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) द्वारा ग्राम छुईहा (मा.) प.ह.नं. 08 तहसील बलौदाबाजार स्थित भूमि खसरा नं. 864/17 शामिल 866/4 रकबा 0.010 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है । उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजन के लिये छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत् व्यपवर्तित कर छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण करने हेतु बी-01, पी-02 खसरा नक्शा ब्लू-प्रिन्ट सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त आवेदित भूमि के संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त आवेदित भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु परिवर्तित करने में जिस किसी व्यक्ति या कोई संस्था को दावा/आपत्तिया यदि कोई हो तो वे दिनांक 26/02/2024 को मेरे न्यायालय में स्वतः उपस्थित होकर या अपने वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा आपत्तिया प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही होगी।

आज दिनांक 12/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बलौदाबाजार (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

// उद्घोषणा //

राजस्व प्र. क्र. / 20240221020060 / अ/2 वर्ष 2023-24 ग्राम बलौदाबाजार प.ह.नं. 15 तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

सर्वसाधारण जनता ग्राम बलौदा बाजार पहन. 15 तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदा बाजार-भाटापारा (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक दीपक कुमार पिता गेंदराम साहू जाति तेली निवासी ग्राम बलौदाबाजार तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदा बाजार-भाटापारा (छ.ग.) ग्राम बलौदा बाजार पी.एच.नं. 15 तहसील बलौदा बाजार की भूमि खसरा नं. 1240/34 क्षेत्रफल 0.013 हे. जमीन राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। उक्त भूमि आवासीय प्रयोजन हेतु है। कोड 1959, सीजी की धारा 172 द्वारा संशोधित। संहिता 1959 की धारा 59(2) के अंतर्गत पुनर्निर्धारण हेतु आवेदन पत्र बी-01, पी-02 खसरा नक्शा ब्लू प्रिंट प्रस्तुत किया गया है। उक्त आवेदित भूमि के संबंध में मामला इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त आवेदित भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु परिवर्तित करने में जिस किसी व्यक्ति या कोई संस्था को दावा/आपत्तिया यदि कोई हो तो वे दिनांक 26/02/2024 को मेरे न्यायालय में स्वतः उपस्थित होकर या अपने वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा आपत्तिया प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही होगी।

आज दिनांक 12/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बलौदाबाजार (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

// उद्घोषणा //

राजस्व प्र.क्र. 20240221020054/ अ/2 वर्ष 2023-24 ग्राम कोकरी पी.एच.नं. 16 तहसील बलौदा बाजार जिला बलौदा बाजार-भाटापारा (छ.ग.)

सर्वसाधारण जनता ग्राम कोकड़ी पहनं. 16 तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक लक्ष्मीबाई पति नरेन्द्र तिवारी, दीपक कुमार, त्रिलोक दोनो पिता नरेन्द्र तिवारी सभी जाति ब्राम्हण सभी निवासी ग्राम बलौदाबाजार तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) द्वारा ग्राम कोकड़ी प.ह.नं. 16 तहसील बलौदाबाजार स्थित भूमि खसरा नं. 1562/16 रकबा 0.012 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है । उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजन के लिये छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत् व्यपवर्तित कर छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण करने हेतु बी-01, पी-02 खसरा नक्शा ब्लू-प्रिन्ट सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त आवेदित भूमि के संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त आवेदित भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु परिवर्तित करने में जिस किसी व्यक्ति या कोई संस्था को दावा/आपत्तिया यदि कोई हो तो वे दिनांक 26/02/2024 को मेरे न्यायालय में स्वतः उपस्थित होकर या अपने वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा आपत्तिया प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही होगी।

आज दिनांक 12/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बलौदाबाजार (छ.ग.)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर प्रथम तल, अग्रदूत बिल्डिंग, रजबंधा मैदान, रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-3526755,6262188999, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021

पुलिस आवासीय कॉलोनी अमलीडीह में कैंटीन की शुरूआत

रायपुर/नवप्रदेश। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा जी के पुलिस कॉलोनी अमलीडीह प्रवास के दौरान पुलिस परिवारजनों के द्वारा अमलीडीह कॉलोनी में पुलिस कैंटीन खोले जाने के संबंध में आग्रह किया गया था। विजय शर्मा जी के द्वारा पुलिस मुख्यालय को पुलिस परिवारजनों की मांग पर आवश्यक कार्यवाही यथा शीघ्र करने के निर्देश दिए गए थे। उपमुख्यमंत्री (गृह विभाग) के निर्देश पर पुलिस मुख्यालय द्वारा तत्परता से कार्यवाही कर पुलिस अधीक्षक, रायपुर एवं सेनानी चौथी वाहिनी छसबल को तत्काल पुलिस कैंटीन खोलने के निर्देश एवं अनुमति दी गई। आज, पुलिस आवासीय कॉलोनी अमलीडीह में पुलिस जवानों एवं उनके परिवार के कल्याणार्थ पुलिस कैंटीन का उद्घाटन अमरेश कुमार मिश्रा पुलिस महानिरीक्षक रायपुर क्षेत्र रायपुर के मुख्य आतिथ्य में संतोष कुमार सिंह पुलिस अधीक्षक रायपुर, योगेश पटेल सेनानी चौथी वाहिनी माना की गरिमामय उपस्थिति में किया गया। पुलिस आवासीय परिसर में निवासरत 1080 परिवार के द्वारा उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा सहित पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज रायपुर, पुलिस अधीक्षक रायपुर, सेनानी चौथी वाहिनी माना एवं पुलिस प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए इस सुविधा को प्रदान किए जाने के लिए आभार व्यक्त किया गया। पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज के द्वारा अपने उद्बोधन में कहा गया कि कल्याणकारी कार्य के दौरान हम सभी परिवारों को एक दूसरे परिवार का ख्याल रखना चाहिए एक दूसरे की मदद करनी चाहिए एक दूसरे के बच्चों को सही मार्गदर्शन देना चाहिए। हम सभी को मिलकर ऐसी भावना का विकास करें तो यह सभी के लिए अत्यंत प्रभावी एवं कल्याणकारी कदम होगा। पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज रायपुर द्वारा पुलिस एवं पुलिस परिवार के सदस्यों द्वारा बेहतर गाइडिंग करने वाले सदस्य को प्रत्येक माह पुरस्कार दिए जाने की बात कही उन्होंने पुलिस परिवार से कहा कि कैंटीन के खुलने से बाजार दर से कम मूल्य में सामान प्राप्त होंगे जो राशि बचेगी उसका परिवार के हित में सदुपयोग करें। पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज अमरेश कुमार मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक रायपुर के द्वारा पुलिस कैंटीन प्रारंभ होने पर कैंटीन खोले जाने में सहयोग दिए जाने हेतु सेनानी चौथी वाहिनी माना, जिला पुलिस बल रायपुर के अधिकारीगण के साथ पुलिस परिवार के उन सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित किया जिन्होंने उसमें सहयोग किया। पुलिस परिवार के कल्याण के लिए इस प्रकार का कार्य भविष्य में भी करने की बात कही। सेनानी चौथी वाहिनी माना के द्वारा अपने उद्बोधन में पुलिस परिवार को पुलिस कैंटीन खोले जाने पर शुभकामनाएं व धन्यवाद ज्ञापित किया पुलिस परिवार की ओर से पुलिस आवासीय परिसर कॉलोनी के अध्यक्ष सुरेंद्र चंद्रा के द्वारा अपना उद्बोधन में सभी वरिष्ठ अधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

न्यूज़ गैलरी

भारतीय योग संस्थान का दो दिवसीय योग प्रशिक्षण

रायपुर/नवप्रदेश। शिविर के अंतिम दिवस पर प्रातः 5:00 बजे से 6:30 बजे तक मंत्र ध्यान व योग ध्यान के साथ सामूहिक साधना कराई गई संस्थान प्रधान श्री देशराज एवं महामंत्री ललित गुप्ता द्वारा इस निशुल्क चलाई जा रही योग साधना से सभी को जुड़ने के लिए प्रेरित किया तथा इसे ईश्वरीय कार्य समझकर अपनी सेवाएं देने के लिए साधकों को प्रतिज्ञाबद्ध भी कराया उन्होंने कहा हर गली, हर मोहल्ले ,हर गांव ,शहर पर योग साधना होनी चाहिए जिससे भारतवर्ष विश्व गुरु के साथ-साथ योग गुरु की महिमा से भी मंडित हो वर्तमान में मधुमेह रोग को उन्होंने एक महामारी के रूप में बताया तथा आज अंतिम दिवस पर मधुमेह से कैसे बचाव किया जाए इस पर विस्तृत रूप से योग साधना कराई अंत में सभी प्रशिक्षार्थियों की परीक्षा लिखित ली गई योग प्रशिक्षार्थियों ने विभिन्न रोगों से बचाव के उपाय सीख कर शहर के हर गली मोहल्ले में योग कराने के लिए जागरूकता करने की प्रतिज्ञा ली। इस अवसर पर विभिन्न प्रेरणादायी सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया मनोरंजक गेम भी खेले गए अंत में भारतीय योग संस्थान के छत्तीसगढ़ शाखा के योग प्रमुख सर्वश्री मुकेश सोनी, राजेश डागा, राजेश अग्रवाल द्वारा आभार व्यक्त करते हुए शिविर की सफ्लता पर प्रसन्नता व्यक्त की। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी श्रीमती कांति लुनिया ने दी।

कलेक्टर ने राजिम मेले की तैयारियों का किया अवलोकन

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिले के पवित्र धार्मिक नगरी राजिम के त्रिवेणी संगम में प्रतिवर्ष लगने वाले राजिम कुंभ कल्प मेला का आयोजन इस वर्ष 24 फरवरी से 8 मार्च तक किया जायेगा। इसके लिए मेला स्थल पर तैयारी तीव्र गति से शुरू हो गई है। मेला के सुव्यवस्थित आयोजन के लिए पर्यटन विभाग के प्रबंध संचालक जितेन्द्र शुक्ला एवं कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने आज मेला स्थल पहुंचकर जिला स्तरीय नियुक्त नोडल/प्रभारी अधिकारियों के साथ बैठक लेकर मेला संबंधी प्रगतिरत अद्यतन कार्यों के बारे में जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस दौरान उन्होंने मेला स्थल के कार्यों का जायजा लेते हुए कहा कि निर्माण कार्यों को निर्धारित समयावधि पर पूर्ण करे। कलेक्टर ने मेला स्थल पर स्थानीय व्यवसायियों को दुकान आबंटन करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर अपर कलेक्टर अविनाश भोई, राजिम एसडीएम धनंजय नेताम, एसडीओपी पुष्पेन्द्र नायक, सीईओ गरियाबंद श्रीमती पदमिनी हरदेल, सीएमओ सलामे सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

तुमड़ीबोड़ में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जनसामान्य के राजस्व सहित अन्य कार्यों के निराकरण के लिए कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम तुमड़ीबोड़ में किया गया।

कलेक्टर संजय अग्रवाल शिविर में पहुंचकर वहां उपस्थित लोगों से उनकी समस्या के बारे में जानकारी ली तथा मौके पर ही सम्बन्धित अधिकारी को उसके निराकरण हेतु निर्देश दिए। उन्होंने सभी स्टॉल का निरीक्षण किया और वहां उपस्थित सभी पटवारी को निर्देश दिए कि ग्राम में फौती के सभी प्रकरण नामांतरण पंजी में दर्ज होना चाहिए। इसी तरह प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए निर्देश दिए कि यदि अधिक लोगों का आवास आवेदन आबादी भूमि नहीं होने के कारण स्वीकृत नहीं हो पा रहा हो तो नियमानुसार आबादी घोषित करने प्रस्ताव ग्राम पंचायत प्रेषित कर पटवारी प्रतिवेदन दे। उन्होंने महतारी वंदन योजना के संबंध में जानकारी ली तथा यह निर्देश दिए कि वृद्धजन पेंशन के तहत पेंशन पाने वाली महिला तथा दिव्यांग महिला का फार्म अविलंब जमा करें तथा डोर टू डोर जाकर इनका फार्म जमा कर ऑनलाईन एंट्री करें। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने शिविर में प्राप्त आवेदनों का शीघ्र निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिए। शिविर में राजस्व विभाग के साथ ही कृषि विभाग, आरटीओ, उद्यानिकी विभाग, स्वास्थ्य विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के स्टाल लगाए गए थे।

निधन

संजय गोयल

रायपुर/नवप्रदेश। समता कॉलोनी स्थित संजय गोयल (राजेश्वरी कोल्ड स्टोरेज) (उम्र - 53) का आकस्मिक निधन आज 18 फ्रवरी को हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा उनके निवास स्थान सुखा झाड़ गली,समता कॉलोनी से कल 19 फ्रवरी (सोमवार) सुबह 9.30 बजे को मारवाड़ी मुक्तिधाम ले जाए जायेगी । वे ओमप्रकाश,सरवन,मनोज गोयल के भाई एवम ऋषभ के पिता थे ।

बसंत पंचमी पर काव्य गोष्ठी

पलारी/नवप्रदेश। नगर पंचायत पलारी स्थित शिक्षक सदन में बसंत पंचमी पर सिद्धेश्वर रक्तदान समिति पलारी एवं सर्वविधा सहायक चिकित्सा संघ पलारी के संयुक्त तत्वावधान में सरस्वती जयंती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रथम सोपान में ज्ञान, विद्या व कला की देवी माँ सरस्वती का हवन पूजन वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया गया। इसके बाद प्रसादी वितरित की गई।

कार्यक्रम के द्वितीय सोपान में कवि गोष्ठी का आयोजन हुआ। इसमें अंचल के साहित्यकारों ने अपनी प्रस्तुति दी। कवि गोष्ठी का संचालन करते हुए समन्वय साहित्य परिवार पलारी के अध्यक्ष डॉ. रामकुमार साहू **मयारू** ने कविता पाठ के लिए आमंत्रित किया। जिसमें कवि तोरन लाल साहू ने माँ सरस्वती को समर्पित अपनी रचना पढ़ी-

श्वेत वस्त्र धारिणी माँ,
मानस विहारिणी माँ
भव भय हारिणी माँ,
सुगम सुराग दो।

कवि कौशल कुमार साहू ने प्रकृति परिवर्तन तथा बसंत ऋतु के आगमन पर कविता पढ़ी-

अनवरत बेमौसम बारिश से सर पर पड़े है ओले,
मानो फेक रहे हैं, सरहदों से बमगोले।
अरे, बसंत तू कहाँ हैं ?
आम्रकुंज में कोयल नहीं, मिठास कौन घोले।

शायर पूरन जायसवाल ने मातृ-पितृ को रचना समर्पित की।

भले खुशी कोई माँ बाप को ना दे पाओ,
कभी पलट के उन्हें बस जवाब मत देना।

डॉ.टेकराम साहू ने छत्तीसगढ़ की महिमा का बखान किया-

छत्तीसगढ़ भुइयां महान हे जी,
घरों घर भरे कोठी म धन हे जी।

कवि अरुण कुमार वर्मा ने पर्यावरण ह्रास पर चिंता व्यक्त की-

जम्मो जंगल उजरत हावय,
नई दिखए रुखराई,
ठाड़ तमाशा मनखे देखय,
कटाय खुद के भाई।

कवि रामनारायण यादव ने पर्यावरण संरक्षण पर अपनी रचना पढ़ी-

पर्यावरण खतरे में आज,
मामला अति संगीन।
मिलकर चलो बचाएंगे,
जल, जंगल, जमीन।

गजलकार दिनेश धीवर **नयन** ने मानवीय संवेदना पर कविता पढ़ी-

वाकिफ़ हूँ, गम से, यूं बेखबर नही हूं मैं ।
छूकर मुझे भी देख, पत्थर नही हु मैं ।।

वरिष्ठ साहित्यकार संदीप पांडेय ने समाज सुधार की दिशा में अपनी बात कही-

अब माटी का क़र्ज़ चुकाना होगा।
बन कबीर फिर अलख जगाना होगा।।

युवा कवि कृष्ण कुमार फेकर ने बसंत ऋतु पर अपनी कविता गान किया-

अति मन भावन आया ऋतु बसंत

कवि रविशंकर दीवान और डॉ.रामकुमार साहू **मयारू** ने भी कविता पाठ किया, साथ ही मातृ शक्ति का सम्मान किया गया जिसमें विशेष रूप से ग्राम पंचायत बिनौरी के पूर्व सरपंच श्रीमती रजन साहू, श्रीमती सीमा, श्रीमती सरोज, श्रीमती किरण, पुष्पा, गिरजा, लितु आदि रहे। इस अवसर सनकुमार साहू, डॉ.कृपाराम साहू, डॉ.केजुराम साहू, डॉ.पुसराम , डॉ.कौशल चंद्राकर, डॉ.बिसंभर, डॉ.हुमेश, डॉ.नन्द, शिक्षक संघ पलारी के अध्यक्ष अभिषेक महोबे आदि उपस्थित रहे।

जिला जेल की स्थिति जानने पहुंचे कलेक्टर अग्रवाल

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर दीपक अग्रवाल द्वारा जिला जेल गरियाबंद का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने बंदी बैरकों पाकशाला, भण्डार गृह का निरीक्षण किया। पाकशाला में भोजन बनाने वाले बंदियों से भोजन व्यवस्था के संबंध में जानकारी लिया गया तथा बंदियों को स्वच्छता के साथ गुणवत्तापूर्ण भोजन बनाने, पाकशाला में विशेष साफ-सफाई रखने निर्देशित किया गया। बंदियों हेतु पकाये गये भोजन चावल, दाल एवं सब्जी तथा भण्डार गृह में रखे गये खाद्यान्न सामग्रियों का अवलोकन किया गया। जेल के सभी बैरकों में जाकर बंदियों से उनके हालचाल पूछा, सभी बंदियों के वकील उपलब्ध है कि नहीं की जानकारी लिया गया तथा बंदियों से बातचीत कर उनके प्रकरणों के संबंध में जानकारी दिया गया तथा प्रकरणों के शीघ्र निराकरण में आ रही दिक्कतों को दूर करने हेतु उनके प्रकरणों/समस्याओं के नियमानुसार शीघ्र निराकरण की जानकारी ली । बंदियों को उनके प्रकरणों के संबंध में उपलब्ध कानूनी सहायता तथा बंदियों के विधिक अधिकारों के संबंध में विस्तृत रूप से अवगत कराने, विधिक साक्षरता प्रदान करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने बीमार बंदियों से उनके स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी लिया गया तथा बंदियों को समुचित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराये जाने हेतु जेलर को निर्देशित किया गया। बंदियों को जेल में उपलब्ध कराये जा रहे भोजन, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं अन्य सुविधाओं के संबंध में जानकारी लिया गया। बंदियों को जेल में नियमों का पालन करना, आपस में मिलजुल कर रहना, साफ सफाई रखना ज्यादा से ज्यादा पुस्तकें पढ़ना जेल नियमों का पालन करना एवं जेल प्रशासन का सहयोग करना तथा जेल से रिहा होकर अपराध से मुक्त होकर समाज की मुख्यधारा से पुनः जुड़ने हेतु प्रेरित किया गया। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर अविनाश भोई एसडीएम विशाल महाराणा, जेलर श्री ठाकुर सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

रात्रिकालीन क्रिकेट स्पर्धा के भिलाई विजेता

नगरी/नवप्रदेश। नगरी में स्पोर्ट्स क्लब के द्वारा रात्रि कालीन टेनिस बॉल क्रिकेट स्पर्धा के आयोजन किया गया। इस स्पर्धा का यह तीसरा साल है। रात्रि कालीन क्रिकेट स्पर्धा स्पोर्ट क्लब नगरी द्वारा आयोजित किया गया था जो 10 दिनों खेला गया यहां मैच जिसमें 32 टीमों ने भाग लिया था।

धमतरी जिला के अलावा अन्य दूसरे जिला से भी टीम यहां पहुंची थी। सभी टीमों ने अपना अच्छा प्रदर्शन किया। वहीं सेमीफाइनल मैच कवर्धा और कोंडागांव दूसरे सेमीफाइनल कुंबले एलेवन व ञद्वञ भिलाई के बीच खेला गया कवर्धा एवं टीएमटी भिलाई ने फाइनल में एक अच्छा प्रदर्शन किया और फाइनल में प्रवेश किया। जहां पर कवर्धा एवं टीएमटी भिलाई के बीच फाइनल मैच खेला गया। एमटी भिलाई पहले बैटिंग करते हुए 87 रन बनाएं निर्धारित 10 ओवर में कवर्धा 77 रन हीं बना पाई यहां मैच बड़ा रोमांचक रहा दर्शन भी इस मैच का भरपूर आनंद लेते नजर आए। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि योगेश अग्रवाल थे। अध्यक्षता अनिल बोहरा ने की। विशेष अतिथियों में विकास अग्रवाल जावेद खान विकास छाजेड प्रमोद जैन राजकुमार भंसाली अभय नाहटा अनिल वाधवानी एवं उपस्थित अतिथियों ने विजेता टीमों को पुरस्कार वितरण किया गया। इसमें प्रथम पुरस्कार दो लाख रुपया और ट्रॉफी भिलाई को प्रदान किया गया। 1 लाख और ट्रॉफी कवर्धा को दिया गया। इसको सफल बनाने में अध्यक्ष अनवर राजा स्पोर्ट क्लब नगरी, नितिन भंसाली, आबिद खान, रवि भट्ट, अमन रजा, गुलाब देवांगन,रूप साहू, हेमा साहू, दिलीप साहू, हमजा रजा, मुकेश संचेती, सत्यम भट्ट, पंकज, जितेन निषाद, संजय भारती, हनी जुटे थे।

महाराष्ट्र मंडल के स्वास्थ्य और रक्तदान शिविर में पहुंचे लोग

रायपुर/नवप्रदेश। श्री संकल्प हॉस्पिटल सरोना और बालाजी रक्तदान केंद्र के सहयोग से महाराष्ट्र मंडल ने रविवार को सुबह से स्वास्थ्य जांच और रक्तदान शिविर लगाया। इसमें बड़ी संख्या में समीपस्थ रहवासी, मंडल के आजीवन सभासद व स्टाफसदस्य लाभान्वित हुए। शिविर की बड़ी विशेषता यह रही कि अनेक युवाओं ने स्वस्फूर्त यहां आकर रक्तदान में दिलचस्पी ली।

मंडल की स्वास्थ्य समिति के प्रमुख अरविंद जोशी के मुताबिक शिविर में 21 यूनिट ब्लड कलेक्ट किया गया।स्वास्थ्य शिविर में जनरल मेडिसिन के साथ स्त्री रोग और हड्डी रोग विशेषज्ञों से अनेक लोगों ने जांच कराई। वहीं बीपी- शुगर काउंटर पर शुरू से आखिरी तक भीड़ लगी रही। रक्तदान करने पहुंचे युवा समिति के प्रमुख विनोद राखुंडे ने कहा कि स्वस्थ्य रहने के लिए रक्दान बेहद जरूरी है। वे स्वयं कई बार रक्तदान कर चुके हैं। कुछ लोगों में इसे लेकर अभी भी भ्रम की स्थिति है, जो अब समय के साथ दूर होते जा रही है। अब रक्तदान करने के दौरान लोगों में, खासकर युवाओं में उत्साह देखा जा रहा है। वहीं युवा समिति के शचिंद्र देशमुख, महिला प्रमुख विशाखा तोपखानेवाले, सह प्रमुख अपर्णा देशमुख सहित स्वास्थ्य समिति प्रमुख अरविंद जोशी ने भी रक्तदान किया।

दीपक का हिमोग्लोबिन 16.3

पहली बार रक्तदान करने पहुंचे दीपक पटले के खून में हिमोग्लोबिन 16.3 निकला। उन्होंने कहा कि वह पहली बार शचिंद्र भैया के कहने पर रक्तदान करने पहुंचे हैं। रक्त दान करके अच्छा लग रहा है। अब जब भी मौका मिलेगा, वह रक्तदान जरूर करेगा।

एक साल से सो रहे थे प्रतिभा पब्लिक स्कूल के जिम्मेदार

महासमुंद/नवप्रदेश। प्रतिभा पब्लिक स्कूल बागबाहरा की बड़ी लापरवाही सामने आई है. जहां बच्चों को इंग्लिश कोर पढ़ाया गया और बोर्ड परीक्षा के प्रवेश पत्र में इंग्लिश इलेक्टिव सब्जेक्ट का नाम लिखा हुआ है. अब बच्चों और पालक ने कलेक्टर से मामले की शिकायत की है। बता दें कि प्रतिभा पब्लिक स्कूल बागबाहरा मे सीबीएसई पाठ्यक्रम की पढ़ाई होती है. स्कूल में विज्ञान संकाय के गणित से 12 छात्र-छात्राएं पढ़ाई कर रहे हैं. इन्होंने गणित, भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र, हिन्दी (कोर) एवं इग्लिश (कोर) विषय लिया था, जिसकी परीक्षा होनी है. इन छात्र-छात्राओं को जब प्रवेश पत्र मिला तो उसमे इंग्लिश (कोर) की जगह इंग्लिश (इलेक्टिव) अंकित है. बच्चों ने सालभर इंग्लिश कोर की पढ़ाई की और जब परीक्षा देने का समय आया तो प्रवेश पत्र मे इंग्लिश इलेक्टिव लिखा आया है. जिसकी शिकायत छात्र-छात्राओं ने जब स्कूल प्रबंधन से किया तो स्कूल प्रबंधन अपनी गलती मानने से इंकार करते हुए बच्चों को इंग्लिश इलेक्टिव की परीक्षा देने की बात कह रहा है. छात्रा रुपाली ने बताया कि हमने सालभर जब इंग्लिश कोर की पढ़ाई की है तो इंग्लिश इलेक्टिव की परीक्षा कैसे देंगे. दोनों विषयों की किताबें अलग-अलग है और दोनों में काफी अंतर है।

भारतीय जीवन बीमा निगम की नई योजना 'एलआईसी का अमृतवाल' (योजना 874) लांच

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जीवन बीमा निगम ने एक नया उत्पाद एलआईसी का अमृतवाल, डॉ. विवेक जोशी, सचिव, वित्तीय सेवाएं, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के हाथों लॉन्च किया। यह प्लान 17.02.2024 में विक्री के लिए उपलब्ध होगा।

एलआईसी के अमृतवाल के लिए विशिष्ट पहचान संख्या (यूआईएन) यूआईएनः 512N365V01 है एलआईसी की अमृतवाल एक व्यक्तिगत, वचत, जीवन बीमा योजना है। यह योजना विशेष रूप से बच्चे की उच्च शिक्षा और जन्य जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त धनराशि रखने के लिए बनाई गई है। यह शुरुआत से लेकर पॉलिसी अवधि के अंत तक प्रत्येक पॉलिसी वर्ष के अंत में 80 रुपये प्रति हजार मूल बीमा राशि की दर से निश्चित अभिवृद्धि के माध्यम से धन संचय की सुविधा प्रदान करता है, वशतें पॉलिसी लागू हो।

- प्रवेश के समय न्यूनतम आयु 0 वर्ष (30 दिन पूर्ण) है। प्रवेश के समय अधिकतम आयु 13 वर्ष (पिछला जन्मदिन) है।
- परिपक्वता पर न्यूनतम आयु 18 वर्ग (पिछला जन्मदिन) है और परिपक्वता पर अधिकतम आयु 25 वर्ष (पिछला जन्मदिन) है।
- 5, 6 या 7 वर्ष की लघु प्रीमियम भुगतान अवधि उपलब्ध है।
- सीमित प्रीमियम भुगतान के लिए न्यूनतम पॉलिसी अवधि 10 वर्ष और एकल प्रीमियम भुगतान-5 वर्ग है।
- सीमित/एकल प्रीमियम भुगतान के लिए अधिकतम पॉलिसी अवधि 25 वर्ष है और POSP-LI/CPSC- SPV के माध्यम से खरीदी गई पॉलिसियों के लिए 20 वर्ग है।
- न्यूनतम वीमा राशि रु. 2,00,000/- और अधिकतम मूल बीमा राशि के लिए कोई सीमा नहीं (शर्तों के अधीन)।
- परिपक्वता की तारीख पर, चालू पॉलिसियों के लिए निश्चित अभिवृद्धि के साथ परिपक्वता पर बीमा राशि देय होगी। परिपक्वता राशि को सेटलमेंट ऑप्शन के माध्यम से 5, 10 या 15 वर्षों के किश्तों में लेने का विकल्प भी उपलब्ध है।
- प्रस्तावक के पास एकल प्रीमियम और सीमित प्रीमियम भुगतान में से प्रत्येक के तहत उपलब्ध दो विकल्पोंके अनुसार 'मृत्यु पर बीमा राशि' चुनने का विकल्प होगा।
- जोखिम कवर अवधि के दौरान, चालू पॉलिसी के लिए 'मृत्यु पर बीमा राशि' के साथ अर्जित निश्चित्त अभिवृद्धि, मृत्यु हितलाभ के रुप में देय होगी।
- एलआईसी का प्रीमियम वेबर बेनिफ्टि राइडर पात्रता शर्तों के अधीन अतिरिक्त प्रीमियम का भुगतान करके उपलब्ध है।
- उच्च मूल वीमा राशि व ऑनलाइन विक्री के तहत पूरे किए गए प्रस्ताव के लिए छूट है।
- शर्तों के अधीन पॉलिसी अवधि के दौरान ऋण उपलब्ध होगा।
- यह योजना एक असंवद्ध, असहभागी योजना है।

योजना को एजेंटों / अन्य मध्यस्थों के माध्यम से ऑफ़्लाइन और साथ ही वेबसाइट www.licindia.in के माध्यम से सीधे ऑनलाइन खरीदा जा सकता है।

न्यूज गैलरी

मानस गान प्रतियोगिता से अपने धर्म और संस्कृति से जुड़ने का अवसर- योगेश

बेमेतरा/नवप्रदेश। ग्राम लोलेसरा, गांगपुर व सिरवाबांधा में आयोजित तीन दिवसीय मानस गान प्रतियोगिता के समापन पर राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्व हिंदू सनातन संगठन योगेश तिवारी बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। आयोजन में आसपास के ग्रामीण क्षेत्र की मानस मंडलियों ने भाग लिया। यहां मानस मंडलियों ने प्रभु श्री राम की महिमा का बखान किया। मुख्य अतिथि ने प्रभु श्री राम की पूजा अर्चना का क्षेत्रवासियों की सुख समृद्धि व खुशहाली की कामना किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि बीते कई वर्षो से ग्राम लोलेसरा में मानस गान प्रतियोगिता का सफल आयोजन हो रहा हैं। इस आयोजन में शामिल होना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। मानस गान प्रतियोगिता में ग्रामीण क्षेत्रों से आई मंडलिया प्रभु श्रीराम व रामायण के पात्रों का अपने मंचन के माध्यम से बखान करते हैं। जिससे आज की युवा पीढ़ी को अपने धर्म व संस्कृति से जुड़ने का अवसर मिलता है। इस तरह के आयोजन जरूरी है, ताकि पाश्चात्य संस्कृति की ओर आकर्षित हो रहे युवा पीढ़ी अपनी धर्म और संस्कृति को जाने। आयोजन में संरक्षक उत्तम साहू, अध्यक्ष गजेन्द्र वर्मा, संतोष यादव, चंद्रहास साहू, भाउराम साहू, मेघराज साहू, चितरेन साहू, डामन साहू, लेखराज वर्मा आदि उपस्थित थे।

कंडरका पुलिस ने कोचिये से जप्त की अवैध शराब

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेमेतरा जिले के पुलिस चौकी कंडरका थाना बेरला में गत दिनों अवैध रूप से शराब बिक्री करने का 1 प्रकरण दर्ज कर 1 कोचिये सुरेन्द्र सिंह कुर्रे पिता जय सिंह कुर्रे उम्र 39 साल साकिन हसदा चौकी कंडरका थाना बेरला जिला बेमेतरा के विरूद्ध धारा 34 (1) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत वैधानिक कार्यवाही किया गया है। कोचिये से 14 पौवा देशी मशाला शराब किमती 1540 रुपये को जप्त कर वैधानिक कार्यावाही किया गया हैं।

संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में मना बसंत पंचमी का पर्व

राजनांदगांव। संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन, ठाकुरटोला, राजनांदगांव में 14 फरवरी, दिन-बुधवार को सरस्वती पूजन का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. गुरप्रीत कौर छाबड़ा एवं समस्त शिक्षकगण तथा प्रशिक्षणार्थियों के द्वारा मां सरस्वती का पूजन व आरती करके मां सरस्वती जो बुद्धि, विद्या, ज्ञान, संगीत और कला की देवी का आह्वान कर भजन किया गया। तत्पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। इसमें महाविद्यालय के सभी शिक्षकगण एवं प्रशिक्षणार्थियों ने मिलकर मां सरस्वती का पूजन कर मां का आशीर्वाद प्राप्त किया।

नशे के कारोबार, सप्लायर गिरफ्तार

गौरेला-पेंड्रा-मरवाही। नशे के कारोबार पर पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने प्रतिबंधित दवाओं के कारोबारियों को गिरफ्तार किया है। जिसमें दो पेडलर, एक सप्लायर के साथ नशीली दवाएं जब्त की है. आरोपियों में दो युवती भी शामिल है. यह मामला गौरेला थाना क्षेत्र का है।

गौसेवक की हत्या, मास्टर माइंड और सहयोगी के खिलाफ टेररिस्ट एक्ट का मामला दर्ज

पुलिस को मोबाइल में मिली ये चौका देने वाली जानकारी

कवर्धा/नवप्रदेश। गौसेवक साधराम यादव के हत्या के मुख्य आरोपी अयाज खान और इंदरीस खान के खिलाफ आतंकवादी गतिविधि से संलिप्त होने के आरोप लगे हैं. पुलिस ने दोनों के खिलाफ सेक्शन 16 (ख) टेररिस्ट एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है. इतना ही नहीं पुलिस के हाथ कई अहम सुराग भी लगे हैं.

मुख्य आरोपी अयाज खान पर जम्मू कश्मीर और विदेशों से तार जुड़ने का भी आरोप लगा है. मामले की जानकारी देते हुए एसपी अभिषेक पल्लव ने बताया कि मोबाइल रिकार्ड खंगालने पर पता चला कि, झंडा कांड में भी 2 लोग संदिग्ध लोगों के संपर्क में थे. जो छत्तीसगढ़ में पहली बार किसी शामिल थे. साथ ही कई रिकार्ड ऐसे पाए गए हैं, जिसमें टेरर ऑर्गनाइजेशन के साथ संबंध होने की जानकारी सामने आई है. गौसेवक हत्याकांड का मास्टर माइंड अयाज खान कई आरोपी पर सेक्शन 16 UAPA के तहत मामला दर्ज किया गया है. बता दें कि 20 तारीख की दरमियानी रात गौसेवक की गला रेतकर हत्या कर दी थी. हत्या के आरोप में एक नाबालिग सहित 6 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. प्रशासन हत्या के मुख्य आरोपी अयाज खान के दुकान में बुलडोजर भी चलवा चुका है. वहीं मृतक के परिजनों ने 1 करोड़ और मृतक के एक सदस्य को सरकारी नौकरी और सभी आरोपियों को फांसी देने की शासन से मांग की है.

अवैध प्लाटिंग की तैयारी, निगम ने रास्ता किया ध्वस्त

रायपुर नाका पेट्रोल पंप के पीछे

अवैध प्लाटिंग का बोर्ड लगाते ही उखाड़ फेंका

राजनांदगांव/नवप्रदेश। राजनांदगांव में अवैध प्लाटिंग को लेकर जिस कदर बाढ़ सी आई उसमें अधिकारियों ने महज खाना पूर्ति की दिशा को तय करते हुए कुछ जगह जेसीबी से निर्माण किए गए सड़क और नालियों को उखाड़ गया और कुछ जगहों पर मात्र अवैध प्लाटिंग को लेकर सिर्फ बोर्ड लगाए गए बोर्ड कब लगाए गए यह तो जानकारी है पर आखिर वहां से उखाड़ कैसे गए इसकी जानकारी जिम्मेदार अधिकारियों के पास है ही नहीं और सबसे बड़ी बात है कि जीन जिम्मेदार अधिकारियों को यह कार्रवाई करनी चाहिए वह मुंह छुपाते घूमते रहते हैं।

अवैध प्लाटिंग को लेकर जी रोड राम दरबार पेट्रोल पंप के बगल से लंबे समय से चल रहे अवैध प्लाटिंग के अवैध व्यवसाय के समाचार लगातार प्रकाशन होने के बाद नगर निगम ने के बगल पेट्रोल पंप के पास 40 फीट रोड देने का वादा करने वाला प्लाटिंग करने वाले लोग आखिर किस नियम के तहत 40 फीट रोड की स्वीकृति कारण हैं और प्लॉट को 9 ब्लॉक में विभाजित कर कुल विभिन्न साइज़ के 132 (एक सौ बत्तीस प्लाट) काटा गया है इस प्लॉट के लोगो की बात करे तो ये लोग सिस्टम को जेब में लेकर अपने अवैध कार्यो को बिना रेरा के और बिना निगम, नगरनिवेश के वैधानिक अनुमति के बूते बेचा जा रहा है सबसे बड़ी बात यह है टुकड़े बिक रहे है उस पर प्रशासन शासन नगर निगम द्वारा निगम सीमांतर्गत अवैध कालोनी एवं अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध सख्त रवैया अपनाने

अवैध प्लाटिंग की जाँच कर उसे ध्वस्त करने तथा अवैध कालोनी भूमि विक्रय पर बाहय विकास शुल्क जमा करने नोटिस जारी किया जा रहा है। अब तक कई क्षेत्र के अवैध प्लाटिंग ध्वस्त करने के साथ-साथ अवैध कॉलोनी में बाह्य विकास शुल्क जमा करने नोटिस दिया गया है। कार्यवाही की कड़ी में आज रायपुर नाका पेट्रोल पंप के पीछे मुरूम डालकर अवैध प्लाटिंग करने तैयारी की जा रही थी, जिसे निगम की टीम जेसीबी से उखाड़कर मुरूम जप्ती की गई पर स्थल पर कार्यवाही के पश्चात खरीदी बिक्री प्रतिबंधित का बोर्ड लगे जरूर था पर 24 घंटे के भीतर ही वह बोर्ड उखाड़ कर कौन ले गया है इसकी जानकारी लेने की जहमत नगर निगम ने नहीं उठाई सबसे बड़ी बात यह है कि जिस तरह से नगर निगम कार्रवाई कर रहा है और महज बोर्ड चस्पा कर रहा है ऐसे मामलों को लेकर निगम आगे की कार्यवाही ढीली रखता है इस बात का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि 24 घंटे के भीतर ही लगाया गया नगर निगम का बोर्ड न जाने आसमान ने निगल गए या जमीन खा गई अवैध प्लाटिंग पर नगर निगम अपनी पीठ थपथपा आ रहा है अगर काश नगर निगम इस पर कार्यवाही करना ईमानदारी से चाहे तो निश्चित रूप से वह एफआईआर भी कर सकता है।

युकां का कांग्रेस के बैंक अकाउंट को सीज किए जाने के विरोध में पीएम का पुतला दहन

कवर्धा/नवप्रदेश। युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष चंद्रभान कोशले ने बताया कि देश की सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी भारतीय कांग्रेस पार्टी व भारतीय युवा कांग्रेस के बैंक अकाउंटो को सीज करना व किसानों को उनके हक़ से वंचित करने का काम केंद्र मे बैठे मोदी सरकार द्वारा किया जा रहा है।लगातार किसानो पर आँसु गैस छोड़े जा रहे है,सड़क पर किल गाड़ रहे है,ये मोदी सरकार कितने कोशिश कर ले विपक्ष और किसानों की आवाज़ को नही दबा सकती।

युवा कांग्रेस कवर्धा विधानसभा अध्यक्ष वाल्मिकी वर्मा ने कहा कि बीजेपी के चुनाव बॉन्ड योजना तहत घोटाला करने एवं केंद्र सरकार के इशारे पर इनकम टैक्स द्वारा कांग्रेस पार्टी के बैंक एकाउंट फ्रीज़ करना लोकतंत्र का हत्या करने जैसा है।जिसके विरोध में युवा कांग्रेस कवर्धा ने जिला मुख्यालय में मोदी का पुतला विसर्जन किया।चुनावी बॉन्ड के नाम 95 प्रतिशत भाजपा के पास चंदा है,ये जो घोटाला को छिपाने के लिए मोदी इधर उधर की बाते आम जनता से करते है,कांग्रेस पार्टी पहले से ही संसद में विरोध किया।लेकिन मोदी तानाशाही रुख अपनाते हुए इसे जारी रखा और कुछ दिन पूर्व सुप्रीम कोर्ट ने असंविधानिक करार देते हुए एसबीआई को नए चुनावी बॉन्ड जारी करने पर रोक एवं पूरे लेनदेन की जानकारी सार्वजनिक करने कहा।उक्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विधान सभा उपाध्यक्ष अजय बंजारे,रामगोपाल वर्मा,रमा विश्वकर्मा प्रदीप यादव,मोटू निषाद,सत्या मानिकपुरी,विकाश हिंवानी,प्रदीप निषाद,लूकेश वर्मा,जलेश बघेल,विक्की लहरे,परमानंद वर्मा सहित युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

4 जुआरियों से 1540 रुपए व तास जप्त

बेमेतरा/नवप्रदेश। थाना दाढ़ी क्षेत्रांतर्गत के ग्राम मजगांव के पास 17 फरवरी को आम जगह में कुछ लोग रूपये पैसे का दांव लगाकर काट पत्ती जुआ खेल रहे हैं की सुचना पर थाना दाढ़ी पुलिस टीम पहुच कर सुचना के अधार पर रेड कार्यवाही कर जुआड़ियों को पकडे गये।जिसमें 1 प्रकरण दर्ज कर 4 जुआड़ियों दिलीप कुमार केवट उम्र 45 साल, कृपाराम यादव उम्र 44 साल, कमलेश बरेठ उम्र 42 साल, अजीत जायसवाल उम्र 31 साल सभी साकिनान मजगांव थाना दाढ़ी जिला बेमेतरा के विरूद्ध धारा 3 (2) छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 के तहत कार्यवाही की गई हैं। जुआड़ियों के पास एवं फड से कुल जुमला नगदी 1540 रूपये एवं 52 पत्ती तास को जप्त कर कार्यवाही किया गया हैं।

किसान कांग्रेस की बैठक में लोस की तैयारियों पर मंथन

राजनांदगांव /नवप्रदेश।लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर जिला किसान कांग्रेस की महत्वपूर्ण बैठक डोंगरगांव स्थित कांग्रेस कार्यालय में आयोजित हुई। बैठक में राजनांदगांव जिला संगठन के अलावा मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी और खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिला के पदाधिकारी भी शामिल हुए। इसके अलावा कांग्रेस संगठन के पदाधिकारियों ने भी इसमें शिरकत की। बैठक में मुख्य रुप से स्थानीय कार्यकर्ता को प्रत्याशी बनाए जाने और जमीनी कार्यकर्ताओं को महत्व दिए जाने पर चर्चा हुई। डोंगरगांव में आयोजित इस बैठक में कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भागवत साहू ने आगामी लोकसभा चुनावों में सक्रियता और एकजुटता की बात कही। उन्होंने कहा कि-विधानसभा चुनाव में जिले में कांग्रेस ने बेहतर प्रदर्शन किया है, लेकिन दुर्भाग्य से राज्य के अन्य हिस्सों में हम पिछड़ गए। इसकी समीक्षा करते हुए, कारणों को समझते हुए लोकसभा चुनाव की तैयारियां करनी है।बैठक को संबोधित करते हुए जिला किसान कांग्रेस राजनांदगांव के अध्यक्ष मदन साहू ने कहा कि-विधानसभा चुनाव के दौरान किसान कांग्रेस ने विधानसभा क्षेत्रों में किसान रथ के माध्यम से लोगों तक कांग्रेस सरकार की योजनाओं और विचारधारा को पहुंचाया। गांव-गांव इस अभियान से लोग जुड़े और इसका नतीजा चुनाव में हमारे पक्ष में निकलकर आया। जिले में कांग्रेस ने बेहतर प्रदर्शन किया।

12 वीं के विद्यार्थियों को विदाई दी

नवागढ़/नवप्रदेश। शनिवार को न्यू गुरुकुल इंग्लिश मीडियम स्कूल नवागढ़ में सत्र

कक्षा 12 वीं के छात्र छात्राओं को बिदाई दी गयी। कक्षा 11 वीं के बच्चों ने बड़े ही उत्साह के साथ इस बिदाई समारोह का आयोजन किया। जिसमें विभिन्न प्रकार के खेलों का भी आयोजन कर विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किया गया।

शिक्षकों ने कक्षा 12 वीं के छात्र-छात्राओं को उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं एवं जीवन के लक्ष्यों को हासिल करने की प्रेरणा दी। बच्चों ने भी अब तक के अपने अनुभव को सबके साथ साझा करते हुए शिक्षकों का धन्यवाद किया।

बिदाई समारोह मे मिस्टर फेयरवेल का खिताब कक्षा 12 के पुष्पराज को दिया गया एवं मिस फेयरवेल का खिताब संजना चंद्रवंशी को दिया गया।

इसी प्रकार मिस ईद का चाँद दिशा बांधे को, मिस यू कांट बिट मी का खिताब आशिक चंद्राकर, मिस इनोसेंट किरण जांगड़े, मिस्टर सत्यवादी गगन दुबे, मिस स्वीट एंड सौर हिमानी तिवारी, मिस परफेक्ट प्राची पांडे को दिया गया।

चोरी गये मोबाईल, नगदी रकम सहित आरोपी गिरफ्तार

बेमेतरा/नवप्रदेश।- प्रार्थी चुनेश्वर साहू निवासी मुलमुला ने थाना चंदनू में 17 फरवरी को रिपोर्ट दर्ज कराया कि गांव के बस स्टैण्ड के पास इसका किराना, जनरल, हार्डवेयर, मोबाईल का दुकान है, कि 16 फरवरी के शाम करीबन 8.30 बजे दुकान को बंद कर अपने घर चला गया था, कि दिनांक 17 फरवरी के 7 बजे सुबह अपने दुकान का शटर खोलकर अंदर देखा तो जकान के उपर छत जाने वाले सीढ़ी का दरवाजा (मोंटी) खुला हुआ था, दुकान के अंदर सामान इधर उधर फैला हुआ था दुकान के अंदर सामान को चेक करने पर दुकान में रखा एक नग रंग स्ट्रीप ब्लू रंग की कीमती 6500 रूपये एवं एक नग कोपेड मोबाईल कीमती 600 रूपये एवं गल्ला मे रखे चिल्हर एवं नगदी रकम करीबन 2500 रूपये जुमला कीमती 9600 रूपये को 16 फरवरी के रात्रि 11 बजे से 17 फरवरी के 2 बजे के मध्य रात्रि कोई अज्ञात चोर द्वारा छत जाने वाले दरवाजा (मोंटी) टीना के तरफ से दुकान के अंदर मे घुसकर उपरोक्त सामान को चोरी कर ले गया है कि रिपोर्ट पर थाना चंदनू मे अपराध सदर धारा 457, 380 भादवि का अपराध पंजीबद्ध किया।

हादसों में कमी लाने सुरक्षा के प्रति जागरूकता जरूरी

अभियान का उद्देश्य लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना- एसपी

बेमेतरा/नवप्रदेश। इस साल राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा की थीम «सड़क सुरक्षा नायक बनें» की थीम पर सड़क सुरक्षा अभियान चलाया गया था। यानी सड़क सुरक्षा बढ़ाने और दुर्घटना के बाद लोगों की सहायता करने पर जोर दिया जाएगा। इस साल की थीम सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने में सार्वभौमिक भागीदारी पर जोर देती है। जिले में सफलतापूर्वक अभियान के पश्चात देर शाम शनिवार 17 फ़रवरी को जिले में सड़क सुरक्षा सप्ताह का समापन हो गया है। जिले में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा अभियान एक माह 18 जनवरी से 17 फरवरी तक मनाया गया। इस दौरान सड़क हादसे में कमी लाने के लिए विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लोगों को यातायात के नियमों के प्रति जागरूक किया गया। इस अभियान के तहत जिलेभर में ट्रैफिक नियमों का पालन न करने वालों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई। वहीं स्कूल व अन्य स्थानों पर जाकर यातायात नियमों की

जानकारी देकर जागरूक किया गया। इस दौरान विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लोगों को यातायात के नियमों के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत आमजनों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने, दो पहिया वाहन चालकों को अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनने की प्रेरित करें।

बचेड़ी के मतदाता सूची में मिले फर्जी नाम

कवर्धा/नवप्रदेश। विधानसभा चुनाव के पहले से लगातार भाजपाई जिले में अनेक ग्रामो में फर्जी तरीके से मतदाता सूची में बाहरी लोगों के नाम जोड़े जाने की शिकायत करते रहे हैं । उनका आरोप रहा है तत्कालीन सरकार में बैठे लोगों के प्रभाव के चलते ऐसे लोगो का नाम मतदाता सूची में जोड़ा गया है जो कवर्धा जिले में उस गाँव के निवासी ही नही है । धीरे धीरे अब हकीकत सामने आने लगा है । ग्राम बचेड़ी में फर्जी मतदाताओं के नाम जुड़े होने की आशंका पहले से कर रहे ग्रामवासियों ने ग्राम पंचायत बचेड़ी के मतदाता सूची में फर्जी लोगों के नाम दर्ज पाए जिनका गाँव से कोई संबद्ध नहीं है और न वे यहाँ के निवासी है । ऐसे फर्जी लोग क्यो और किस आशय से मतदाता सूची में शामिल किए गए इसकी जाँच के लिए ग्राम वासियों ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।थाना सहसपुर लोहारा के अंतर्गत ग्राम बचेड़ी के बूथ क्रमांक 363 में बाहरी व्यक्तियों का नाम मतदाता सूची में दर्ज है।1.मोहम्मद जहीर पिता उमर वोटर आईडी क्रमांक 516, 2. राशिद चौहान पिता हाजी मोहम्मद चौहान वोटर आई डी क्रमांक 517 3. हजीबुल्लाह खान पिता अजीम उल्लाह खान वोटर आईडी क्रमांक 518 4. तैयब खान पिता मन्नू खान वोटर आईडी क्रमांक 520 5. अब्दुल सलाम पिता अब्दुल लतीफ वोटर आईडी क्रमांक 529 में दर्ज है जो की सभी व्यक्ति ग्राम बचेड़ी का रहने वाला नहीं है उक्त सभी व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में किसके द्वारा कैसे दर्ज हुआ।

सायबर सेल व थाना बेमेतरा ने दो कोचियों से 74 पौवा शराब किया जप्त

बेमेतरा/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की के मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा अवैध शराब, गांजा, नशीली पदार्थो, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, बाउंड ओवर, गुंडा बदमाशों, फरार स्थायी वारंटियो, सामाजिक सौहार्द बिगाडने वालों, यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों तथा माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही लगातार की जा रही है, जिसके तहत 17 फरवरी को थाना बेमेतरा में अवैध रूप से शराब बिक्री हेतु परिवहन करने का 1 प्रकरण दर्ज कर 2 कोचियों हिमांशु कोशले पिता विजय कोशले उम्र 20 साल साकिन गर्रा थाना व जिला बेमेतरा, टीकम टंडन पिता सुकदेव टंडन उम्र 19 साल साकिन गर्रा थाना व जिला बेमेतरा के विरूद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत वैधानिक कार्यवाही किया गया है।

कोचियों से 74 पौवा देशी प्लेन/मशाला/अंग्रेजी शराब किमती 6920 रूपये व परिवहन में प्रयुक्त वाहन क्रमांक सीजी 25 एम 8591 कीमती 90000 रूपये, कुल जुमला 96920 रूपये को जप्त कर वैधानिक कार्यावाही किया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना बेमेतरा प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार सिन्हा, सायबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक मयंक मिश्रा, सज्जन इंतवारी डेहरे, प्रधान आरक्षक रविन्द्र तिवारी, नोहर यादव, लोकेश सिंह, विनोद पात्रे, आरक्षक नुरेश वर्मा, सौरभ सिंह, संजय पाटिल, मोती लाल जायसवाल, पंचराम घोरबंधे, विनोद सिंह एवं अन्य स्टाफ की महत्वपूर्ण भुमिका रही।

जैन मुनि आचार्य विद्यासागर महाराज पंचतत्व में विलीन

अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में जैन समाज सहित अन्य समाज के नागरिक पहुंचे

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जैन मुनि आचार्य विद्यासागर महाराज के निधन पर उनके अंतिम संस्कार में शामिल होने आज सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग मंत्री मध्यप्रदेश शासन चेतन्य कुमार काश्यप एवं मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ शासन अमिताभ जैन तथा संत व अन्य गणमान्य नागरिक डोंगरगढ़ स्थित चंद्रगिरी पहुंचे और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उनके अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में जैन समाज सहित अन्य समाज के नागरिक पहुंचे। मध्यप्रदेश शासन चेतन्य कुमार काश्यप ने जैन मुनि आचार्य विद्यासागर महाराज के समाधि स्थल पहुंचकर आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि संत प्रवर आचार्य श्री विद्यासागर जी का देवलोक गमन रात्रि को हुआ। मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश मोहन यादव द्वारा मध्यप्रदेश में आधे दिन का राजकीय शोक घोषित किया गया। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति के लिए ऐसे संत का रहना पुण्य का कारण रहा है। उन्होंने भारतीय संस्कृति को मजबूत बनाने में अपना अमूल्य योगदान दिया है। उनका निधन देश के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने कहा कि ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें। उन्होंने समर्पित भाव से मानवता की सेवा की। हम सभी उनके बताए आदर्शों एवं मार्ग का अनुसरण करें।उल्लेखनीय है कि संत शिरोमणि दिगम्बर जैन धर्म के सबसे बड़े संत आचार्य श्री विद्यासागर महाराज जी ने डोंगरगढ़ स्थित चंद्रगिरि तीर्थ में अपना शरीर त्याग दिया। तीन दिन पहले ही उन्होंने समाधि की प्रक्रिया को शुरू कर अन्न जल का त्याग कर दिया था और अखण्ड मौन व्रत ले लिया था। आचार्य श्री विद्यासागर महाराज जी कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। उन्होंने न केवल जैन धर्म बल्कि अन्य समाज के लिए भी मानवता की सेवा की।

कलेक्टर-एसपी ने शांति समिति की बैठक में ध्वनि प्रदूषण कम करने की अपील की

बेमेतरा/नवप्रदेश। जिला सड़क सुरक्षा समिति और ध्वनि प्रदूषण कम करने शांति समिति की बैठक कलेक्टर रणबीर शर्मा की अध्यक्षता में शनिवार को शाम यहां कलेक्ट्रेट के दिशा सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में जिले में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और यातायात को सुगम बनाने और ध्वनि प्रदूषण कम करने के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में कई अहम फैसले लिये गये। वही ध्वनि प्रदूषण कम करने पर बल दिया गया। कलेक्टर ने कहा कि सड़क दुर्घटना रोकने के लिए गंभीरता से काम करने की जरूरत है। जिले में वर्ष 2024 के लिए ब्लैक और ग्रे स्पॉट का चिन्हांकन किया जायेगा। कलेक्टर ने यह कार्य जल्द से जल्द करते हुए ब्लैक और ग्रे-स्पॉट चिन्हांकित करने पर बल दिया ताकि जरूरी एहतियातन व्यवस्था की जा सके। इसमें रम्बल स्ट्रीप, सूचनात्मक बोर्ड, ब्लिंकर्स और ब्लैक ग्रे-स्पॉट सिम्बल बोर्ड इत्यादि सम्मिलित है। कलेक्टर ने हाईवे के किनारे ढाबों की लगातार जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि किसी ढाबे में शराब खोरी की घटना सामने आती है तो ढाबा संचालकों के उपर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करें। बैठक में कलेक्टर ने सभी ब्लैक स्पॉट को खत्म करने और हाइवे पर बनाए गए कट पाइंट को बंद करने के साथ ही क्षतिग्रस्त सड़कों और पुल-पुलियों की मरम्मत के निर्देश दिए। यातायात नियमों का उलंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ लगातार चालानी कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए है। साथ ही कॉलेजों और अन्य स्थानों पर यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के लिए कहा। रोड एक्सीडेंट पर चर्चा करते हुए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए है। ट्रैक्टर-ट्रालियों में पंचायतों के माध्यम से रेडियम लगाने के निर्देश दिए है। एसपी रामकृष्ण साहू ने दोराहा और अन्य दुर्घटना स्थल का तकनीकी सर्वे कराकर सुधार करने की बात कही है। बैठक के एजेंडे के बारे में जिला परिवहन अधिकारी ने विस्तार से जानकारी दी। कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक में यातायात प्रभारी सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

धड़ल्ले से चल रहा अवैध प्लाटिंग का खेल

प्रशासन की चेतावनी का कोई असर नहीं

मुंगेली/नवप्रदेश। अवैध प्लाटिंग को लेकर प्रशासन के लगातार नोटिस देने की हो रही कार्यवाहियों के बाद भी नगर में चल रहे भूमाफियाओं का आतंक खत्म होने का नाम नही ले रहा है, कौडी के मूल्य में किसानो और जरूरत मंदो की जमीन लेकर लाखो कमाने वाले इन जमीन दलालो पर कानूनी शिकंजा कसना तो महज औपचारिकता 556 बन गया है। उंची पहुच और राजनीतिक रसूख के दम पर ये अपने काम को बखूबी अंजाम देते है।कलेक्टर ने समय-सीमा की बैठक में संबंधित अधिकारियों को अवैध प्लाटिंग पर तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए।अधिकारी के नोटिस देने के बाद भी इनके हौसले बुलंद है।

उपमुख्यमंत्री के जिले मे शासन के आदेश के बाद भी नगर एवं नगर के आसपास ग्रामीण क्षेत्रों में धड़ल्ले से अवैध प्लाटिंग का खेल चल रहा है। कार्यवाही नही होने से इस कारोबार में जुड़े लोगों के हौसले बुलंद हो गए है। नगरीय निकाय मंत्री के स्पष्ट निर्देश अवैध प्लाटिंग बंद करने के बाद भी ये कालोनाईजर्स नियमों को दरकिनार कर खेतों को अघोषित

रूप से कालोनी बनाने का झांसा देकर प्लॉट काटकर बेचने की जुगत में लगे रहते है। अवैध प्लाटिंग करने वालों पर प्रशासन नोटिस देकर अपनी जिम्मेदारी निभा देता है।शहर एवं शहर से लगे आसपास के क्षेत्रों में कृषि भूमि को एकड़ के भाव से खरीदकर प्लाट काटकर बेचने का धंधा जोरों से चल रहा है। हर जरुरतमंदों और गरीबों का एक सपना होता हैं कि उनका स्वयं का एक अच्छा, सुविधायुक्त मकान हो, स्वयं का मकान होने का सपना देखने वालों को भूमाफियाओं और जमीन दलालों ने लूटने के अलावा कुछ नहीं किया है। इन भूमाफियाओं और जमीन दलालों के द्वारा जमीन खरीदने वालों को कम कीमत पर प्लाट देने का लालच देकर उन्हें अंधेरे में रखा जा रहा है और ग्राहक भी जानकारी व नियम कायदे के अभाव में इन भूमाफियाओं के चंगुल में लगातार फंसता जा रहा है। नगर में सफेद पोश राजनैतिक हस्तियों के दखल अंदाजी के चलते नगर में ये धंधा जोरों से चल रहा है। क्षेत्र में कोई बड़ी कार्यवाही नही होने की वजह से नगर सहित दर्जनों ग्रामों में अवैध प्लाटिंग का खेल चल रहा है। शासन के नियम के अनुसार किसी भी जमीन पर आवासीय योजना को लेकर सबसे पहले टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग से अनुमति ली जाती है, जो केवल कॉलोनाइजर लायसेंस होने पर मिलती है। आवासीय योजना के पूर्ण विकास की जिम्मेदारी उस कॉलोनाइजर की होती है, जिससे भविष्य में वहां रहने वाले परिवारों को सभी सुविधाएं मुहैय्या कराई जा सके।अवैध प्लाटिंग के मामलों में कोई भी जिम्मेदार नहीं होता जब वहां लोग रहने लगते है तो सड़क, बिजली, पानी, नाली से लेकर सभी तरह की समस्याएं सामने आने लगती है।उस समय प्रशासन को दोषी ठहराया जाता है और जो परेशानी लोगों को उठानी पड़ती है वह अलग।अवैध प्लाटिंग पर रोक लगाने संबंधी नगरीय निकाय मंत्री के निर्देश के बाद संभाग के विभिन्न क्षेत्रों में प्रशासन ने सख्ती दिखानी शुरू कर दी है, लेकिन मुंगेली क्षेत्र में कोई कार्यवाही नही हो रही है।जिससे ऐसा लगता है कि इस क्षेत्र को अभयदान मिला हुआ है, अब इस अभयदान के पीछे राजनीतिक गठजोड़ वजह है या प्लाटिंग में निश्चित कमीशन।जिसकी वजह से अवैध कालोनाइजर्स को नोटिस जारी कर अधिकारी अपनी जिम्मेदारी से मुक्त हो जाते है।उल्ल्खेनीय है कि शहरी क्षेत्र में भी दर्जन से अधिक अवैध कालोनियां बसाई गई है जहां बिजली, पानी, सड़क का अभाव बना हुआ है। बरसात में ये कालोनियां टापू में तब्दील हो जाती है।

कार्यवाही की जायेगी

बिना अनुमति व ले आउट के प्लाटिंग करने वालो के ऊपर कार्यवाही की जायेगी। इस संबंध में रजिस्ट्री विभाग से छोटे-छोटे टुकड़ों में हुए रजिस्ट्री की जानकारी मंगाई गई है।

-अनुभव सिंह, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, मुंगेली

न्यूज गैलरी

सब स्टेशन में बढ़ाई गई विद्युत वितरण क्षमता

अंबिकापुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री अधोसंरचना विद्युतीकरण योजना के तहत विद्युत वितरण केंद्र सीतापुर अंतर्गत 33/11 केवी सब स्टेशन सीतापुर में 3.15 एमवीए लगे पावर ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाकर 5.00 एमवीए की गई है, जिसकी कुल लागत 60.00 लाख रुपए है। सीतापुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले उपभोक्ताओं को भविष्य में लो वोल्टेज एवं ओवर लोड की समस्या से निजात मिलेगी तथा पॉवर ट्रांसफॉर्मर 5.00 एमवीए की क्षमता बढ़ जाने से सीतापुर वितरण केन्द्र के 45 गांव के लगभग 9000 से अधिक उपभोक्ता लाभान्वित होंगे। आर नागवंशी कार्यपालन यंत्री (स/ स) संभाग अंबिकापुर, पी.के. साहू कार्यपालन यंत्री (परियोजना) अंबिकापुर, एस. प्रजापति कार्यपालन अभियंता (एसटीएम) अंबिकापुर,अमित टोप्पो सहायक अभियंता,महेंद्र साहू सहायक अभियंता (परियोजना), एल.के. नामदेव सहायक अभियंता (उपसंभाग) सीतापुर, नीरज कुजूर कनिष्ठ अभियंता (वितरण) सीतापुर व अन्य लाइन कर्मचारियों की उपस्थिति एवं सहयोग से उपभोक्ताओं की मदद के लिए सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

जिला जनसमस्या निवारण शिविर का उठाया लाभ

अंबिकापुर/नवप्रदेश। शासन के निर्देशानुसार राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण हेतु शनिवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। कलेक्टर विलास भोसकर के निर्देश पर आमजनों से प्राप्त आवेदनों का अधिकारियों ने अवलोकन करते हुए नियमानुसार तत्काल निराकरण किया। जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर में कुल 51 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें फौती नामांतरण के 17 आवेदन, जमीन बटवारा के 4 आवेदन, सीमांकन का 1 आवेदन, किसान किताब 3 आवेदन, जाति प्रमाण पत्र का 1 आवेदन, निवास प्रमाण पत्र का 1 आवेदन, अन्य राजस्व संबंधी 24 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें 8 आवेदन का तत्काल निराकरण किया गया। 23 आवेदन के कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। वहीं शेष 20 आवेदनों पर कार्यवाही शीघ्र शुरू की जाएगी। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के निर्देशानुसार राजस्व से संबंधित प्रकरणों के निराकरण हेतु राजस्व निरीक्षक मंडल स्तर पर और तहसील स्तर पर शिविर किए जा चुके हैं। 17 फरवरी को जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर अनुविभागीय अधिकारी(राजस्व), तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक एवं राजस्व विभाग के अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित थे।

500 सुहागिनों ने किया राणी सती दादी का मंगलपाठ

सक्ती/नवप्रदेश। स्थानीय मारवाड़ी धर्मशाला में राणीसती दादी मां का आकर्षक दरबार सजाकर शुक्रवार को राणीसती दादी का महा मंगलपाठ का आयोजन किया गया। इसमें 500 से अधिक महिलाओं द्वारा सस्वर एकसाथ मंगलपाठ किया गया। प्रसिद्ध मंगलपाठ वाचक व भजन प्रवाहक कलाकार कृष्णा प्रधान व उनकी टीम द्वारा संगीत की धुन में मंगलपाठ प्रारंभ कराया गया। मंगल पाठ के दौरान दादी के भजन भी सुनाए गए। इसमें दादी भक्त झूमकर नाचे और दादी मां के जयकारे के साथ देर रात तक मंगलपाठ हुआ। लोगों ने अपने व अपने परिवार के लिए सुख, शांति एवं समृद्धि सहित मंगलकामनाएं मांगी।

जुआ खेलते 8 जुआरियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

सेतगंगा/मुंगेली/नवप्रदेश। ग्राम लगरा में जुआ खेल रहे 8 जुआरियों से 10840 रूपये जब्त की गई। जुआरियों के विरूद्ध पुलिस द्वारा जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। थाना फास्टरपुर द्वारा ग्राम लगरा, तालाब के मेड़ में दबिश देकर जुआ खेल रहे 8 आरोपियों राम प्रसाद चन्द्राकर, रामकृष्ण सोनकर, अमित सोनकर, अनिल सोनकर, भुनेश्वर, भरत, शत्रुहन, लुकेश्वर के कब्जे से 10840 रूपये जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। जुआ-सट्टा पर अंकुश लगाने हेतु मुंगेली पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही की जायेगी।

ट्रैक्टर की ठोकर से स्कूल जा रही छात्रा की मौत

जांजगीर/नवप्रदेश। जिले के ग्राम कमरीद में तेज रफ्तार ट्रैक्टर चालक ने साइकल से स्कूल परीक्षा देने जा रही छात्रा कुमारी चंचल केवट को जोरदार ठोकर मार दी। छात्रा को गंभीर चोट आने के कारण तुरंत इलाज के लिए पामगढ़ अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने जांच के बाद छात्रा को मृत घोषित कर दिया। वहीं हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया है।

ये घटना पामगढ़ थाना क्षेत्र की है। जानकारी के अनुसार, देवरघाट निवासी चंचल केवट गांव से थोड़ी दूर ग्राम तनौद में कक्षा 9वी की छात्रा थी। रोजाना की तरह स्कूल परीक्षा देने के लिए अपने घर से साइकिल से निकली थी। इस दौरान उसकी एक सहेली भी साथ दी। दोनों अपने-अपने अलग-अलग साइकिल से जा रहे थे। लगभग सुबह 9.30 बजे के आस-पास दोनों छात्राएं ग्राम कमरीद पहुंची थी। तभी लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए तेज रफ्तार में सामने से आ रहा ट्रैक्टर के चालक ने साइकिल से जा रही चंचल केवट को जोरदार ठोकर मारी, जिससे वह दूर जा गिरी। गिरने से चंचल के सिर पर गंभीर चोट आई थी। वहीं लोगों की भीड़ जुट गई, जिससे ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर

छोड़कर मौके से भाग निकलाला। सूचना मिलने के बाद परिजनों मौके पर पहुंचे और इलाज के लिए पामगढ़ अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर ने चंचल को मृत घोषित कर दिया। पुलिस को सूचना मिलने पर अस्पताल पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है।

सवा दो किलो गांजा जप्त, 2 गिरफ्तार

जांजगीर/नवप्रदेश। गांजा का अवैध परिवहन थमने का नाम नहीं ले रहा हैइ पिछले दो सप्ताह से जांजगीर-चांपा और सक्ती दोनों जिलों में लगातार गांजा की तस्करी के मामले आ रहे हैं। गुरुवार को डभरा पुलिस ने बाइक सवार युवक से दो किलो गांजा जब्त किया। तो नवागढ़ पुलिस ने एक व्यक्ति से 210 ग्राम गांजा बरामद किया।पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ 20 बी एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया है। डभरा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 15 फरवरी को मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति छपोरा की ओर से ग्राम खैरा रामभांठा की ओर बाइक क्रमांक सीजी 04 केक्यू 8209 में अपने साथ गांजा लेकर जा रहा है। इस सूचना पर पुलिस की टीम ने खैरा रामभांठा नहर के पास जाकर घेरा बंदी की। इस दौरान मुखबीर के बताए अनुसार बाइक पर युवक आया। बाइक में सवार मालखरौदा थाना क्षेत्र के बड़े रबेली निवासी युवक संतोष चंद्रा (30 वर्ष) पिता शिव प्रसाद चंद्रा मौके पर पहुंचा। उसकी जांच की गई तो उसने पिट्ठू बैग में गांजा रखा था। मौके पर उसे तौला गया तो दो किलो गांजा मिला। जब्त गांजे की कीमत 20 हजार रुपए बताई गई है।

नर्सिंग होम एक्ट का पालन नहीं, हास्पिटल किया सील

मुंगेली/नवप्रदेश। चिकित्सक की अनुपस्थिति में हास्पिटल संचालित करने के कारण आकृति हास्पिटल को सील किया गया। निजी नर्सिंग होम में अप्रशिक्षित स्टॉफ द्वारा मरीजों का ईलाज किये जाने तथा नर्सिंग होम एक्ट के तहत नियमों का पालन नही किये जाने को लेकर कार्यवाही की गई। निरीक्षण के दौरान चिकित्सकों की जानकारी, बायोमेडिकल वेस्ट के उठाव हेतु ईनवायरोकेयर अनुबंध, ओटी रजिस्टर, ओटी कल्चर टेस्ट एवं मरीजों के उपचार संबंधी जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई।

जिले में संचालित अस्पताल में नर्सिंग होम एक्ट का पालन नहीं करने पर कार्यवाही की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. देवेन्द्र पैकरा ने बताया कि नगर पंचायत पथरिया में संचालित आकृति हास्पिटल का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान हास्पिटल में कोई चिकित्सक मौजूद नहीं था और अप्रशिक्षित स्टॉफ द्वारा मरीजों का ईलाज किया जा रहा था। साथ ही चिकित्सकों की जानकारी, बायोमेडिकल वेस्ट के उठाव हेतु ईनवायरोकेयर अनुबंध, ओटी रजिस्टर, ओटी कल्चर टेस्ट एवं मरीजों के उपचार संबंधी जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य उपचर्यागृह रोगोपचार संबंधी अनुज्ञापन अधिनियम 2010 एवं नियम 2013 तथा नर्सिंग होम एक्ट का पालन नहीं करने, चिकित्सक की अनुपस्थिति में हास्पिटल संचालित करने के कारण आकृति हास्पिटल को सील किया। इस दौरान जिला नोडल अधिकारी डॉ. कमलेश खैरवार सहित स्वास्थ्य अमला मौजूद रहा।

लैगा की टीम ने पचिरा को दी शिकस्त

लखनपुर-सरगुजा/नवप्रदेश। जाग्रति युवा क्लब के तत्वावधान मे पंचायत स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला ग्राम लैगा और पचिरा बीच खेला गया।

कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि रणविजय सिंह देव रहे। सर्व प्रथम खिलाड़ी परिचय के बाद टाश प्रकिया से खेल प्रारंभ हुई लैगा के कप्तान ने टास जीतने के बाद बैटिंग करते हुए निर्धारित 12 ओव्हर में 117 रन बटोरे वही प्रतिद्वंद्वी ग्राम पचिरा जिला सूरजपुर के टीम ने लक्ष्य का पिछा करते हुए 12 ओव्हर में फकत 103 रन ही बना सकी। इस तरीके से फाइनल मुकाबला का खिताब ग्राम लैगा के क्रिकेट टीम ने जीता फाइनल मुकाबले में विजेता टीम ग्राम लैगा को 21000/ नगद एवं ट्रॉफी तथा उप विजेता टीम ग्राम पचिरा को 11000/ हजार नगद व ट्राफी मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों के कर कमलों से प्रदान किया गया। मैन ऑफ

द सीरीज का खिताब नरेंद्र सिंह मैन ऑफ द मैच नरेंद्र सिंह को दिया गया। अन्य खिलाड़ियों को भी अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि रण विजय सिंह देव उप सरपंच गोरता मुकेश सिंह, किसान कांग्रेस ब्लॉक उपाध्यक्ष संतोष साहू पुर्व जनपद सदस्य धर्मेन्द्र झारिया, मनबोध दास मानिकपुरी (शिक्षक) लखन राम उइके, महेन्द्र कुमार सिरदार, अम्बिका प्रसाद यादव,दिल साय,राम लाल (सरपंच लैगा) नर्मदा सिरदार,उप सरपंच लैगा, आसपास के खेल प्रेमी काफी संख्या में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि खिलाड़ियों को सही दिशा देने के नजरिए से ग्राम लैगा यक़ीनन सराहनीय कार्य कर रहा है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों के खिलाड़ियों को आगे आने का अवसर मिलेगा। खिलाड़ियों का हौसला अफजाई करते हुए मुख्य अतिथि ने विजेता टीम को बैट और स्टम्प देकर सम्मानित किया।

अनुकंपा नियुक्ति, दावा के लिए आपत्ति आमंत्रित

जांजगीर। शिक्षा विभाग में कार्यरत कुछ कर्मचारियों की आकस्मिक मौत के बाद उनके आश्रित सदस्यों को अनुकंपा नियुक्ति दी जाएगी। इसके लिए 20 फरवरी तक दावा आपत्ति मंगाई गई है। संबंधित व्यक्ति डीईओ कार्यालय में उस समय तक आपत्ति या दावा कर सकते हैं। शासकीय मिडिल स्कूल सिल्ली में पदस्थ शिक्षक एलबी जय सिंह जगत की मौत के बाद उनकी पत्नी फुलेश्वरी जगत, शासकीय मिडिल स्कूल कनस्दा में पदस्थ प्रधान पाठक टीकाराम कैवर्त्य की मौत के बाद उनके बेटे तुलेश कुमार एवं शासकीय प्राथमिक शाला धनगांव में पदस्थ सहायक शिक्षक एलबी दुर्गा प्रसाद यादव की मौत हो जाने पर उनकी पत्नी मालती यादव की अनुकंपा नियुक्ति किया जाना है।

150 करोड़ की लागत से बनेंगे दो रेलवे ओवरब्रिज

रायगढ़/नवप्रदेश। रायगढ़ में 150 करोड़ रुपए की लागत से दो नए रेलवे ओवरब्रिज को स्वीकृति मिलने की जानकारी सामने आई है। उपमुख्यमंत्री और पीडब्ल्यूडी मंत्री अरुण साव के लोकनिर्माण विभाग के पारित 2024-2025 के बजट में रायगढ़ शहर में 80 करोड़ रुपए लागत से चक्रधर नगर रेलवे क्रासिंग में ओवरब्रिज निर्माण को स्वीकृति दी गई है। केंद्रीय सड़क निधि के अंतर्गत स्वीकृत 21 कार्यों में से 2 पूर्ण, 17 प्रगति पर व एक निविदा स्तर पर है।

इसके अतिरिक्त 7 नए रेलवे ओवरब्रिज की स्वीकृति केन्द्र शासन से प्राप्त हुई थी। इसे प्रारंभ करने की कार्यवाही तेज कर दी गई है। शहरी क्षेत्रों में रेलवे के क्रासिंग पर यातायात अवरुद्ध होता है। परियोजना अंतर्गत केन्द्रीय सड़क निधि में 7 रेलवे ओवरब्रिज के नवीन कार्य की सहमति केन्द्र शासन से प्राप्त हुई है। इन 7 कार्यों को बजट में शामिल किया गया है । इनका निर्माण कार्य आने वाले दिनो मे जल्द ही शुरू हो जाएगा। खरसिया रेलवे फाटक में जनता घंटों खड़ी रहती है, धूप और बारिश में लोगों को परेशानी झेलने पड़ती है। ओवरब्रिज बनने से राहत मिल सकेगी । जोबी में सरकारी महाविद्यालय, शहर में इंडोर स्टेडियम सहित अन्य कार्यों को भी पीडब्ल्यूडी के बजट में मंजूरी दी गई है । राज्य विधानसभा ने पीडब्ल्यूडी के वित्तीय वर्ष 2024-25 का बजट पारित कर दिया गया है।

प्रदर्शन | कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच पुतला विसर्जन करते हुई झूमा-झटकी

कांग्रेस का एकाउन्ट फ्रिज करने का विरोध

मुंगेली/नवप्रदेश। भाजपा के इलेक्टोरल बॉन्ड घोटाला एवं केंद्र की भाजपा सरकार के इशारे पर आयकर विभाग द्वारा कांग्रेस पार्टी व युवा कांग्रेस के अकाउंट को फ्रिज करने के विरोध में जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष राजेश छैड़ेया के नेतृत्व में जिला मुख्यालय में स्थित आगर नदी में प्रधानमंत्री व केंद्रीय गृह मंत्री का पुतला विसर्जन किया।

केंद्र की भाजपा सरकार व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए आगर नदी में प्रवेश किए जहां मुंगेली पुलिस तैनात थी, कांग्रेस कार्यकर्ता और पुलिस के बीच पुतला विसर्जन करते समय झूमा झटकी हुई पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं

ने पुतला विसर्जन करने में सफल रहे। युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजेश छैड़ेया ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भ्रष्टाचार का नाम बदलकर इलेक्टोरल बॉन्ड रख लिया है, इस घोटाले का कांग्रेस पार्टी ने शुरू से ही खुलकर सदन के अंदर और बाहर दोनों जगह विरोध किया। लेकिन श्री मोदी ने संख्या बल का दुरुपयोग कर इसे जारी रखा, मगर दो दिन पूर्व उच्चतम न्यायलय ने इसे असंवैधानिक करार करते देते हुए नए इलेक्टोरल बॉन्ड जारी करने पर रोक एवं पूरे लेनदेन की जानकारी को पब्लिक डोमेन में रखने को कहा। जिससे भाजपा बौखलाहट बदले के राजनीति कार्यवाही करते हुए कांग्रेस पार्टी व युवा कांग्रेस के सभी अकाउंट को फ्रिज कर दिया। जिससे ये साफ जाहिर हो रहा है अपने आप को विश्व की सबसे बड़ी पार्टी कहने वालो को कांग्रेस का डर सता रहा है। नगर पालिका सभापति रोहित शुक्ला ने चेतावनी देते हुए कहा कि कांग्रेस हर कार्यकर्ता पूरी तरह से तैयार है वो बिना डरे भाजपाइयों की हर काली करतूत और जनविरोधी समस्या का जमकर विरोध करेंगे और अपने पार्टी की हक की लड़ाई लड़ते रहेंगे। इस अवसर पर कांग्रेसजन उपस्थित थे।

मदनपुर स्कूल में पहली बार वार्षिक उत्सव का आयोजन

मुंगेली/नवप्रदेश। शासकीय प्राथमिक शाला मदनपुर में पहली बार वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें नन्हे-मुन्ने बच्चों के द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। बच्चों के द्वारा छत्तीसगढ़ की संस्कृति और परंपरा को नृत्य के माध्यम से आकर्षक रूप में प्रस्तुत किया गया। वार्षिक उत्सव में करमा नृत्य, सुवा नृत्य, पंथी, राउत नाच, बस्तरिया नृत्य के साथ देशभक्ति गीतों पर भाव नृत्य से बच्चों ने उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का स्वागत भाषण स्थानीय सरपंच श्रीमती सविता आंचल ने दिया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत के अध्यक्षता कर रहे जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष पवन पांडे ने कहा कि प्राथमिक विद्यालय के द्वारा इस तरह की प्रस्तुति अनुकरणीय है। इस अवसर पर उन्होंने विद्यालय में बालक शौचालय बनवाने की घोषणा किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जनपद पंचायत मुंगेली के पूर्व उपाध्यक्ष एवं कनौजिया क्षत्रिय समाज के कार्यकारी अध्यक्ष शिवप्रताप सिंह ने कहा विद्यालय की सुंदरता और रखरखाव देखकर शिक्षक का विद्यालय के प्रति लगाव दिख रहा है। प्राथमिक स्तर के विद्यालय के द्वारा इतना सुंदर आयोजन वास्तव में प्रशंसनीय है। इस तरह के कार्यक्रमों से अन्य विद्यालय भी अवश्य प्रेरित होंगे। मंच से सहायक परियोजना अधिकारी आकाश परिहार ने कहा कि यह कार्यक्रम अन्य विद्यालयों के लिए प्रेरणा का काम करेगा।

न्यूज गैलरी

पढ़ाए शिक्षक को अपने बीच पाकर पूर्व छात्रों में फैल गई खुशी की लहर

फिंगेश्वर/नवप्रदेश। जिस स्कूल में एक शिक्षक के रूप में शिक्षकीय सेवा की शुरुआत करने के पश्चात लगातार 28 वर्षों तक शिक्षकीय सेवा देने के पश्चात यदि उसी स्कूल से विदाई सम्मान पाना अपने आप में एक भावनात्मक पल होता हैं ऐसे ही आयोजन सेवाकालीन कर्मभूमि मिलन एवं विदाई सम्मान समारोह कार्यक्रम पूरे विद्यालय एवं ग्रामवासियों के सहयोग से एक ऐतिहासिक आयोजन शासकीय प्राथमिक विद्यालय तरसूंगा में आयोजित किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जी.एफ.खान सेवानिनृत्व प्रधानपाठक अध्यक्षता रामाधीन ध्रुव जनपद सदस्य, विशिष्ट अतिथि आनंद राम साहू सरपंच गुण्डरदेही ,सियाराम ध्रुव सरपंच खैरझिटी कृषलाल साहू पूर्व सरपंच गुण्डरदेही,कुमान सिंह ध्रुव संकुल प्राचार्य गुण्डरदेही,छगन सिंह दीवान संकुल समन्वयक गुण्डरदेही,रामचरण दीवान प्रधानपाठक गुण्डरदेही, लालकृष्ण पटेल,खेमसिंह ध्रुव प्रधानपाठक बनगवा थे कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना पश्चात कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि के आसंदी से बोलते हुए गुलाम फारूक खान सेवा निवृत्त प्रधानपाठक ने कहा आज मैं अपने आप को बड़े ही गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं।

राष्ट्रीय आयुष कार्यक्रम सुप्रजा की धमतरी जिले में हुई शुरूआत

धमतरी/नवप्रदेश।संचालनालय (आयुष)एवं कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी के मार्गदर्शन में गर्भवती माताओं के उत्तम स्वास्थ्य एवं गर्भस्थ शिशु के सर्वांगीण विकास हेतु नवीन सृजित राष्ट्रीय आयुष कार्यक्रम सुप्रजा का जिले में शुभारंभ किया गया है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य स्वस्थ माता एवं निरोगी संतान है। सुप्रजा कार्यक्रम जिले के आयुष विंग, जिला चिकित्सालय धमतरी, स्पेश्लाईज्ड थेरेपी सेंटर कुरूद, स्पेश्लाईज्ड थेरेपी सेंटर मगरलोड, शासकीय आयुर्वेद औषधालय दर्श, गट्टासिल्ली, खरतुली एवं छाती में संचालित है। इस संदर्भ में गर्भवती माताओं का चयन उपरोक्त संस्थानों द्वारा किया जा चुका है। सुप्रजा कार्यक्रम के अंतर्गत आयुर्वेद आधारित औषधियों के बाह्य एवं अभ्यांतर प्रयोग, योग तथा मेडिटेशन के माध्यम से गर्भिणी माताओं के संपूर्ण आहार-विहार तथा क्रियाकलापों का विशेष ध्यान रखा जायेगा ताकि गर्भवती माता को किसी प्रकार की शारीरिक एवं मानसिक समस्या का आभास न हो। कलेक्टर सुश्री गांधी ने जिलेवासियों से इस योजना से लाभान्वित होने अपील की है।

तेज रफ्तार ट्रक ने युवक को रौंदा परिजनों ने किया आंदोलन

कोरबा/नवप्रदेश। तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई है. हादसे के बाद गुस्साए परिजनों और ग्रामीणों ने खदान बंद करवा दी है. इतना ही नहीं उचित मुआवजा की मांग को लेकर एसईसीएल जीएम ऑफिस के पास आंदोलन कर रहे हैं. बता दें कि मानिकपुर चौकी इलाके के बाईपास कदमहा खार मेन रोड में तेज रफ्तार ट्रक ने ओम प्रकाश एक्का रापाखर्रा निवासी को ठोकर मार दी, जिसकी मौके पर ही मौत हो गई. हादसे के बाद परिजनों ने पोस्टमार्टम कराकर शव को लेकर मानिकपुर एसईसीएल जीएम ऑफिस के पास रखकर आंदोलन कर रहे हैं. जानकारी के अनुसार, उचित नौकरी मुआवजे को लेकर ग्रामीण काफी संख्या में एसईसीएल मानिकपुर खदान पहुंचे हैं. खदान क ग्रामीणों ने बन्द करवा दिया है. जिसकी वजह से खदान के अंदर वाहनों की लंबी कतार लग गई है. घटना की सूचना पर एसईसीएल के अधिकारी, कर्मचारी समेत मानिकपुर चौकी पुलिस, एसईसीएल सुरक्षा गार्ड के साथ खदान की सुरक्षा में लगे त्रिपुरा राइफल्स के जवान भी तैनात हैं. मृतक ओम प्रकाश एक्का कुसमुंडा खदान में निजी कम्पनी में काम करता था. तड़के सुबह ड्यूटी जाने निकला था. इस दौरान हादसे का शिकार हुआ. मानिकपुर चौकी पुलिस जांच कर रही हैं।

भारी मात्रा में महुआ शराब जप्त

महासमुंद/नवप्रदेश। अवैध रूप से आसवित महुआ शराब के उपभोग से संभावित जनहानि को रोकने तथा आबकारी राजस्व की सुरक्षा के मद्देनज़र आबकारी वृत्त सरायपाली के द्वारा कच्ची शराब के विरुद्ध सतत कार्रवाई की जा रही है। मुखबीर सूचना के आधार पर आबकारी टीम सरायपाली के द्वारा कार्रवाई की गई।

कलयुगी बेटे ने कुल्हाड़ी से हमला कर पिता को उतारा मौत के घाट

- पत्नी की तरफदारी करने से नाराज होकर पिता पर कर दिया हमला
- पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त कुल्हाड़ी को भी जप्त कर लिया

कोंडागांव/नवप्रदेश। कोंडागांव। जिले से हत्या का खौफनाक मामला सामने आया है. यहां एक कलयुगी पुत्र ने अपने पिता पर कुल्हाड़ी से हमला कर मौत के घाट उतार दिया. मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है. बताया जा रहा है कि मामूली विवाद में बेटे ने पिता की हत्या की है. मामला केशकाल थाना क्षेत्र का है.

जानकारी के अनुसार, कोतवाली थाना पुलिस को 17 फरवरी को कांकेर से मर्ग डायरी प्राप्त हुआ. जिसमें मृतक बज्जू परचापी की मृत्यु सिर पर आई चोट से होना और डॉक्टर का शॉर्ट पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर मृत्यु की प्रकृति हत्या बताया गया. जिसके बाद मामले की जांच में पुलिस जुट गई. इस दौरान पुलिस ने मृतक के बेटे मानकू परचापी को हिरासत में लेकर पूछताछ की. जिसमें उसने बताया की बीते 16 फरवरी की रात उसकी और उसकी पत्नी असमोतीन के बीच वाद विवाद हो रहा था कि तभी उसके पिता बज्जू वहां पर आ गए और उसकी पत्नी की तरफदारी किया. जिससे नाराज होकर बेटे ने घर में रखे कुल्हाड़ी से अपने पिता के सिर पर वार कर दिया और पिता की मौके पर ही मौत हो गई. वहीं पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया और घटना में प्रयुक्त कुल्हाड़ी को भी जब्त कर लिया है. मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया और न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है.

कलेक्टर ने चेन माउंटेन मशीन को उठवाया

पैरी नदी पर अवैध रेत खदान शुरू करने के लिए निकासी मार्ग बनाने में लगी थी एक चेन माउंटेन

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिले में अवैध रेत खदान बेखौफ चल रहे हैं. राजिम से लेकर देवभोग तक अवैध रेत खनन से रोजाना प्रशासन को हजारों रुपये की रॉयल्टी का नुकसान हो रहा है. इसी बीच पैरी नदी पर अवैध रेत खदान शुरू करने के लिए निकासी मार्ग बनाने में लगी एक चेन माउंटेन पर कलेक्टर दीपक अग्रवाल की नजर पड़ी. शनिवार शाम करीब 7 बजे कलेक्टर राजिम मेले की तैयारी का जायजा लेकर लौट रहे थे. मोहेरा घाट में चल रहे अवैधानिक गतिविधि को देखकर रुक गए. उन्होंने तत्काल गठित टास्क फोर्स को कार्रवाई का निर्देश दिया. टीम ने रात को पहुंचकर मशीन को कोतवाली पुलिस के हवाले किया. शुरू होने से पहले एक अवैध खदान पर कार्रवाई से रेत माफिया में हड़कंप मचा हुआ है.

जिले में कोपरा, हथखोज, परसदा,सरकडा में रेत के अवैध खदान जारी है. जबकि एनीकट में पानी आने के कारण सिंधोरी, चोबेबंधा दो दिन पहले बंद हुआ है. धमतरी के डूमर पाली खदान से रेत की निकासी सरकंडा से धमतरी के परेवाडींग के लीगल खदान से देर रात जारी अवैध परिवहन राजिम नवीन मेला मार्ग से निकल रहा है. सभी अवैध खदान में रेत का परिवाहन रात 10 बजे के बाद होता है. रोजाना 300 से ज्यादा हाईवा नदियों का सीना चीरकर दौड़ लगा रहे हैं. कार्रवाई के नाम पर हाईवा की जब्ति हो रही है. लेकिन खदान पुरी तरह से बंद नहीं हो पा रहे हैं. कार्रवाई के लिए टास्क फोर्स का गठन भी हुआ है, जो वाहन पकड़ रहे हैं. लेकिन ये खदानों में मौजूद मशीनों को बंद कराने में नाकाम साबित हो रहा है.

पखवाड़े भर पहले कूटेना के अवैध रेत घाट पर कार्रवाई करने पहुंची थी. जिस पर दर्जनों लोगों ने हमला बोल दिया. चालक की पिटाई और वाहन में तोड़ फोड़ की गई. मामले में 15 से ज्यादा लोगों के खिलाफ कई धाराओं के तहत मामला भी दर्ज किया गया. लेकिन गिरफ्तारी नहीं हुई है. सरकारी अमले पर हमले के बाद सीधी घाट में दबिश देने प्रशासनिक अमला असुरक्षित महसूस कर रही है।

नपा अध्यक्ष ने विधायक के साथ थाने पहुंचकर सीएमओ के खिलाफ दर्ज कराई शिकायत

खैरागढ़/नवप्रदेश।खैरागढ़ में सियासी उठापटक के बीच नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष शैलेंद्र वर्मा के इस्तीफे पर नया मोड़ आ गया है. शैलेंद्र वर्मा ने इस्तीफा देने से इंकार करते हुए कांग्रेस विधायक यशोदा वर्मा के साथ थाने में पहुंचकर सीएमओ प्रमोद शुक्ला के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है. इसे भी पढ़ें = ब्रह्मलीन हुए आचार्यश्री विद्यासागर महराज = रात 2.35 पर हुई समाधि, देशभर से पहुंच रहे श्रावक, आज निकलेगी पालकी

मीडिया से चर्चा करते हुए विधायक यशोदा वर्मा ने बताया कि नगर पालिका अध्यक्ष के लेटर पैड का नगरपालिका के अधिकारी कर्मचारियों ने दुरुपयोग किया है, और हमारे अध्यक्ष का इस्तीफ़ा लिख कर उसे वायरल भी किए है. नगर पालिका अध्यक्ष के इस्तीफे की जानकारी ना तो संगठन को है, और ना ही स्वयं विधायक को है.

वहीं पूरे मामले को लेकर मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रमोद शुक्ला ने बताया कि मेरे पास शैलेंद्र वर्मा ने स्वयं उपस्थित होकर अपना इस्तीफा सौंपा था. उस इस्तीफे को मैने अपर सचिव, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग को अग्रिम कार्रवाई के लिए भेज दिया है. अब जिस तरह की बातें सामने आ रही हैं, उसके बारे में वे लोग ही ज्यादा अच्छे से बता सकते हैं.

विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन

पात्र लोग हो रहे हैं इस योजना से लाभान्वित

भानुप्रतापपुर/नवप्रदेश। विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर के द्वितीय चरण के लिए एक बार पुनः भानुप्रतापपुर नगर अंतर्गत संकल्प शिविर का आयोजन किया गया, इस यात्रा के माध्यम से

केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को गांव के अन्तिम छोर तक निवास करे रहे जन सामान्य को शत प्रतिशत आच्छादित करना विकसित भारत संकल्प यात्रा का लक्ष्य हैं। कार्यक्रम की शुरुआत मां भारती के छायाचित्र पर पूजा अर्चना एवम् भारत को विकसित राष्ट्र बनाने शपथ ग्रहण कर शुभारंभ किया गया इस दौरान स्कूली बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया, जिसमे बच्चों ने हसदेव अरण्य पर आधारित झांकियो के माध्यम से संदेश दिया । मुख्य नगर पालिका अधिकारी हेमंत नेताम

ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य केंद्र सरकार व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित पात्र व्यक्तियों को जोड़ना है और उन्हें लाभ पहुंचाना है। जिन ग्रामीणो को प्रधानमंत्री आवास, मुख्यमंत्री आवास, पेंशन, स्वच्छ शौचालय, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, पेयजल, हैण्डपम्पो की स्थापना/मरम्मत, सम्पर्क मार्ग,प्रधान मंत्री विश्वकर्मा योजना, उज्ज्वला योजना जैसे सभी योजनाओं से पात्र लोगों को लाभान्वित करना है । इस शिविर में सैकड़ों के संख्या में आवेदन एवम् लाभार्थियों ने लाभ प्राप्त किया।

महाधिवेशन की तैयारी का जायजा लेने हसदा पहुंचे केंद्रीय अध्यक्ष

छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज का 78वां दो दिवसीय महाधिवेशन धमधा राज में

पलारी/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज का 78 वा दो दिवसीय महाधिवेशन धमधा राज के हसदा गांव में होना तय है जो 24 और 25 फरवरी को होगा जिसकी तैयारी का जायजा लेने एवम सभा स्थल का निरीक्षण करने केंद्रीय अध्यक्ष चोवा राम वर्मा के नेत्तुव में केंद्रीय टीम सभा स्थल पहुंचे जहां राज प्रधान चंद्रशेखर परगनिहा द्वारा केंद्रीय टीम को सभा स्थल एवम तैयारी के संबध में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया की महाधिवेशन में 25हजार लोगो के लिए भोजन व्यस्था किया जा रहा है वही समाज के पधाधिकारीयो के ठहरने के लिए पर्याप्त कमरों की व्यवस्था किया गया है ।वही सभा स्थल का मंच को पक्का बनाया जा रहा है जहा पर राज्यपाल मुख्यमंत्री ,पूर्व मुख्यमंत्री सहित मंत्री सांसद विधायक पहुचेंगे उनकी गरिमा के अनुरूप मंच बनाया जा रहा है ।उन्होंने टीम और अध्यक्ष को बताया कि महाधिवेशन में आदर्श विवाह के लिए अलग से व्यस्था किया गया जिसमे कन्या पक्ष के लिए अलग भवन एवम वर पक्ष के लिए अलग भवन की व्यवस्था किया गया है ।वही प्रथम दिवस शोभा यात्रा महामाया मंदिर से प्रारंभ होकर मुख्य मार्ग होते हुए बाजार चौक से सभा स्थल पहुचेगी जहा केंद्रीय अध्यक्ष एवम सभी राज प्रधान ध्वजारोहण करके महाधिवेशन की विधिवत शुभारंभ करेंगे ।

वही केंद्रीय अध्यक्ष चोवा राम वर्मा ने सभा स्थल का निरीक्षण पश्चात केंद्रीय टीम एवम राज प्रधानों का आवश्यक बैठक लिए जिसमे महाधिवेशन की रूप रेखा तैयार किया गया एवम साल भर के आय व्यय की जानकारी दी गई एवम महाधिवेशन में अतिथियों के स्वागत संस्कार के लिए विशेष व्यवस्था रखने की बात कही गई । वही पर केंद्रीय अध्यक्ष ने तैयारी देखकर संतुष्ट हुए और राज प्रधान की तैयारी का प्रांशसा करते हुए कहा की राज प्रधान द्वारा बहुत ही जिम्मेदारी से कार्यक्रम की व्यवस्था किया जा रहा है वो अच्छी बात है।इस अवसर पर केंद्रीय महामंत्री रघुनंदन लाल वर्मा , डा के के नायक, खोडस राम कश्यप, ऋषि वर्मा, तोरण नायक, युवा अध्यक्ष कपिल कश्यप,अरुण परगनिहा, दशरथ वर्मा, संतोष आडिल ,हरिराम वर्मा, चिंता राम वर्मा, डा ए पी नायक, आर सी वर्मा , शेखर वर्मा केंद्रीय मीडिया प्रभारी देव प्रकाश परगनिहा, शिवा चंद्रवंशी, ब्रम्हानंद वर्मा, प्रवीण वर्मा, सुनील वर्मा दिनेश वर्मा,खिलावन वर्मा आदि मौजूद रहे।

एक करोड़ का गांजा व 50 लाख के सोने का जेवर जब्त

महासमुंद/नवप्रदेश। महासमुंद पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए दो अलग-अलग मामलों में गाड़ियों से एक करोड़ से ज्यादा कीमत का गांजा जब्त किया, वहीं दूसरी ओर स्कार्पियों से 50 लाख कीमत के सोने के टुकड़े व ज्वेलरी के साथ 19.50 लाख रुपए नगदी बरामद किया है. मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है.जानकारी के अनुसार, छत्तीसगढ़-ओड़िसा सीमा पर स्थित चेक पोस्ट रेहटीखोल के पास रविवार को चेकिंग के दौरान बरगढ़, ओडिसा की तरफ से आ रही सफेद रंग की स्कार्पियो को रोका कर जांच की गई. गाड़ी में सवार दो व्यक्तियों ने कार मे सोना रखकर परिवहन करना स्वीकार किया. वाहन की तलाशी लेने पर एक प्लास्टिक थैला के अंदर 4 नग कच्चे सोना का टुकड़ा मिला. दोनों संदेहियो की निशानदेही पर दो और व्यक्तियों को घेराबंदी कर पकड़ा गया. संदेहियों के कब्जे में रखे थैला की तलाशी में विभिन्न प्रकार के सोने के आभूषण और 19,50,000 रुपए नगदी मिला. संदेहियों को सोने एवं नगदी रकम रखने के संबंध में धारा 91 जाफौ का नोटिस देकर कागजात पेश करने कहा गया है. जिनके पास कोई कागजात न होने पर धारा 102 के तहत जब्ती कार्रवाई की गई.वहीं महासमुंद की कोतवाली व सिघोडा पुलिस ने दो अलग-अलग प्रकरणों में 1 करोड़ 7 लाख 45 हजार मूल्य का 214.9 किलो गांजा जब्त किया।

आरोपी से 30 लीटर महुवा शराब व बाइक जप्त

पलारी/नवप्रदेश। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा अवैध जुआ सटटा एवं अवैध शराब के उपर त्वरित कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिये गये थे जिसके पालन मे थाना प्रभारी थाना गिधपुरी नरेश दीवान के कुशल नेतृत्व में धर पकड कार्यवाही हेतु स्टाप रवाना हुआ था कि 17 फरवरी को मुखबीर से सूचना मिला कि दो व्यक्ती ग्राम रोहँसी तरफ से ग्राम दत्तरेंगी की ओर शराब बिक्री करने हेतु परिवहन करते आ रहा है कि सूचना तस्दीक पर हमराह स्टाफ एवं गवाहान के रेड कार्यवाही कर आरोपी मुकेश मारकंडे पिता रामविलाश मारकंडे उम्र 21 साल ,नकुल मंडले पिता घनश्याम मांडले उम्र 19 साल साकिनान कानाकोट थाना पलारी को अवैध शराब के साथ रंगे हाथ पकड़े आरोपी से एक काला रंग के बैग मे 06 पॉलीथिन मे प्रत्येक मे 05-05 लीटर महुवा शराब, जुमला 30 लीटर कीमती 6000 रूपये एवं मोटर सायकल होंडा 125 क्रमांक छ्त्त22 1 7797 कीमती 40000 रूपये को समक्ष गवाहन के वजह सबुत मे जप्त कर कब्जा पुलिस मे लिया गया आरोपी का कृत्य अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट का घटित करना पाए जाने से आरोपी को गिरफतार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है ।

पत्नी के साथ दुष्कर्म होते देख पति ने डंडे से पीटकर मार डाला

जशपुर/नवप्रदेश। जशपुर जिले में दो लोग एक महिला से जबरन दुष्कर्म करने लगे तभी उसका पति आ गया और उसने उनमें से एक आरोपी की पीट-पीटकर हत्या कर दी। दोनों आरोपियों ने मिलकर एकसाथ सामूहिक दुष्कर्म किया था। दोनों मामले में पुलिस ने मामला दर्ज कर दुष्कर्म और हत्या के आरोपी को जेल भेज दिया है।

पीड़िता ने अपनी शिकायत में पुलिस को बताया कि, जब वो और उसका पति दोनों साथ-साथ पैदल आ रहे थे। उसी दौरान मेरे पति ने मुझे आगे जाने को कहा और फ्रेश होने के लिए पास के एक तालाब में चले गए। वह अपने घर की ओर जा रही थी उसी दौरान दो लोग आये और उन्होंने मुझे जबरन खींचकर मेरे साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। जब दूसरा आरोपी दुष्कर्म की घटना को अंजाम दे रहा था, तभी उसका पति आ गया और पास में ही पड़ी एक लकड़ी से पीट-पीटकर उसे मौत के घाट उतार दिया। हत्या के बाद जशपुर पुलिस ने दुष्कर्म के दोनों आरोपी दिलीप बड़ा और रामलाल के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

वहीं दुष्कर्म के आरोपी दिलीप बड़ा को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है। वहीं हत्या के मामले में दुष्कर्म पीड़िता के पति को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।

सिरपुर महोत्सव 24 से 26 फरवरी तक

सिरपुर/नवप्रदेश।/नवप्रदेश। सुप्रसिद्ध ऐतिहासिक और पुरातत्विक स्थल सिरपुर में माघ पूर्णिमा के अवसर पर तीन दिवसीय सिरपुर महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। यह महोत्सव 24 से 26 फरवरी तक चलने वाला है। सिरपुर महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रहेगी। लोंगों में सिरपुर महोत्सव को लेकर काफी उत्साह हैं। वहीं लेजर शो और इंडियन आइडल फेम की प्रस्तुति देखने को मिलेगी। महोत्सव के दौरान पहली बार महानदी आरती आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही प्रतिदिन शाम 4 से 6 बजे तक स्थानीय लोक कलाकारों को अपनी कला की प्रस्तुति देंगे। सिरपुर महोत्सव में स्थानीय और छत्तीसगढ़ी स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों की छटा बिखरेगी। इसके लिए प्रदेश के ख्याति प्राप्त लोक कला मंचों से सम्पर्क किया जा रहा है। राज्य के ख्यातिनाम कलाकारों में सुप्रसिद्ध गायिका आरू साहू, प्रख्यात गायक सुनील सोनी सहित अन्य कलाकारों से संपर्क किया जा रहा है। इसके अलावा सांस्कृतिक और ऐतिहासिक नगरी सिरपुर के पुरातात्विक इतिहास को लेजर शो के माध्यम से दिखाने की तैयारी चल रही है। महोत्सव के दौरान पहली बार महानदी आरती आयोजन किया जाएगा, इसके लिए भी तैयारी निर्देश दिए गए हैं। विभिन स्थलों में स्वागत गेट भी बनाया जाएगा। मंदिरों में आकर्षक लाइटिंग की जायेगी। सिरपुर महोत्सव के आयोजन स्थल पर साफ-सफाई, पार्किंग, शौचालय, पेयजल आदि की चाक चौबंद व्यवस्था की जा रही। श्रद्धालुओं के लिए स्नान कुंड भी बनाए जा रहे है। वहीं छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में 'लेट्स कोलैब क्रिएटर मीटअप 24 फरवरी को होने वाला है। जनसंपर्क विभाग क्रिएटर मीटअप का आयोजन करने जा रहा है। छत्तीसगढ़ संवाद भवन के ऑडिटोरियम में यह आयोजन किया जाएगा। इस दौरान सोशल मीडिया से संबंधित विषयों पर चर्चा की जाएगी। आयोजन के वक्त सोशल मीडिया क्रिएटर का सम्मान भी किया जाने वाला है।

जिला अस्पताल को एम्स की तर्ज पर मिलेगी सुविधा

स्वास्थ्य मंत्री ने सदन में किया इसका एलान

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिले वासियों को अब उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सुविधा मिलनी शुरू हो जाएगी. राजिम विधायक रोहित साहू ने विधानसभा के बजट सत्र में जिले की स्वास्थ्य समस्याओं को लेकर प्रश्न उठाया था. उन्होंने सदन में बताया था कि 13 वर्ष के हो चुके गरियाबंद जिला अस्पताल में जिला अस्पताल के अनुरूप आज भी सुविधाएं नहीं है. जिसके कारण जिले के लोगों को राजधानी के अस्पतालों पर निर्भर रहना पड़ता है. यहां तक कि ओडिशा सीमा पर बसे देवभोग मैनपुर के मरीज भी ओडिशा पर निर्भर हैं. कई बार समय पर इलाज नहीं मिल पाने के कारण कई लोगों की मौत हो जाती है. इसके बाद सदन में जवाब देते हुए स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने गरियाबंद जिला अस्पताल को आदर्श जिला अस्पताल बनाने घोषणा कर दी. विधायक रोहित साहू ने बताया कि इस योजना के तहत एम्स जैसी उच्चस्तरीय सुविधाएं स्थानीय नागरिकों को जल्द ही मिलनी शुरू हो जाएंगी. हम यह सुनिश्चित करने का प्रयास कर हैं कि लोगों को मदद और उचित इलाज मिल सके. इस कदम के माध्यम से जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाएगी और लोगों को आदर्श स्वास्थ्य सुविधा का लाभ मिलेगा. इससे न केवल स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार होगा, बल्कि जनता का सामाजिक और आर्थिक विकास भी होगा. नई सरकार आदर्श जिला के लिए राज्य के 7 जिलों का चयन करने जा रही है. जिसमें गरियाबंद जिला अस्पताल का नाम पहले क्रम पर है. विधायक ने सरकारी प्रतिनिधियों को जिले की स्वास्थ्य सुविधाओं की गंभीरता को समझने और समाधान के लिए कदम उठाने के लिए प्रेरित किया है. उन्होंने इस पहल के लिए स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार व्यक्त किया है.

किटू गिडवानी फीचर फिल्म मैडम ड्राइवर में आएंगी नजर

अर्थ, स्वाभिमान और फैशन जैसी फिल्मों से स्टारडम हासिल करने वाली एक्ट्रेस किटू गिडवानी निर्देशक इंद्रजीत नट्टोजी की अपकमिंग फीचर फिल्म मैडम ड्राइवर में नजर आने के लिए तैयार हैं। नट्टोजी ने कहा, मैडम ड्राइवर गुजरात की एक मध्यम आयु वर्ग की महिला की कहानी है, जब वह गाड़ी चलाना सीखती है, तो समाज के ताने-बानों का सामना करती है, नए रिश्ते बनाती है और स्वतंत्रता को अपनाती है। फीचर फिल्म में मनमोहिनी और बेहद 2 फेम अंकित सिवाच और एक्ट्रेस भावना पानी भी हैं। फिल्म का फर्स्ट लुक पोस्टर जारी कर दिया गया है। मैडम ड्राइवर कलाकार और फिल्म निर्माता इंद्रजीत नट्टोजी द्वारा निर्मित है, जो भारत के छोटे शहरों में महिलाओं की कहानियों को प्रदर्शित करते हैं।

रकुल प्रीत सिंह ने शेयर किया ग्लैमरस लुक

ऑफ शोल्डर ड्रेस में फ्लॉन्ट किया फिगर

बॉलीवुड एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह इन दिनों अपनी शादी की खबरों को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं. शादी की खबरों के बीच एक्ट्रेस का ग्लैमरस लुक वायरल हो रहा है. ब्राउन कलर की शिमरी ड्रेस में रकुल प्रीत सिंह बेहद खूबसूरत लग रही हैं. इंटरनेट पर रकुल के इस अवतार को काफी पसंद किया जा रहा है.

रकुल प्रीत सिंह के लेटेस्ट लुक की बात करें तो एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर अपना ग्लैमर लुक शेयर किया है. ब्राउन कलर की शिमरी ड्रेस में रकुल प्रीत सिंह बेहद खूबसूरत लग रही हैं. रकुल ने शिमरी ड्रेस के साथ लाइट मेकअप कैरी किया हुआ है. रकुल के फैंस उनके इस अवतार को काफी पसंद कर रहे हैं. ब्लैक और गोल्डन ऑफ शोल्डर ड्रेस में रकुल प्रीत सिंह बेहद ग्लैमरस लग रही हैं. रकुल ने अपने लुक को कंप्लीट करते हुए ब्राउन लिपस्टिक और ब्राउन स्मोकी आई मेकअप कैरी किया हुआ है. खुले बालों में एक्ट्रेस बेहद सिजलिंग लग रही हैं. रकुल प्रीत सिंह सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं. इंस्टाग्राम पर अपनी खूबसूरत और स्टाइलिश फोटो शेयर करती रहती हैं. उनका इंस्टाग्राम उनकी बोल्ड और स्टनिंग फोटो से भरा हुआ है. रकुल के फैंस उनके बोल्ड और स्टाइलिश लुक को काफी पसंद करते हैं.

एक्शन फिल्मों में महिलाओं का विकास प्रेरणादायक है : एमी जैक्सन

एमी जैक्सन अपनी अपकमिंग फिल्म क्रैक में सख्त पुलिस अफसर का किरदार निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि एक्शन फिल्मों में महिलाओं का विकास प्रेरणादायक है, क्योंकि उन्हें सिर्फ ग्लैमर तक सीमित नहीं रखा गया है।

एमी ने बताया, एक्शन फिल्मों में महिलाओं का विकास सशक्त है। यह देखना प्रेरणादायक है कि अब एक्ट्रेस केवल ग्लैमर तक सीमित रहने के बजाय मजबूत, प्रभावशाली भूमिकाएं निभा रही हैं। 2010 में तमिल फिल्म मद्रासपट्टिनम से अपनी शुरुआत करने वाली एक्ट्रेस ने कहा कि महिलाएं पर्दे पर पुरुष अभिनेताओं के बराबर प्रतिनिधित्व करना चाहती हैं। उन्होंने कहा, सभी उम्र की महिलाएं स्क्रीन पर प्रतिनिधित्व महसूस करना चाहती हैं और एक एक्ट्रेस को भूमिका निभाते हुए देखना चाहती हैं, क्योंकि सिनेमा में समानता के लिए आकर्षक होना महत्वपूर्ण है। आदित्य दत्त द्वारा निर्देशित अपकमिंग फिल्म में एमी अपने को-स्टार्स विद्युत जामवाल, अर्जुन रामपाल और नोरा फतेही के साथ स्टंट करती नजर आएंगी। जोखिम को देखते हुए एक एक्टर के लिए किसी भूमिका में कितना निवेश करना बहुत अधिक है? इस पर उन्होंने कहा, किसी भूमिका में स्पोर्ट्स और स्टंट के संतुलन को बनाए रखना जरूरी है। सुरक्षा को प्राथमिकता देना और सीमाओं का ध्यान रखना जरूरी है। विद्युत जामवाल जैसे अनुभवी एक्टर के साथ सहयोग करना पूरे अनुभव को बेहतर बनाता है। एक्शन कोरियोग्राफी को अंजाम देने में उनकी अद्वितीय विशेषज्ञता न केवल निर्देशक और कहानी में विश्वास पैदा करती है, बल्कि अभिनेताओं को अपने स्टंट खुद अपनाने के लिए भी सशक्त बनाती है।

बॉक्स ऑफिस पर वैलेंटाइन डे के बाद फिर लुढ़की तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया की कमाई

फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया का खूब प्रचार-प्रसार किया गया था, वहीं इसे देखने के लिए भी प्रशंसक बड़े बेताब हो रहे थे। इसके जरिए पहली बार शाहिद कपूर और कृति सैनन की जोड़ी दर्शकों के बीच आई। लिहाजा उत्साह होना लाजमी थी।हालांकि, फिल्म जब सिनेमाई पर्दे पर आई तो इसने कुछ कमाल नहीं किया। धीमी शुरुआत के बाद यह आगे बढ़ी और अभी तक फिल्म ने किसी भी दिन अपनी कमाई से चौंकाया नहीं है। रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म ने 6.7 करोड़ रुपये से अपना खाता खोला था। दूसरे दिन 9.65 करोड़ रुपये और तीसरे दिन इसने 10.75 करोड़ रुपये कमाए, लेकिन चौथे दिन इसकी कमाई घटकर 3.65 करोड़ रुपये रह गई।5वें दिन जहां फिल्म 3.85 करोड़ रुपये बटोर सकी, वहीं वैलेंटाइन डे यानी छठे दिन जाकर कमाई में इजाफा देखने को मिला। फिल्म ने 6.75 करोड़ रुपये छापे और अब फिर 7वें दिन फिल्म महज 3.25 करोड़ रुपये अपने खाते से जोड़ पाई। फिल्म ने भारत में कुल 44.6 करोड़ रुपये कमा लिए हैं, वहीं दुनियाभर में फिल्म 60 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर चुकी है।तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया ने 9 फरवरी को सिनेमाघरों का दरवाजा खटखटाया था। इस फिल्म के निर्देशन की कमान अमित जोशी और आराधना साह ने संभाली है, वहीं फिल्म के निर्माता दिनेश विजान हैं।

सिद्धु जोन्नालगड्डा की बहुप्रतीक्षित सीक्वल टिल्लू स्क्वायर का ट्रेलर रिलीज 29 मार्च को जारी होगी फिल्म!

स्टार बॉय सिद्दू जोन्नालगड्डा का फिल्म टिल्लू स्क्वायर का ट्रेलर जारी। बहुप्रतीक्षित तेलुगु फिल्म टिल्लू स्क्वायर के निर्माता एक आनंददायक और मनोरम सिनेमाई अनुभव का वादा करते हुए नाटकीय ट्रेलर का अनावरण करने के लिए रोमांचित हैं। यह ट्रेलर अपने बेहतरीन दृश्यों, तीव्र मनोरंजन और दिल को छू लेने वाले रोमांटिक तत्वों से आपको मंत्रमुग्ध कर देगा। जैसे ही ट्रेलर शुरू होता है, हमारा परिचय महिलाओं के एक समूह से होता है जो नायक टिल्लू को लड़कियों की कई तस्वीरें दिखाती है। हालाँकि, टिल्लू ने उनके प्रस्तावों को अस्वीकार कर दिया और राधिका के साथ अपनी असफल प्रेम कहानी को समझाने के लिए यात्रा पर निकल पड़ा।

सारा अली खान की मर्डर मुबारक का टीजर जारी, 15 मार्च को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी

करिश्मा कपूर एक बार फिर अपनी दमदार एक्टिंग का जलवा दिखाने आ रहीं है. दरअसल सोमवार को, नेटफ्लिक्स इंडिया ने एक टीज़र के साथ मर्डर मुबारक की रिलीज़ डेट अनाउंस कर दी है. सारा अली खान, करिश्मा कपूर, पंकज त्रिपाठी, संजय कपूर, टिस्का चोपड़ा, विजय वर्मा और सुहैल नैय्यर स्टारर इस फिल्म का निर्देशन होमी अदजानिया ने किया है. मर्डर मुबारक का आज टीजर रिलीज हो गया है. टीजर में पंकज त्रिपाठी पुलिस डिटेक्टिव के रोल में नजर आते हैं जो एक हत्या की जांच कर रहे हैं. उनकी नज़र सात संदिग्धों पर है - सारा अली खान जो दक्षिणी दिल्ली की राजकुमारी हैं, विजय वर्मा, जो चांदनी चौक का एक डेडली लवर हैं, करिश्मा कपूर, जो सस्पेंस फिल्मों की ड्रीम गर्ल हैं .वहीं डिंपल कपाड़िया, संजय कपूर और टिस्का चोपड़ा भी अतरंगी अंदाज में नजर आ रहे हैं.

पंकड त्रिपाठी कहते नजर आते हैं जो कत्ल करते हैं वो दिखते कैसे हैं? जैसे साउथ दिल्ली की शहजादी, या चांदनी चौक का तबाह दिल आशिक, सस्पेंस फिल्मों की पुरानी ड्रीम गर्ल या कोई रंगीली सिरफिरी सी आर्टिस्ट, वो जिसकी रग-रग में शाही खून भरे या कोई गॉसिप की तितली या पार्टियों का मच्छर, असल में ज्यादातर कातिल दिखने में दरिंदे नहीं होते. वे भी ऑर्डिनरी मेन और वुमन होते हैं. आपके मेरे जैसे हो सकता है कि इस वक्त हमारी बगल की कुर्सी पर बैठे मन ही मन मुस्कुरा रहे हों. खुद को बधाई दे रहों कि मर्डर मुबारक हो.

मर्डर मुबारक के इस टीजर के साथ ही फिल्म की रिलीज डेट भी अनाउंस कर दी गई है।

खेल -बिजनेस

टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने 'शानदार नई कार डिलीवरी सोल्यूशन' के साथ ग्राहक अनुभव को फिर से परिभाषित किया

बैंगलोर। 'ग्राहक सबसे पहले' के रुख और खरीदारी का शानदार अनुभव बनाने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर प्राइवेट लिमिटेड (टोयोटा किर्लोस्कर मोटर/टीकेएम) ने अपने ÷शानदार नई कार डिलीवरी सोल्यूशन÷ की शुरुआत की घोषणा की। यह एक ऐसी पहल है जिसे टीकेएम के अधिकृत डीलरों द्वारा उनकी बिक्री प्रक्रिया के एक भाग के रूप में लागू किया जाना है। नई पहल का उद्देश्य वाहन लॉजिस्टिक सेवाओं का विस्तार डिलीवरी टचप्वाइंट तक करना है। इसके तहत नई कारों को डिलीवरी की जगह तक बिना चलाये पहुंचाया जायेगा और डीलर के कर्मचारियों द्वारा चलाये जाने की संभावना को खत्म करना है। उद्योग में ऐसा सबसे पहले किया जा रहा है। नई पहल टोयोटा के डीलर के लिए यह संभव और आवश्यक करेगी कि नए वाहनों को डीलर के स्टॉकयार्ड से उनके बिक्री आउटलेट तक एक फ्लैट-बेड ट्रक पर ले जाया जाये न कि चलाकर। इस तरह नए वाहनों को सड़क पर चलाए बिना डीलरशिप के अंतिम डिलीवरी आउटलेट तक पहुंचना सुनिश्चित होगा। यह ग्रामीण और अर्ध-शहरी लोकेशन के लिए भी होगा जहां अंतिम मील की लॉजिस्टिक्स चुनौतियों का सामना करती है।

इस कार्यक्रम के पहले चरण के शुभारंभ के साथ, 26 राज्यों में 130 डीलरशिप के ग्राहक टोयोटा डीलरशिप पर कार खरीदने के शानदार और विश्वसनीय अनुभव का आनंद लेंगे। मुख्य आकर्षण में शामिल हैं:

बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप में भारत को गोल्डः महिला टीम ने पहली बार खिताब जीता

ऐसे चला फाइनल मुकाबला

पहले मुकाबले में पीवी सिंधु ने सुपानिडा काटेथोंग को 21-12, 21-12 से हराया। स्कोर 1-0 हो गया।

त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी ने जोंगकोलफान कितिथाराकुल और राविंडा प्राजोंगजई (डबल्स) के खिलाफ 21-16, 18-21, 21-16 से जीत दर्ज की। स्कोर 2-0 हो गया।

अस्मिता चालिहा को बुसानन ओंगबामरुंगफान ने 11-21, 14-21 से हराया। स्कोर 2-1 हो गया।

प्रिया और श्रुति की जोड़ी को बेन्यापा ऐम्साई और नुनताकर्ण ऐम्साई (डबल्स) के खिलाफ 11-21, 9-21 से हार का सामना करना पड़ा। स्कोर 2-2 हो गया।

17 साल की अनमोल खरब ने चोईकीवोंग पोर्नपिचा को 21-14, 21-9 से हराते हुए भारत को 3-2 की खिताबी जीत दिला दी।

सेमीफाइनल में जापान को 3-2 से हराया था

चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में शनिवार को भारत ने दो बार की चैंपियन जापान को 3-2 से हराया था। प्रतियोगिता के दूसरे सेमीफाइनल में थाईलैंड ने इंडोनेशिया को 3-1 से मात दी।

भारतीय विमेंस टीम ने क्वार्टर फाइनल में शुक्रवार को हांगकांग को 3-0 से हराया था। टीम ने पहली बार टॉप-4 में प्रवेश किया। इसी के साथ महिला टीम ने पहली बार टूर्नामेंट में मेडल पक्का कर लिया। अब भारत का मुकाबला जापान से होगा। टॉप सीड चीन को हराकर ग्रुप स्टेज में टॉप पर रहने के बाद भारत ने पीवी सिंधु, अस्मिता चालिहा और अश्विनी पोनप्पा तथा तनीषा क्रास्टो की डबल्स जोड़ी की जीत के दम पर हॉन्गकॉन्ग को हराया।

एक नजर

जडेजा के भारत में 200 टेस्ट विकेट पूरे

बेयरस्टो भारत के खिलाफ आठवीं बार जीरो पर आउट, जायसवाल ने की रोहित की बराबरी

इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन भारत ने 322 रन की बढ़त हासिल कर ली है। राजकोट में शनिवार को 207/2 के स्कोर से दिन की शुरुआत करने वाली इंग्लैंड की टीम पहली पारी में 319 रन पर ऑलआउट हो गई। रवींद्र जडेजा ने इस पारी में 2 विकेट लेने के साथ ही भारतीय मैदानों पर 200 टेस्ट विकेट पूरे कर लिए। उन्होंने फर्स्ट क्लास क्रिकेट में भी 500 विकेट का आंकड़ा पार कर लिया। दूसरी ओर भारतीय पेसर जसप्रीत बुमराह ने रिकॉर्ड 9वीं बार इंग्लैंड के दिग्गज बैटर जो रूट को पवेलियन भेजा।

टीम इंडिया ने बनाया छक्कों का वर्ल्ड रिकॉर्ड

ये बात तो पहले ही तय हो चुकी थी कि भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज रोमांचक होगी, क्योंकि इंग्लैंड की टीम का टेस्ट क्रिकेट खेलने का अंदाज अलग था। सीरीज की शुरुआत भी रोमांचक अंदाज में हुई, क्योंकि इंग्लैंड ने हैदराबाद में खेला गया पहला टेस्ट मैच 28 रनों के अंतर से जीता था। हालांकि, भारत ने विशाखापट्टनम में पलटवार किया और दूसरा टेस्ट जीतकर सीरीज में बराबरी कर ली। इसके बाद राजकोट में तीसरा टेस्ट मैच शुरू हुआ, जिसके चौथे दिन का खेल जारी है और यहां इंडिया और इंडियन प्लेयर्स ने रिकॉर्ड्स और वर्ल्ड रिकॉर्ड्स की बारिश कर दी है।

छक्कों का वर्ल्ड रिकॉर्ड : भारत की टीम ने एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा छक्के जड़ने का अपना ही वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ दिया है। यहां तक कि अभी सीरीज के दो मुकाबले बाकी हैं, लेकिन टीम के खिलाड़ी मिलकर अब तक 48 छक्के जड़ चुके हैं। इससे पहले भारत ने 2019 में 3 मैचों की टेस्ट सीरीज में साउथ अफ्रीका के खिलाफ47 छक्के जड़े थे। 43 छक्के पांच मैचों की एशेज सीरीज में इंग्लैंड ने पिछले साल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफजड़े थे और ऑस्ट्रेलिाय ने 2013/14 की एशेज सीरीज में 40 छक्के जड़े थे। भारतीय टीम अब अपने ही इस वर्ल्ड रिकॉर्ड को और पुख्ता करेगी।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ न्यूजीलैंड टेस्ट टीम का ऐलान

विलियमसन और साउदी अपना 100वां टेस्ट खेलेंगे; पहला मुकाबला 29 फरवरी से

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले जाने वाले दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए न्यूजीलैंड टीम का ऐलान हो गया है। सीरीज का पहला मैच 29 फरवरी से वेलिंग्टन में खेला जाएगा। दूसरा मैच 8 मार्च से खेला जाएगा, जो केन विलियमसन और कप्तान टिम साउदी के करियर का 100वां टेस्ट होगा। ऑस्ट्रेलिया टीम 21 फरवरी से न्यूजीलैंड दौरे पर रहेगी। टीम यहां 3 टी-20 और 2 टेस्ट खेलेगी।

पिछले साल ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ शानदार ऑलराउंडकर प्रदर्शन और प्लंकेट शील्ड में 22 विकेट लेने वाले स्कॉट कुगलेन को मौका मिला है। विलियम ओ%रूर्के भी टीम का हिस्सा हैं, जिन्होंने हाल ही में साउथ अफ्रीका के खिलाफ हेमिल्टन में टेस्ट डेब्यू पर 9 विकेट लिए थे।

टी-20 सीरीज के लिए भी टीम में बदलाव हुए

इसके अलावा टी-20 सीरीज के लिए भी न्यूजीलैंड टीम में बदलाव हुए हैं। मैट हैनरी और टिम सेफर्ट चोट के कारण सीरीज से बाहर हो गए हैं, उनकी जगह बेन सियर्स और विल यंग टीम में आए हैं। टिम साउदी (कप्तान), टॉम ब्लंडेल (विकेटकीपर), मैट हेनरी, स्कॉट कुगलेन, टॉम लैथम, डेरिल मिचेल, विलियम ओरूर्क, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रविंद्र, मिचेल सैंटनर, नील वैगनर, केन विलियमसन, विल यंग। मिचेल सेंटनर (कप्तान), फिन एलन, ट्रेंट बोल्ट (दूसरा और तीसरा मैच), मार्क चापमैन, जोश क्लार्कसन, डेवोन कॉन्वे, लॉकी फर्ग्यूसन, एडम मिल्ने, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रवींद्र, बेन सीयर्स, ईश सोढ़ी, टिम साउथी (पहला मैच) , विल यंग।

MI एमिरेट्स ने जीता ILT-20, खिताबी मुकाबले में दुबई कैपिटल्स को 45 रन से हराया

पूरन-फ्लेचर के अर्धशतक

MI एमिरेट्स ने पहली बार इंटरनेशनल लीग टी-20 लीग (ILT-20) जीत ली है। MI एमिरेट्स ने खिताबी मुकाबले में दुबई कैपिटल्स को 45 रन से हराया। दुबई में शनिवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में दुबई कैपिटल्स ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। MI एमिरेट्स ने बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 3 विकेट पर 208 रन बनाए। जवाब में दुबई ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 163 रन ही बना सका। एमिरेट्स के कप्तान निकोलस पूरन और आंद्रे फ्लेचर ने अर्धशतक लगाए। वहीं, विजयकांत वियासकांत और ट्रेंट बोल्ट ने 2-2 विकेट लिए। एमिरेट्स के लिए पारी की शुरुआत मुहम्मद वसीम और कुसल परेरा ने की। वसीम 43 रन और परेरा 38 रन बना कर आउट हुए। इसके बाद आंद्रे फ्लेचर आए और उन्होंने 53 रन की पारी खेली। उनका साथ निकोलस पूरन ने दिया। दोनों के बीच 56 रन की साझेदारी हुई। फ्लेचर के बाद किरोन पोलार्ड आए और पूरन का साथ दिया। पूरन पर धीरे खेल रहे थे, उन्होंने 15 बॉल में 18 रन ही बनाए थे, लेकिन डेथ ओवर में उन्होंने 12 बॉल में 39 रन स्कोर किए। इसके साथ ही पूरन ने कुल 57 रन बनाए और नाबाद रहे। पोलार्ड भी 9 रन बना कर नाबाद रहे। दुबई कैपिटल्स बड़ी साझेदारी करने में नाकाम रहे। ओपनिंग करने उतरे लुस डु प्लॉय 0 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, तीसरे नंबर पर आए टॉम एबेल भी 14 रन ही बना सके।

न्यूज गैलरी

अवैध महुआ शराब की जप्ती

कोरबा/नवप्रदेश। कोरबा जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के द्वारा जिले में किसी भी प्रकार के अवैध नशा पर प्रभावी कार्यवाही के अभियान चलाकर अवैध शराब, गांजा एवं अवैध नशीली पदार्थ के विरुद्ध सख्ती से कार्यवाही करने निर्देश दिया गया हैं। इसी कड़ी में बांगो थाना क्षेत्र में मुखबीर द्वारा सूचना मिली की ग्राम पोड़ी-उपरोड़ा में एक महिला के घर अवैध महुआ शराब रखी हुई हैं, सुचना पर बांगो पुलिस द्वारा छापेमारी कर 15 लीटर महुआ अवैध शराब जप्त कर थाना बांगो के अपराध क्रमांक 38/24 धारा 34 (2), 59 (क) आब. एक्ट तहत कार्यवाही की गयी। उक्त कार्यवाही में प्रभारी कृष्ण वर्मा, सउनि सुखलाल सिदार, गजेंद्र बिंझवार, जीवंती लकड़ा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

70 लीटर अवैध डीजल बरामद

कोरबा/नवप्रदेश। कोरबा जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी द्वारा क्षेत्र में हो रहे अवैध कबाड़, डीलज शराब, के विरुद्ध सख्त कार्यवाही के संबंध में दिये गये निर्देशों के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नेहा वर्मा, अनुविभागीय पुलिस अधिकारी पंकज ठाकुर के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी पाली द्वारा अपने मातहत कर्मचारियों के साथ अवैध डीजल पर कार्यवाही की गई। मुखबीर से अवैध रुप से डीजल रखने की सूचना मिलने पर हमराह स्टाफ के सूचना तस्दीक पर रवाना हुआ जो थाना पाली के बाईपास सराईपाली के एक ढाबा पर 70 लीटर डीजल मिलने पर कथित आरोपी को समक्ष गवाहन के जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। धारा 41 (1-4) जा.फौ./379 भादवि के तहत कथित आरोपियों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही कर जेल भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक चमन लाल सिन्हा, स.उ.नि. पुरूषोत्तम सिंह उईके, प्रधान आरक्षक 38 शिव कुमार डहरिया, आरक्षक 654 शैलेन्द्र तंवर, आरक्षक 460 आशिष साहू की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

कुंए में मिली वृद्ध की लाश

कोरबा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश के कोरबा जिले में मानिकपुर चौकी अंतर्गत ग्राम ढेलवाडीह निवासी बसंत कुमार खड़िया के घर की बाड़ी में मौजूद कुएं में एक 55 वर्षीय वृद्ध व्यक्ति की लाश पाई गई है। मृतक का नाम बाबू राम बताया जा रहा हैं, जो शुक्रवार से लापता था। मृतक का घर घटना स्थल से कुछ ही दूरी पर स्थित हैं। कुंए में बाबू राम का शव तैरते हुए देखे जाने के बाद पुलिस को सूचना दी गई, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरु कर दी है। बाबू राम की मौत कैसे और किन परिस्थितियों में हुई है पुलिस इसकी जांच कर रही है।

जिला पुलिस अधीक्षक ने किया कई पुलिसकर्मियों का तबादला

कोरबा/नवप्रदेश। शहरी क्षेत्र में पुलिसिंग व कार्य में कसावट लाने के लिए कोरबा जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने अपनी पदस्थापना के बाद पहली तबादला सूची जारी की। जिसमें शहरी क्षेत्र के तीन व ग्रामीण क्षेत्र के एक थाने के प्रभारी को बदला गया। जारी सूची के अनुसार निरीक्षक द्वय अभिनवकांत सिंह व नितिन उपाध्याय को एक-दूसरे के स्थान पर भेजा गया है। निरीक्षक अभिनवकांत सिंह बालकोनगर थाना प्रभारी बने हैं। जबकि निरीक्षक नितिन उपाध्याय सिटी कोतवाली के थानेदार पदस्थ किये गए हैं। बताया जा रहा हैं की सीएसईबी कालोनी में एएसआई राकेश गुप्ता के घर हुई बड़ी चोरी के बाद कालोनी में दोबारा चोरी होने व पूर्व में लगातार चोरी की घटना की वजह से सिविल लाइन थाना की महिला प्रभारी निरीक्षक किरण गुप्ता को पुलिस लाइन भेजा गया। हालांकि किरण गुप्ता ने निजी कार्य से तबादला आदेश से पहली ही छुट्टी ले ली थी। इसी तरह पुलिस मुख्यालय से एक दिन पहले जारी तबादला आदेश में कोरबा पदस्थ किए गए निरीक्षक भानुप्रताप साय को आमद से पहले ही सिविल लाइन थाना प्रभारी बना दिया गया है।

भारी मात्रा में महुआ शराब जप्त

महासमुंद/नवप्रदेश। अवैध रूप से आसवित महुआ शराब के उपभोग से संभावित जनहानि को रोकने तथा आबकारी राजस्व की सुरक्षा के मद्देनज़र आबकारी वृत्त सरायपाली के द्वारा कच्ची शराब के विरुद्ध सतत कार्रवाई की जा रही है। शनिवार को मुखबीर सूचना के आधार पर आबकारी टीम सरायपाली के द्वारा ग्राम अमलीपदर थाना- बलौदा के रिंकू कुम्हार उम्र 34 वर्ष के कब्जे से अवैध कच्ची हाथ भट्टी महुआ शराब कुल मात्रा 150 लीटर जप्त कर आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2), 59(क) के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय से रिमांड प्राप्त कर जेल दाख़िल किया गया है। उक्त कार्रवाई आबकारी वृत्त सरायपाली प्रभारी सहायक जिला आबकारी अधिकारी उत्तम बुद्ध भारद्वाज के नेतृत्व में की गई।

वनभूमि का अधिकार पत्र के बदले रुपए मांगने का आरोप

कोरबा/नवप्रदेश। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में तथा वनांचल क्षेत्रों में बरसों से निवासरत परिवारों को राज्य सरकार ने वन भूमि का अधिकार पत्र दिया है तो वहीं बालको नगर के आसपास ऐसे कुछ मामलों में लोगों ने डिप्टी रेंजर पर रुपए मांगने का आरोप लगाया है। इस मामले के लिखित शिकायत कलेक्टर से की गई है। शुक्रवार को सराईपाली गांव के रहने वाले लोग अपनी शिकायत को लेकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। जिला कार्यालय पहुंचे लोग बालको नगर वन परिक्षेत्र के नजदीकी गांव के रहने वाले हैं। इन लोगों की शिकायत है कि सरकार ने इन्हें वन अधिकार पत्र तो दे दिया है लेकिन अब वह अपनी ही जमीन को खेती किसानी करने लायक बनाने के चक्कर में अवैध वसूली का शिकार हो रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क के नजदीक उनकी जमीन है। राजस्व का दायरा भी यहां से लगा हुआ है ।

लाल गलियारों में लाल हो जाते हैं अफसर और कॉन्ट्रेक्टर

- डब्लूएमएम सोल्डर किया नहीं, फर्जी रिपोर्ट
- तैयार की, निकाल लिए पौने चार करोड़
- पीएमजेएसवाई के अफसरों ने ठकेदार के साथ मिलकर दिया आर्थिक अपराध को अंजाम

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। लाल आतंक तो दक्षिण बस्तर में अफ़सरों और ठेकेदारों के लिए सोने पर सुहागा जैसा है। अफ़सर और ठेकेदार लालआतंक का हावाला देकर बड़े फर्जीवाड़े को अंजाम देते हैं। एक ऐसा ही मामला कुआकोंडा ब्लॉक की अंदरू नी पंचायत हिरौली से सामने आया है। यहां एक सडक़ पूरी तरह से भ्रष्टाचार से सनी है। इस सडक़ पर अभी डामर नही चढा है और पौने चार करोड़ रुपए अफ़सरों ने फर्जी रिपोर्ट तैयार कर निकाल दिए है। इस बड़े आर्थिक अपराध को अंजाम देने वाला विभाग पीएमजेएसवाई है। इतनी सफाई से इस भ्रष्टाचार को अंजाम दिया गया है, लोग दातों तले उगलियां दबा ले। इस सडक़ को 2009-10 में डब्लूएमएम सोल्डर के साथ दो कोड में हिरोली से डोकापारा की सडक़। अब पीएमजेएसवाई ने नए सिरे से रिपोर्ट तैयार की, नई मिट्टी-मुरुम बताकर पौने चार करोड़ रुपए निकाला गया है। 4 करोड़ 40 लाख रुपए का पूरा काम है। पीएमजेएसवाई ने नए सिरे से रिपोर्ट तैयार की, नई मिट्टी-मुरुम बताकर रोकड़ा निकाला है। इस सडक़ का कार्य जिला निर्माण समिति से हुआ है। कार्य ऐजंसी पीएमजेएसवाई को बनाया गया है।

छह किमी की सडक़ में सिर्फ भ्रष्टाचार हुआ

इस सडक़ में सिर्फ भ्रष्टाचार हुआ है। छह किमी की सडक़ तैयार हो रही है। नई सडक़ का इस्टीमेट तैयार हुआ है और मूल्यांकन भी उसी तरह से किया गया है। पुरानी सडक़ में गिटी को छींट कर अफ़सर और ठेकेदार ने अर्थिक अपराध को अंजाम दिया है। डब्लूएमएम सोल्डर के साथ दो कोड में पहले से तैयार की गई थी हिरोली से डोकापारा की सडक़। अहम बात यह है इस सडक़ को दो भागों में बांटा गया। 1 करोड़ 98 लाख और दूसरा भाग भी ठीक इतनी रकम का है। इन दोनों भागों का टेंडर 20 प्रतिशत अधिक है।

गांव वालों ने कहा खेत से खोद दी मिट्टी

हिरोली पंचायत के ग्रामीणों का कहना है कि ठेकेदार ने मनमाने तरीके से काम किया है। खेतों की मिट्टी को खोदकर सडक़ किनारे डाला गया। कई पेड़ा को उखडक़र फेंका गया। इस बात को लेकर जब ठेकेदार से कहा तो उसने कहा सडक़ बनने के बाद लेबल करगें। पिछ्ले एक साल से सडक़ का निर्माण करवाया जा रहा है। इस बार जो सडक़ किनारे खेतों में फ़सल उगाते थे आधी बर्बाद हुई है। गांव के लोगों को अभी सडक़ भी नही मिली और भारी दिक्तों का सामना करना पड़ रहा है। इतना ही नहीं उनका कहना है पेड़ उखाड़ के फेंके गए और खेत बर्बाद कर दिए गए कुछ तो उन पीड़ितों को मुआबजा प्रशासन को देना चाहिए था। गांव के लोग कहते है कि बोल्डर की सडक़ तो पहले से ही बनी हुई थी। हिरौली सरपंच का कहना है कि गांव में सडक़ पहले से ही बनी हुई थी। सडक़ किनारे किसानों के खते से मिट्टी खोदी गई है और डाल दी गई है। सडक़ को चौड़ाकर उपर से गिट्टी डाली गई। यहां बोल्डर डाल कर सडक़ को तैयार नहीं किया गया है। पहले से ही बनी सडक़ पर डामरीकरण करवाया जा रहा है।

> हिरोली - डोकापारा सडक़ का निर्माण चल रहा है। इस सडक़ को टेंडर दो भागों में लगा है। नए सिरे से सडक़ को बनाया जा रहा है। एक करोड़ 98 लाख का एक काम है। डब्लूबीएम कार्य पूरा हो चुका है। अब डामरीकरण चल रहा है। वहां कोई सडक़ पहले से नहीं थी। जो भी कार्य हुआ है, वह नए सिरे से ही हो रहा है।
>
> **डी एस सिदार ईई, पीएमजेएसवाई दंतेवाड़ा**

कांग्रेस के जिला स्तरीय बड़े नेता का कारनामा

हिरौली से डोकापारा सडक़ में हुए भ्रष्टाचार को अंजाम देने में कांग्रेस के जिला स्तरीय बड़े नेता का नाम सामने आ रहा है। कांग्रेस की सरकार रहते अफ़सरों पर दबाव बनाकर इस अर्थिक अपराध को अंजाम दिया गया है। इस सडक़ के लिए पीएमजेएसवाई के अधिकारियों ने नियमो को ताख पर रख कर फर्जी रिपोर्ट तैयार की है। पंचायत की सडक़ को कागजों में न होने का जिक्र किया है। भ्रष्टाचार अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है चार करोड़ 40 लाख की सडक़ से पौने चार करोड़ रुपए निकल चुके है। इस सडक पर अभी डामरीकरण की शुरूआत तक नही हुई है।

आंबेडकर अस्पताल से हटाए गए लड़खड़ाने वाले व्हील चेयर

रायपुर/नवप्रदेश। गंभीर अवस्था में इलाज की खातिर आंबेडकर अस्पताल आने वाले मरीजों को राहत मिलने लगी है। सालों से उपयोग होने की वजह से जर्जर स्थिति में आ चुके व्हील चेयर को मरम्मत के लिए का भेज दिया गया है। इमरजेंसी यूनिट में नए और वार्डो सहित अन्य स्थानों पर उपयोग के लिए ठीक स्थिति वाले व्हील चेयर का इंतजाम किया गया है। फ्रैक्चर की स्थिति में लड़खड़ाते हुए व्हील चेयर से मरीजों को होने वाली समस्या के संबंध में हरिभूमि की खबर को संज्ञान में लेते हुए आंबेडकर अस्पताल प्रबंधन ने इन्हें हटाने का फरमान जारी किया था, जिस पर कार्रवाई शुरू हो चुकी है। जानकारी के मुताबिक जांच कर बेहद खराब स्थिति में आ चुके व्हील चेयर हो हटा दिया गया है।

इसके साथ सुधार की गुंजाइश वालों को मरम्मत के लिए भिजवा दिया गया है। ठीक हालत और मरीजों की परेशानी का कारण नहीं बनने वालों को वार्डों सहित अन्य हिस्सों में उपयोग के लिए रखा गया है। गंभीर स्थिति में इलाज के लिए अस्पताल आने वाले मरीजों के लिए इमरजेंसी यूनिट में दान में मिले नए व्हील चेयरों को रखा गया है, जिसकी मदद से मरीजों को इलाज और जांच की सुविधा दी जा रही है। आंबेडकर अस्पताल में इलाज के लिए प्रतिदिन डेढ़ हजार से अधिक मरीज पहुंचते हैं, जिनमें से तीस प्रतिशत मरीजों को इलाज के दौरान व्हील चेयर की आवश्यकता पड़ती है।

प्रस्ताव में शामिल

पिछले दिनों निरीक्षण के लिए स्वास्थ्य मंत्री आंबेडकर अस्पताल पहुंचे थे। उन्होंने समस्याओं के बारे में जानकारी लेने के बाद आवश्यक उपकरण सहित अन्य संसाधन की खरीदी के लिए प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजने के निर्देश दिए थे। इस आधार पर अस्पताल प्रबंधन ने प्रस्ताव तैयार करने का काम शुरू कर दिया है। रेडियोलॉजी संबंधी जांच के साथ व्हील चेयर और स्ट्रेचर की खरीदी के लिए भी राशि स्वीकृत करने प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है।

आईकार्ड का सिस्टम

अस्पताल में मरीजों के उपयोग में लाए जाने वाले व्हील चेयर इधर-उधर गुम ना हो, इसके लिए अस्पताल प्रबंधन द्वारा नया सिस्टम भी बनाया गया है। मरीज के अटेंडरों से व्हील चेयर अथवा स्ट्रेचर ले जाने के दौरान परिचय पत्र जमा करवाया जा रहा है। इसके साथ ही उन्हें इस बात की नसीहत भी जा रही है कि व्हील चेयर अथवा स्ट्रेचर को उसी स्थान पर लाकर छोड़ा जाए, जिस स्थान से उसे ले जाया जा रहा है। मरीजों की सुविधा के लिए स्ट्रेचर और व्हील चेयर इमरजेंसी गेट के बाहर रखे गए हैं।

नशे के काले कारोबार का किया गया भंडाफोड़

- पुलिस की छापेमारी में नशीली दवाओं का जखीरा बरामद

रायगढ़/नवप्रदेश। जिले में फ्लफूल रहे नशे के कारोबार पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है. पुलिस ने छापेमारी में प्रतिबंधित दवाओं का जखीरा बरामद किया है. वहीं नशीली इंजेक्शन, प्रतिबंधित कैप्सूल और सिरप बेचने वाले स्थानीय डीलर, उड़ीसा के मेडिकल स्टोर के संचालक समेत नशे की सामग्री खरीदी-बिक्री करने वाले 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है. आरोपियों के कब्जे से 14.75 लाख की नशीली दवाएं और 1 लाख 20 हजार रुपये का 6 किलो गांजा जब्त किया है. यह कार्रवाई नडीपीएस एक्ट के तहत की गई है.

कोतवाली थाना क्षेत्र में 3 आरोपी गिरफ्तार किये गए हैं. आरोपियों के पास से नशीली दवा ब्युट्रम एम्प्युलि- 435 नग, नशीली दवा एस.पी. ट्रेमाडोल -416 नग जब्त किया गया है. जिसकी कीमत 1 लाख 27 हजार 650 रूपये है. घासी राम सिदार पिता ननकी राम सिदार उम्र 54 वर्ष निवासी धांगरडिपा शीतला मंदिर के पास थाना कोतवाली (स्थानीय डीलर) सुरेश वर्मा पिता महतु वर्मा उम्र 25 साल निवासी कयाघाट मुक्तिधाम के सामने थाना जूटमिल (बेचने वाला) दिलीप सिंह राजपूत पिता पितांबर सिंह राजपूत उम्र 32 साल निवासी जूटमिल बाजीनपाली महरापारा थाना जूट मिल (बेचने वाला) वहीं जूटमिल थाना क्षेत्र में भी 3 आरोपी गिरफ्तार किये गए हैं.

कांग्रेस बैंक खाते फ्रिज करने पर विरोध में प्रदर्शन आज

रायपुर/नवप्रदेश। कांग्रेस 19 फरवरी को मोदी सरकार खिलाफ प्रदेशव्यापी विरोध प्रदर्शन करने का ऐलान किया है। केंद्र की ओर से कांग्रेस के बैंक खातों को फ्रीज करने को लेकर पीसीसी चीफ दीपक बैज ने निर्देश जारी किया है। उन्होंने कहा कि, मोदी सरकार विपक्षी दलों की लोकतांत्रिक गतिविधियों और सांगठनिक गतिविधियों पर तानाशाहीपूर्वक रोक लगाना चाहती है। इसलिए बिना किसी वैध कारण के भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस और भारतीय युवा कांग्रेस के बैंक खातों को फ्रीज करके एक अभूतपूर्व और क्रूर कदम उठाया है।

जारी निर्देश में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और सांसद दीपक बैज ने तानाशाही बताते हुये कहा कि, मोदी सरकार विपक्षी दलों की लोकतांत्रिक गतिविधियों और सांगठनिक गतिविधियों पर तानाशाहीपूर्वक रोक लगाना चाहती है, इसीलिये बिना किसी वैध कारण के भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस और भारतीय युवा कांग्रेस के बैंक खातों को फ्रीज करके एक अभूतपूर्व और क्रूर कदम उठाया है।

लोकतांत्रिक मूल्यों पर बताया हमला

यह कदम लोकसभा चुनावों से ठीक पहले उठाया गया है, जिससे हमारी लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं की अखंडता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए है। कांग्रेस के खातों को फ्रीज करना, जिसमें क्राउड फंडिंग अभियान से जुड़े खाते भी शामिल है, न केवल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की वित्तीय स्थिरता पर हमला है, बल्कि हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों पर भी एक जबरदस्त हमला है।

पीएम मोदी और बीजेपी सरकार पर साधा निशाना : बैज ने आगे कहा कि, भाजपा चाहती है कि, उसके अतिरिक्त किसी भी अन्य राजनैतिक दल के पास किसी भी तरह का कोई संसाधन न रहे। कॉर्पोरेट से सांठगांठ और अनुचित दबाव बनाकर मोदी सरकार के विगत 10 वर्षो में भाजपा ने बेहिसाब धन की उगाही की है उस पर कोई सवाल नहीं, वहीं दूसरी ओर कांग्रेस के उन बैंक खातों को जिसमें क्राउट फंडिंग की राशि जमा हुई है जिसमें 95 प्रतिशत राशि 100 रूपए से कम की है उन तक पर रोक लगाना दुर्भावना और षड्यंत्र का प्रमाण है।

कल 11 बजे से शुरू होगा प्रदर्शन

कांग्रेस पार्टी अलोकतांत्रिक कदम के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निदेर्शानुसार प्रदेश के समस्त जिला/शहर कांग्रेस कमेटियां 19 फरवरी को सुबह 11 बजे से जिला मुख्यालयों के आयकर कार्यालयों के सामने बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन आयोजित किया जायेगा। 19 फरवरी 2024 को आयोजित विरोध-प्रदर्शन में मोर्चा संगठन, प्रकोष्ठ, विभाग, स्थानीय निर्वाचित जनप्रतिनिधियों व कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल होंगे।

एमईएआई और एनएमडीसी ने किया राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

हैदराबाद/नवप्रदेश। उद्योग के सतत विकास की दिशा में सार्थक प्रगति करते हुए 'उन्नत लौह अयस्क बेनीफिशिएशन और सुस्थिर निम्न श्रेणी के लौह अयस्क उपयोग' पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन शनिवार को हुआ। लौह अयस्क प्रसंस्करण के भविष्य की ओर बढते हुए, इस सेमिनार का आयोजन माइनिंग इंजीनियर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया, हैदराबाद चैप्टर और देश के सबसे बड़े लौह अयस्क उत्पादक- एनएमडीसी द्वारा किया गया था।

इसके समापन समारोह में, मुख्य अतिथि श्री अमिताभ मुखर्जी, सीएमडी (अतिरिक्त प्रभार) एनएमडीसी ने कहा, 'उन्नत लौह अयस्क बेनीफिशिएशन और सुस्थिर निम्न श्रेणी के लौह अयस्क उपयोग÷' हमारे उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण चुनौती और अवसर का प्रतिनिधित्व करता है। एनएमडीसी में हमारा विशेष ध्यान अधिकतम संसाधन उपयोग और पुनर्चक्रण पर है। ईएसजी के प्रति वचनबद्ध रहते हुए नवाचार और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण से सीमाओं को पार करते हुए, हम न केवल वर्तमान की मांगों को पूरा कर सकते हैं, बल्कि लौह अयस्क उद्योग के लिए एक मजबूत और जिम्मेदार भविष्य भी सुरक्षित कर सकते हैं।

समारोह में सम्मानित अतिथि एमईएआई के अध्यक्ष श्री एस. एन. माथुर; एनएमडीसी के पूर्व सीएमडी श्री पी. आर. त्रिपाठी और एमईएआई के महासचिव श्री एम. नरसैया के साथ पीठासीन अधिकारी एवं अध्यक्ष एमईएआई, हैदराबाद चैप्टर श्री विनय कुमार, निदेशक (तकनीकी) एनएमडीसी भी उपस्थित थे।

संगोष्ठी में दो दिनों के दौरान तीन तकनीकी सत्र आयोजित किए गए और विद्यार्थियों, शोधकर्ताओं और हैदराबाद विश्वविद्यालय,आईआईटी खड़गपुर, आईआईटी मद्रास, एनएमडीसी, एएम/एनएस, टाटा स्टील, जेएसडब्ल्यू और एमएसपीएल से उद्योग के विशेषज्ञों द्वारा 14 पेपर प्रस्तुत किए गए । निर्णायक पैनल चर्चा में आगे की राह और आवश्यक नीतिगत हस्तक्षेप पर विचार-विमर्श किया गया ।

इस अवसर पर एमईएआई, हैदराबाद चैप्टर और एनएमडीसी द्वारा भारतीय खनन उद्योग के दिग्गजों श्री वी.एस. राव, पूर्व अध्यक्ष, एमईएआई; श्री के.के. बीरन, पूर्व अध्यक्ष, एमईएआई; श्री पी.आर. त्रिपाठी, पूर्व सीएमडी, एनएमडीसी; श्री एस.के. अग्रवाल, पूर्व सीएमडी (प्रभारी), एनएमडीसी; श्री मुरली मनोहर, पूर्व निदेशक (वाणिज्य), एनएमडीसी; और श्री वी.डी. राजगोपाल, पूर्व अध्यक्ष, एमईएआई को उनके मूल्यवान योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

जंगल सफारी में लापरवाही : चौसिंगा के बाद अज्ञात कारण ले मीरकैट की मौत

रायपुर/नवप्रदेश। जंगल सफारी में थोक के भाव में चौसिंगा की मौत का मामला शांत नहीं हुआ है, इसके पूर्व जंगल सफारी में मैसूर जू से लाए एक जोड़ी मीरकैट की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। एनिमल की मौत होने के बाद सफारी में वन्यजीवों के स्वास्थ्य की रक्षा करने वाले डॉक्टर को मीरकैट की मौत की खबर कई दिन बाद हुई। मीरकैट की लाश सड़ने के बाद बदबू आने पर सफारी के डॉक्टर को वन्यजीव की मौत की जानकारी मिली। इसके बाद एनिमल का पोस्टमार्टम कर दफना दिया।

गौरतलब है कि, दक्षिण आफ्रीका में पाए जाने वाले नेवला प्रजाति के वन्यजीव मीरकैट को सफारी प्रबंधन एक वर्ष पूर्व मैसूर जू से लेकर आया था। वन्यजीव को सफारी में लाने वन अफसरों को काफी मशक्कत करनी पड़ी, तब कहीं जाकर एनटीसीए तथा सीजेडए की टीम ने मीरकैट को मैसूर से जंगल सफारी लाने की अनुमति प्रदान की। सीजेडए से अनुमति मिलने के बाद भी मैसूर जू प्रबंधन मीरकैट को हैंडओवर करने को तैयार नहीं था। इसके लिए अफसरों को मैसूर जू प्रबंधन के साथ लंबी वार्ता करनी पड़ी, तब कहीं जाकर मैसूर जू प्रबंधन ने मीरकैट को ले जाने की अनुमति प्रदान की।

मौत की जानकारी नहीं होना बड़ी लापरवाही

सूत्रों के मुताबिक मीरकैट की मौत पिछले महीने ही हो गई। मौत किन कारणों से हुई है, उन कारणों की जानकारी वन अफसरों को नहीं है। सफारी में जहां वन्यजीवों को रखते हैं, उसके आसपास बदबू आने पर डॉक्टर ने बाड़ों की जांच की, तो पता चला कि जिस बाड़े में मीरकेट रह रहे थे, वहां उसकी लाश मिली। मीरकैट की लाश पूरी तरह से सड़ चुकी थी। इस वजह से पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मीरकेट की मौत के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

बाघ से लेकर हाथी को 12 टुकड़ों में काटा गया

छत्तीसगढ़ के इतिहास में किसी बाघ की करेंट से शिकार करने की घटना एक माह पूर्व सारंगढ़-बिलाईगढ़ वनमंडल के गोमर्डा अभयारण्य में हुई है। इसके साथ ही सूरजपुर वनमंडल में एक हाथी की करंट से मौत के बाद उसे 12 टुकड़ों में काटकर दफनाने की घटना घटित हो चुकी है। इसी तरह सूरजपुर में विचरण कर रहे प्यारे हाथी की मौत पिछ्ले वर्ष हुई थी, जिसे वन अफसरों ने चोरी छिपे पोस्टमार्टम कर दफना दिया था। इन मामलों में भी दोषी वन अफसरों के खिलाफ कोई जिम्मेदारी तय नहीं की गई। कार्रवाई के नाम पर गोमर्डा में एक वनरक्षक को निलंबित किया गया है।